www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

11 जून, 2023
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 231


बंगाल पंचायत चुनाव
रणक्षेत्र बना डोमकल
टीएमसी और कांग्रेस-वाम समर्थक भिड़े








## झारखंड राज्य समन्वय समिति की पहली बैठक में 12 बिंदुओं पर चर्चा

# सरना धर्म कोड पर राष्ट्रपति से मुलाकात करेगी समिति

- मॉब लिंचिंग कानून, ओबीसी आरक्षण समेत कई मुद्दे उठे
- सदस्यों ने कहा, हेमंत सरकार जनहित में कर रही काम
- राजभवन और हाइकोर्ट का दुरुपयोग कर रही है भाजपा

सुनील कुमार सिंह

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य समन्वय समिति की शनिवार को रांची में शिबू सोरेन के आवास पर पहली बैठक हुई। इसमें 12 एजेंडों पर चर्चा हुई। इनमें मॉब लिंचिंग कानून बनाने, ओबीसी आरक्षण बढ़ाने को लेकर फिर से प्रस्ताव राजभवन को भेजने और सरना धर्म कोड के मुद्दे पर राष्ट्रपति से मुलाकात करने का फैसला लिया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शिबू सोरेन ने की। इसमें मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, बंधु तिर्की, योगेंद्र महतो, फागू बेसरा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। बैठक के बाद समिति के सदस्य विनोद पांडेय और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हेमंत सरकार जनहित में काम कर रही है, पर भाजपा का आचरण ठीक नहीं है। बैठक में कहा गया कि सरना धर्म कोड आदिवासियों की भावनाओं से जुड़ा है। बैठक में तय हुआ कि एक उच्च स्तरीय कमिटी का गठन किया जायेगा। यह समिति राष्ट्रपति और केंद्रीय नेताओं से मिलकर सरना धर्म कोड लागू कराने की मांग करेगी।

**राज्य हित में कदम उठाने की अपील :** स्थानीय नीति और ओबीसी आरक्षण पर उन्होंने कहा कि विधानसभा से इन दोनों विधेयकों को राजभवन भेजा गया था। राजभवन ने इन्हें वापस भेज दिया। हाइकोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। इससे राज्य के युवाओं और एसटी, ओबीसी वर्ग से जुड़े लोगों का हित प्रभावित हुआ। विनोद पांडेय ने इन नीतियों की समीक्षा करने और लागू करने की अपील सरकार से की। उन्होंने कहा कि नियोजन नीति का मामला राज्य के युवाओं से जुड़ा है। विद्यार्थियों को सरकार से उम्मीदें भी हैं। इसलिए सरकार इस पर पहल करे। समिति ने राज्य सरकार को सलाह दी है कि स्थानीय नीति की त्रुटियों को दूर कर जल्द से जल्द इसे लागू करे। बैठक में तय हुआ कि अब समिति हर महीने बैठक करेगी।



### इंटर पढ़ाई की पुरानी व्यवस्था फिलहाल लागू रखें : राजेश ठाकुर

राजेश ठाकुर ने कहा कि सरकार हर स्तर पर काम करना चाहती है, लेकिन विपक्ष का सहयोग नहीं मिल रहा है। भाजपा के लोग हाइकोर्ट और राज्यपाल का सहारा लेकर विधेयकों को लागू करने में अड़ंगा डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि समिति का काम समय-समय पर सरकार को सलाह देना है। यह काम समिति कर रही है। बैठक में कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई बंद किये जाने के मामले पर भी चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने सरकार से आग्रह किया है कि जब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई चालू रहने दी जाये। बैठक में टीवीएनएल विस्तारीकरण पर भी चर्चा की गयी।

### राजस्व कर्मियों की बहाली करे सरकार: बंधु

समिति के आमंत्रित सदस्य बंधु तिर्की ने बैठक में राजस्व कर्मियों की बहाली का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि विभिन्न अंचलों में राजस्व कर्मियों की संख्या स्वीकृत पद से भी कम है। इसलिए सरकार राजस्व कर्मियों की बहाली करे, ताकि जमीन से संबंधित सारे काम दुरुस्त हो सकें।

### मुआवजा व नियोजन में हो रही है लापरवाही: फागू

समिति के सदस्य फागू बेसरा ने कहा कि जिले में विस्थापितों को मुआवजा देने और नियोजन के मामले पर पदाधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं। जिला स्तर पर कमेटी बनायी गयी है, लेकिन उसकी बैठक नहीं होती है। इससे विस्थापितों को मुआवजा मिलने में विलंब हो रहा है। सरकार से आग्रह किया है कि इसे नियमित कराये।

## झारखंड बंद कहीं असरदार, कहीं बेअसर रहा

**रांची (आजाद सिपाही)।** नियोजन नीति को लेकर दो दिवसीय झारखंड बंद का शनिवार को पहला दिन था। रांची समेत राज्य के अन्य हिस्सों में छात्र सड़कों पर उतरे। हालांकि बंद कहीं असरदार, तो कहीं बेअसर रहा। शहरी क्षेत्र में बंद का असर नहीं रहा। दुकानें सामान्य तरीके से खुली रहीं। आवागमन भी सामान्य रहा। हालांकि एनएच और शहर के बाहर आने-जाने वाली सड़कों को जाम किया गया, जिससे कुछ घंटों के लिए आवागमन प्रभावित हुआ। राज्य के किसी हिस्से से अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। गौरतलब है कि झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने नियोजन नीति के खिलाफ 10 और 11 जून को झारखंड बंद का आह्वान किया है। झारखंड बंद 11 जून को भी रहेगा।

## पहले दिन दोनों से हुई कई घंटे की पूछताछ

# इडी के सवालों में उलझते रहे अमित अग्रवाल-दिलीप घोष

- तीन दिनों तक रिमांड पर हैं दोनों आरोपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में सेना के कब्जेवाली जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार कारोबारी अमित अग्रवाल और जगतबंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष तीन दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की रिमांड पर हैं। रिमांड के पहले दिन शनिवार को इडी ने दोनों से जमीन खरीद-बिक्री और राशि हस्तांतरण को लेकर पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक दोनों आरोपी इडी के कई सवालों में उलझे। कुछ सवालों पर उन्होंने चुप्पी साध ली। कुछ सवालों के बारे में उन्होंने कहा कि उन्हें कुछ याद नहीं है।

### कोर्ट से तीन दिन की मिली है रिमांड

गौरतलब है कि इडी ने अमित अग्रवाल को बागडोगरा हवाई अड्डे और दिलीप घोष को कोलकाता से बुधवार को गिरफ्तार किया था। दोनों को गुरुवार को इडी की विशेष अदालत में पेश किया गया था। इडी ने दोनों को रिमांड पर लेने की अनुमति मांगी थी, जिस पर कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने दोनों को तीन दिन के रिमांड की अनुमति दे दी है। रिमांड के पहले दिन इडी दोनों से पूछताछ की।

### सेना सहित अन्य जमीन सौदों के बारे में पूछताछ

सूत्रों के मुताबिक इडी ने दोनों आरोपियों से केवल सेना के कब्जे की ही जमीन नहीं, चेशायर होम की जमीन समेत अन्य सौदों के बारे में भी पूछताछ की। इसके अलावा जमीन खरीदने के लिए राशि के हस्तांतरण को लेकर भी पूछताछ हुई। उनका किन-किन अधिकारियों से संपर्क है और इस मामले में किन लोगों ने मदद की, इस बारे में भी पूछताछ की गयी। इडी को शेल कंपनियों के बारे में मिली जानकारी को लेकर भी उनसे पूछताछ हुई। सूत्रों के मुताबिक कई सवालों का दोनों जवाब नहीं दे पाये। खास कर राशि हस्तांतरण और अग्रवाल और घोष की कंपनी के बीच के संबंध मामले में वे उलझे।



### सोमवार को इडी दायर कर सकती है आरोप पत्र

रांची (आजाद सिपाही)। सेना जमीन घोटाला मामले में इडी सोमवार को चार्जशीट दाखिल कर सकती है। इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष समेत 10 लोगों को अब तक इडी गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें सात लोगों को 13 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। वहीं, पूर्व डीसी निलंबित आइएएस छविरंजन को चार मई को गिरफ्तार किया था। कानूनी जानकारों के अनुसार 60 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं होने पर आरोपियों को जमानत का लाभ मिलने की संभावना रहती है। ऐसे में इस अवधि के पूरा होने से पहले इडी की ओर से चार्जशीट दाखिल किये जाने की बात कही जा रही है।

# ओड़िशा रेल हादसा : स्टेशन सील, दस्तावेज जब्त

- सीबीआइ टीम पहुंची बाहानगा स्टेशन, जांच तक ट्रेन नहीं रुकेंगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा रेल हादसे की जांच में सीबीआइ जुटी हुई है। सीबीआइ की टीम बाहानगा स्टेशन पहुंची। जांच एजेंसी ने स्टेशन को सील कर दिया है। अगले आदेश तक इस स्टेशन पर कोई भी पैसेंजर ट्रेन या मालगाड़ी नहीं रुकेगी। हर दिन यहां से करीब 170 ट्रेनें गुजरती हैं। हादसे के बाद सात ट्रेनें रुक रही थीं। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक सीबीआइ ने जांच के दौरान स्टेशन में मौजूद सभी दस्तावेज की जांच की। लॉग बुक, रिले पैनल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त कर लिये हैं। गौरतलब है कि दो जून को बाहानगा स्टेशन के पास दो सुपरफास्ट एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी की टक्कर हुई, जिसमें 288 लोगों की मौत हो गयी थी। हादसे में 1208 लोग घायल हुए थे। शुरुआती जांच में मानवीय गलती और तकनीकी खामी की बात सामने आयी थी। केंद्र सरकार ने मामले की जांच करने की जिम्मेदारी सीबीआइ को दी है। इसी क्रम में बाहानगा स्टेशन को सील किया गया है। उधर, सीबीआइ की दो सदस्यीय टीम दुर्घटनास्थल पर भी पहुंची थी। एजेंसी ने यहां कई जगहों से कुछ जरूरी सबूत इकट्ठा किये। इसके बाद करीब दो घंटे तक पैनल और रिले रूम की जांच की। टीम ने दोनों रूम और डेटा लॉकर को सील कर दिया।

## झारखंड के लिए 12 जून है खास

# वंदे भारत का होगा ट्रायल, तो हाइकोर्ट के नये भवन में शुरू होगा कामकाज

- प्री-मानसून की बारिश भी झारखंड में होने की उम्मीद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के लिए 12 जून खास है। इस दिन राज्य में कई नयी चीजों की शुरुआत हो रही है। रांची-पटना के बीच वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन होगा, तो झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन में कामकाज शुरू होगा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 12 जून को राज्य में प्री-मानसून बारिश की भी संभावना है।

**सुनवाई के लिए जनहित याचिका सूचीबद्ध :** झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन में 12 जून से दोपहर लगभग दो बजे सुनवाई शुरू हो जायेगी। इस नये भवन में जिस मामले की सबसे पहले सुनवाई हो रही है, वह मामला है झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (जेट) के आदेश के खिलाफ की गयी अपील। पहले ही दिन यहां संविधान पीठ बैठेगी, जिसमें चीफ जस्टिस समेत पांच जज शामिल रहेंगे। इस मामले में सुनवाई के बाद पीठ यह फैसला लेगी कि जेट के आदेश के खिलाफ अपील हाइकोर्ट की एकल पीठ में होगी या खंडपीठ में। नये भवन में लिया जाने वाला यह अहम फैसला होगा। इसमें झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा, जस्टिस रत्नाकर भेंगरा, जस्टिस अनुभा रावत चौधरी, जस्टिस दीपक रौशन और जस्टिस नवनीत कुमार की संविधान पीठ सुनवाई के बाद फैसला करेगी। इसके अलावा अन्य जनहित याचिकाएं भी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गयी हैं। इन याचिकाओं में जेल में सुधार और क्षमता से अधिक कैदियों के रखे जाने का मामला लंबित है। सजायाफ्ता कैदियों की ओर से जेल से रिहाई के लिए भी अपील की गयी है, जिस पर सुनवाई होनी है।





**छह घंटे में पटना की दूरी होगी तय:** नियोजन नीति को लेकर झारखंड बंद के मद्देनजर रेलवे ने पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन के ट्रायल रन को रिशेड्यूल किया है। पटना से रांची तक वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन 11 जून को होना था, लेकिन तारीख को एक दिन आगे बढ़ा दिया गया है। अब 12 जून को पटना से रांची और रांची से पटना के लिए ट्रेन का ट्रायल रन होगा।

पटना से 12 जून को सुबह 6.55 बजे ट्रायल रन शुरू होगा। यह ट्रेन सुबह 8.20 बजे गया पहुंचेगी। इसका बरकाकाना पहुंचने का टाइम 11.30 रहेगा। दोपहर एक बजे यह ट्रेन रांची रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इस दौरान जहानाबाद स्टेशन, कोडरमा, हजारीबाग और मेसरा में भी ट्रेन रुकेगी। 12 जून को ही रांची रेलवे स्टेशन से 14.20 बजे (2 बजकर 20 मिनट) वंदे भारत ट्रेन पटना के लिए रवाना होगी। इसके बाद शाम सात बजे गया और फिर 20.25 बजे पटना पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन को मेसरा, हजारीबाग, कोडरमा और जहानाबाद में प्रस्तावित स्टॉपेज पर रोका जायेगा।

**गर्मी से राहत की उम्मीद:** झारखंड में लोगों को आने-वाले एक-दो दिन में गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग के मुताबिक 11 जून से राज्य के कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 12 जून प्री-मानसून बारिश से भी थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं, 12 जून से कुछ जगहों पर मौसम में बदलाव हो सकता है। कुछ जिलों में आंशिक बादल छाये रहने के साथ, हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की बात कही गयी है। 15 जून के बाद ही पूरे राज्य में लोगों को गर्मी से हल्की राहत की उम्मीद है। विभाग की मानें तो दक्षिणी पश्चिमी मानसून के प्रवेश करने के बाद अब 18 जून तक मानसून झारखंड में पहुंच सकता है, जिसके बाद लोगों को तेज गर्मी से राहत मिलेगी।




आजाद सिपाही
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
188100 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# विपक्षी एकता के रास्ते का रोड़ा बना बंगाल का पंचायत चुनाव

## ■ माकपा के साथ मिल कर लड़ने के कांग्रेस के एलान से ममता को लगी मिर्ची

## ■ नीतीश की कोशिशों को पलीता लगा रहा है पश्चिम बंगाल का पंचायत चुनाव

## ■ दोराहे पर आकर खड़ी ममता दीदी को नहीं सूझ रहा है आगे का रास्ता

भारतीय राजनीति का फंडा भी अजीब है। इसका न कोई ओर है और न कोई छोर और यह इतना उलझा हुआ है कि यदि कोई इसे सुलझाने की कोशिश करता है, तो और भी उलझ कर रह जाता है। उदाहरण के लिए 2024 में होनेवाले संसदीय चुनाव में भाजपा को हराने के लिए विपक्षी दलों की एकता की मुहिम को ही लीजिए। अभी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह मुहिम जोर पकड़ ही रही थी कि पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव की घोषणा ने इसमें बड़ा अवरोध पैदा कर दिया है। दो दिन पहले ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव की घोषणा कर बड़ा राजनीतिक कदम उठाया, तो कांग्रेस और वामपंथी दल के साथ भाजपा उनके विरोध में एक मंच पर आती दिखने लगी। इन तीनों दलों ने एक साथ हाइकोर्ट में याचिका दायर कर पंचायत चुनाव के दौरान केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग कर दी है। इतना ही नहीं, कांग्रेस ने विपक्षी एकता की मुहिम की हवा निकालते हुए पंचायत चुनाव में वाम मोर्चा के सबसे बड़े घटक माकपा के साथ गठबंधन करने की घोषणा कर दी है। कांग्रेस की इस घोषणा से ममता बनर्जी को स्वाभाविक तौर पर मिर्ची लगी है। अब वह कह रही हैं कि कांग्रेस की इस घोषणा का असर दूर तक दिखाई देगा। उनकी इस टिप्पणी का आशय 23 जून को नीतीश कुमार द्वारा पटना में बुलायी गयी विपक्षी नेताओं की बैठक का फलाफल है, जिसमें कांग्रेस की तरफ से मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी भी शामिल होंगे और ममता बनर्जी भी। अब बंगाल पंचायत चुनाव के बारे में कांग्रेस का माकपा के साथ गठबंधन करने का फैसला 2024 की विपक्षी एकता की मुहिम को किस हद तक बेपटरी करता है, यह तो 23 के बाद ही पता चलेगा। इस नये उभर रहे राजनीतिक समीकरण की परतों को खोल रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

देश का सियासी माहौल अभी 2024 के पूर्वार्द्ध में होनेवाले 17वें आम चुनाव की तैयारियों के इर्द-गिर्द घूम रहा था कि अचानक पश्चिम बंगाल में बड़ा सियासी घटनाक्रम हुआ। वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में पंचायत चुनाव कराने की घोषणा कर दी। राज्य सरकार की घोषणा के अनुसार राज्य में 8 जुलाई को पंचायत चुनाव होंगे। इसके लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू भी हो गयी है। वैसे तो किसी एक राज्य में पंचायत चुनाव की घोषणा का देश में होनेवाले संसदीय चुनाव से कोई प्रत्यक्ष रिश्ता नहीं होता, लेकिन देश के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में इन दोनों के बीच अनायास ही एक रिश्ता पैदा हो गया है। यह रिश्ता बड़ा ही रोचक और उलझनों भरा है।

### क्या है बंगाल में कांग्रेस का स्टैंड

बंगाल में पंचायत चुनाव की घोषणा करने और वहां कांग्रेस द्वारा अपनाये गये स्टैंड के कारण पटना की वैठक पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे हैं। पश्चिम बंगाल कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनाव में माकपा के साथ पूरा सहयोग करने को कहा है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि कांग्रेस और माकपा पंचायत चुनाव मिल कर लड़ेंगी। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से इस मामले में माकपा को हर प्रकार का सहयोग देने के लिए पहले ही कह दिया गया है। चौधरी का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली की करीब 75 हजार सीट पर चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है, जो 15 जून तक चलेगी। वैसे कांग्रेस ने इसी साल त्रिपुरा में हुए विधानसभा चुनाव और 2016 और 2021 में पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनाव में भी माकपा के साथ गठबंधन किया था।






### कांग्रेस नेता ने साधा ममता पर निशाना

अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग अपना वोट तभी डाल सकते हैं, जब केंद्रीय बल तैनात किये जायें। उनकी मौजूदगी के कारण सागरदिघी उपचुनाव में मतदान संभव हो सका। इसलिए तृणमूल कांग्रेस वहां हार गयी और कांग्रेस जीत गयी। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर आप डरी हुई नहीं हैं और पंचायत चुनाव कराने की इच्छुक हैं, तो केंद्रीय बलों की तैनाती की अनुमति देने में आनाकानी क्यों कर रही हैं? अधीर रंजन चौधरी ने यह भी कहा कि नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए और समय दिया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि ममता बनर्जी को कोलकाता उच्च न्यायालय में एक हलफनामा दायर कर बताना चाहिए कि वह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करेंगी। हम चुनाव से बचने की कोशिश नहीं कर रहे हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि यह शांतिपूर्ण तरीके से हो।

### हाइकोर्ट में दायर की गयी याचिका

कांग्रेस की इस घोषणा से पहले पार्टी द्वारा कोलकाता हाइकोर्ट में याचिका दायर किये जाने को भी सियासी नजरिये से विपक्षी एकता की मुहिम में रोड़ा अटकाने के तौर पर देखा जा रहा है। कांग्रेस ने माकपा और भाजपा के साथ मिल कर हाइकोर्ट में एक याचिका दायर कर दी है, जिसमें पंचायत चुनाव के दौरान केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश देने की मांग की गयी है। इसके अलावा याचिका में ऑनलाइन नामांकन दाखिल करने की सुविधा देने की मांग भी की गयी है।

### ममता बनर्जी का पलटवार

कांग्रेस के इस स्टैंड से ममता बनर्जी की नाराजगी स्वाभाविक है। उनकी पार्टी की तरफ से कहा जा रहा है कि पंचायत चुनाव के मुद्दे पर कांग्रेस और माकपा का दोहरा चरित्र सामने आ गया है। एक तरफ ये दोनों दल आपस में गठबंधन कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ भाजपा के साथ मिल कर हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटा रहे हैं। इतना ही नहीं, ममता बनर्जी की पार्टी की तरफ से कहा गया है कि कांग्रेस का यह स्टैंड 'मिशन 2024' के रास्ते का बड़ा अवरोध साबित हो सकता है।

### पटना में होनेवाली है विपक्षी नेताओं की बैठक

यह सभी जानते हैं कि देश के सभी राजनीतिक दल 2024 के चुनाव की तैयारियों में व्यस्त हैं और फिलहाल नये समीकरण बैठाने में लगे हैं। भाजपा को लगातार तीसरी बार सत्ता में आने से रोकने के लिए विपक्षी दल एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने की संभावनाएं टटोल रहे हैं। इसी क्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी एकता की धुरी बनते हुए विपक्षी नेताओं को एक मंच पर लाने में जुटे हुए हैं। उन्होंने 23 जून को पटना में विपक्षी नेताओं की बैठक बुलायी है, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के अलावा दूसरे विपक्षी दलों के नेता शामिल होंगे। इस बैठक में ममता बनर्जी भी शामिल होंगी। इस बैठक में आगामी चुनाव में सीट शेयरिंग समेत दूसरे मुद्दों पर विचार मंथन किये जाने की घोषणा की गयी है। पहले यह बैठक 12 जून को होनेवाली थी, लेकिन कुछ कारणों से इसे 23 तक के लिए टाल दिया गया।

इस पूरे परिदृश्य में यह तो साफ हो गया है कि पटना में होनेवाली विपक्षी नेताओं की बैठक का माहौल उतना दोस्ताना नहीं रह सकेगा, क्योंकि बंगाल की सियासत में ममता और कांग्रेस की दूरी की परछाईं उस पर भी पड़ेगी। ऐसे में अब यह देखना दिलचस्प होगा कि बंगाल पंचायत चुनाव का समीकरण देश स्तर पर क्या गुल खिलाता है। फिलहाल तो ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बंगाल का पंचायत चुनाव विपक्षी एकता की राह में बड़ा रोड़ा बन कर खड़ा हो गया है।

# झरिया विधायक के देवर की गाड़ी से कुचल कर दंपती की मौत, बच्चा गंभीर







एसयूवी में बाइक फंस जाने के कारण वह भी सड़क पर ही कई बार पलट गयी। उसके बाद उसमें सवार सभी लोग गाड़ी छोड़ कर वहां से भाग गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धैया के रानीबांध तालाब स्थित जैन मंदिर के समीप एक अनियंत्रित एसयूवी कार ने शुक्रवार की देर रात बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बीसीसीएल में कार्यरत एक इंजीनियर दंपती की मौत हो गयी। मृतक की पहचान राणा दास (45) और मानसी दास (35) के रूप में हुई है। दोनों भेलाटांड़ के रहने वाले थे। इसी हादसे में उनका 12 साल का बेटा ऋषभ दास भी गंभी रूप से घायल हो गया। सूत्रों की मानें तो टक्कर इतनी जोरदार थी कि राणा दास करीब 100 फिट दूर जाकर गिरे जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी, जबकि पत्नी मानसी व पुत्र ऋषभ को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करया गया था। जहां इलाज के दौरान मानसी की भी मौत हो गयी। वहीं ऋषभ की हालत गंभीर देख उसे बेहतर इलाज के लिए बंगाल के दुगार्पुर ले जाया गया। दूसरी ओर, एसयूवी में बाइक फंस जाने के कारण वह भी सड़क पर ही कई बार पलट गयी। जिसके बाद उसमें सवार सभी लोग गाड़ी छोड़ कर वहां से भाग गये। उधर, मृतक के भाई ने बताया कि घटना शुक्रवार की देर रात 12.15 बजे की है। पति-पत्नी बच्चे को डॉक्टर से दिखा कर वापस घर लौट रहे थे। इसी बीच दो फॉर्च्यूनर आपस में रेस लगा रहे थे। तभी एक गाड़ी ने भाई की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी, उसकी पत्नी की मौत दूसरे अस्पताल ले जाने के दौरान हो गयी। गाड़ी झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह के देवर हर्ष सिंह की कंपनी सिंह नेचुरल रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर रजिस्टर्ड है। गाड़ी उसका भाई आदर्श चला रहा रहा था।

### रागिनी ने परिजनों को दी सांत्वना

उधर, घटना के बाद भाजपा नेत्री रागीनी सिंह अस्पताल पहुंच कर मृतक के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दिया। उन्होंने घटना की गंभीरता से जांच की भी मांग की। इसके अलावे बीसीसीएल के अधिकारियों से मृत इंजीनियर के घायल पुत्र के बेहतर इलाज के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही।

# विनाश के मॉडल पर विकास स्वीकार्य नहीं: प्रतुल

पतरातू गांव के गरीबों का पहले पुनर्वास करे सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कहा है कि कोई भी सरकार बिना पुनर्वास के लोगों को बेघर नहीं करती है। प्रतुल ने ट्वीट कर अंचल अधिकारी लातेहार के द्वारा पतरातू के लोगों को जमीन खाली करने के नोटिस की कॉपी को संलग्न करते हुए मुख्यमंत्री से कहा कि आप तो बार-बार दावा करते हैं कि आपकी सरकार आदिवासी मूलवासी की सरकार है।

उन्होंने जानना चाहा कि लातेहार के पतरातू गांव के गरीब लोगों को बिना पुनर्वास किये क्यों बेघर किया जा रहा हैं? प्रतुल ने कहा कि बेशक विकास होना चाहिए, लेकिन विनाश के मॉडल पर नहीं। इस जमीन पर दशकों से ये गरीब घर बना कर रह रहे हैं।



कल्याणकारी सरकार गरीबों के हित में कार्य करती है।

प्रतुल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इन लोगों के पास एक इंच भी कहीं जमीन नहीं है। अगर इनके आशियाने को बुलडोजर से रौंद दिया, तो ये गरीब कहां जायेंगे? इन्हें गलत राह में ना भेजें। पहले इनके पुनर्वास की व्यवस्था हो, फिर कोई कदम उठाया जाये।

# सुजीत सिन्हा और अमन साहू ने दहशत फैलाने की रची थी साजिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित तेतरियाखाड़ कोलियरी में आगजनी और गोलीबारी की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) कर रही है। अपराधी सुजीत सिन्हा और अमन साहू ने कोल परियोजना में दहशत फैला कर लेवी वसूलने के लिए यह साजिश रची थी। इन दोनों ने तेतरियाखाड़ कोलियरी में कार्य कर रहे ट्रक संचालक, डीओ होल्डर और लिफ्टर के ऊपर गोली और बम से हमला करने की योजना बनायी, ताकि कोयला व्यवसायी, ट्रांसपोर्टर और डीओ होल्डर रंगदारी देने के लिए मैनेज हो जायें और आसानी से रंगदारी वसूली जा सके।

**प्रदीप गंझू को घटना को अंजाम देने के लिए किया गया तैयार :** सुजीत सिन्हा और अमन साहू ने इस घटना को अंजाम देने के लिए कोलियरी के पास में रहनेवाले प्रदीप गंझू तैयार किया। इसके अलावा इन दोनों अपराधियों ने अपने गिरोह के शाहरुख अंसारी समेत चार लड़कों को इस घटना को अंजाम देने का जिम्मा सौंपा।



### एनआइए कर रही है तेतरियाखाड़ कोलियरी में आगजनी की जांच

**लातेहार के बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित तेतरियाखाड़ कोलियरी में आगजनी और गोलीबारी मामले की जांच एनआइए कर रही है। एनआइए की रांची ब्रांच ने कांड संख्या आरसी 01/ 2021 दर्ज किया था। इस मामले की जांच एनआइए के डीएसपी रैंक के अधिकारी कर रहे हैं। एनआइए ने आइपीसी की धारा 147, 148, 149, 353, 504, 506, 307, 427, 335, 386, 387, 120 बी 121ए और 216, आर्म्स एक्ट धारा 25 (1) 26, 27 और 35, विस्फोटक अधिनियम की धारा 3 और 4, यूएपीए धारा 10, 13, 16 (1), 20 और 23, इसके अलावा सीएलए धारा 17 के तहत मामला दर्ज किया था।**

गैंग के सभी हथियार को शाहरुख अंसारी रांची के मांडर में रहने वाले वसीम अंसारी के यहां रखा करता था, जिसके बाद बीते 18 दिसंबर 2020 को योजना के मुताबिक सभी अपराधी तेतरियाखाड़ कोलियरी पहुंचते ही ताबड़तोड़ गोलीबारी करने लगे। साथ ही वहां पर मौजूद कई ट्रक में पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी और केन बम से विस्फोट भी किया। दहशत फैलाने के लिए धमकी भरे पर्चे फेंके गये। इस गोलीबारी की घटना में कई लोगों को गोली लगी, जिसके बाद सभी अपराधी मौके से फरार हो गये।

# राज्य समन्वय समिति की बैठक में सिर्फ खानापूर्ति हुई : दीपक प्रकाश

**राज्यपाल ने फाइलों में जो सवाल खड़े किये हैं उसका विधि सम्मत जवाब देना चाहिए**

**उच्च न्यायालय के निर्देश के बावजूद नेता प्रतिपक्ष का मामला ठंडे बस्ते में है**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार द्वारा गठित समन्वय समिति की पहली बैठक ने राज्य के सवा तीन करोड़ जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने शनिवार को हुई समन्वय समिति की बैठक पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि बैठक केवल औपचारिकता मात्र बनकर रह गयी। राज्य के ज्वलंत मुद्दों में आकंठ भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, हजारों बहन-बेटियों के साथ घट रही बलात्कार की घटनाएं, बेटियों की नृशंस हत्याएं, जमीन की लूट, खान खनिज की लूट जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे समन्वय समिति के एजेंडे में शामिल नहीं हुए। श्री प्रकाश ने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देश के बावजूद नेता प्रतिपक्ष का मामला ठंडे बस्ते में है। आज नेता प्रतिपक्ष के बिना लोकायुक्त, सूचना आयोग, महिला आयोग का गठन नहीं हो सका है फिर भी यह मुद्दा समन्वय समिति का एजेंडा नहीं बना। इतना ही नहीं वित्त आयोग गठित नहीं होने से केंद्रीय अनुदान के हजारों करोड़ रुपये राज्य के लिए लंबित हैं। इसपर समिति मौन रही। उन्होंने कहा कि समिति ने केवल बैठक की खानापूर्ति की है और अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए भाजपा के खिलाफ बयान देकर अपना पल्ला झाड़ दिया है। श्री प्रकाश ने कहा भाजपा जन भावनाओं की अभिव्यक्ति है। एक सशक्त विपक्ष के नाते भाजपा ने लगातार सदन से सड़क तक जन मुद्दों को उठाया है, संघर्ष किया है। जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि समन्वय समिति को राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद पर उंगली उठाने से पहले अपनी नाकामियों को ठीक करने की पहल करनी चाहिए। राज्यपाल ने फाइलों में जो सवाल खड़े किये हैं उसका विधि सम्मत जवाब देना चाहिए। श्री प्रकाश ने कहा कि नियोजन नीति और स्थानीय नीति पर समन्वय समिति ने खुद अपनी सरकार को ही आईना दिखाया है। उन्होंने कहा कि समन्वय समिति ने जन भावनाओं के अनुरूप नियोजन नीति की बात की है। इससे स्पष्ट है कि हेमंत सरकार जनभावनाओं पर खरी नहीं उतर रही है।

# मुख्यमंत्री 15 जून को करेंगे विधि-व्यवस्था की समीक्षा

**मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक से पहले 12 जून को डीजीपी करेंगे समीक्षा बैठक**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की विधि व्यवस्था को लेकर 15 जून को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समीक्षा बैठक करेंगे। इस बाबत पुलिस मुख्यालय ने झारखंड के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पत्र भेज कर इसकी जानकारी दे दी है। बैठक में मुख्यमंत्री नक्सल, संगठित आपराधिक गिरोह, अवैध खनन, नारकोटिक्स के साथ-साथ कई अन्य मसलों पर बात करेंगे। बैठक को लेकर पुलिस मुख्यालय तैयारियों में जुट गया है।

विधि व्यवस्था के अलावा राज्य में अवैध खनन, अवैध खनन से हो रहे हादसों की भी समीक्षा की जायेगी। मुख्यमंत्री यह भी समीक्षा करेंगे कि अवैध खनन को रोकने के लिए जो टास्क फोर्स बनायी गयी है, उसने अब तक कैसा परफॉर्मेंस दिया है। 15 जून की समीक्षा को लेकर झारखंड के सभी जिलों के एसपी, डीआइजी, आइजी के अलावा दूसरे पुलिस अधिकारियों को भी पुलिस मुख्यालय के द्वारा पत्र भेज दिया गया है। पत्र में लिखा गया है कि मुख्यमंत्री 15 जून को विधि व्यवस्था, वारंट तामिला, लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति, सर्टिफिकेट केस की स्थिति, अवैध खनन, अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब और पुलिस के इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधी मुद्दों की समीक्षा करेंगे। बताया जाता है कि 15 जून को मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक से पहले 12 जून को ही डीजीपी अजय सिंह राज्य के सभी जिलों के एसपी और वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ पुलिस मुख्यालय में बैठक करेंगे। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की समीक्षा को लेकर क्या-क्या तैयारियां पुलिस विभाग के द्वारा की गयी हैं, उसका जायजा डीजीपी लेंगे। समीक्षा को लेकर तैयारियों में अगर कोई कमी डीजीपी को नजर आयेगी तो उससे संबंधित निर्देश फिर से पुलिस अधिकारियों को जारी किये जायेंगे, जिससे वे 15 जून से पहले सभी तैयारियां पूरी करके ही मीटिंग में बैठें।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | दिन अनुकूल है,आप उन्नति के मार्ग की ओर अग्रसर होंगे, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता। |
| वृष | मित्रों का उदय होगा एवं शत्रुओं का नाश होगाभौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी। |
| मिथुन | आज का दिन सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ानेवाली साबित होगी,रुके हुए काम पूरे होंगे। |
| कर्क | नौकरी-व्यापार एवं सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलने की संभावना। |
| सिंह | बनता हुआ काम बिगड़ सकता है, आप अकारण किसी मुसीबत में उलझ सकते हैं। |
| कन्या | आपके व्यक्तित्व का विकास होगा, विपरीत परिस्थितियां अनुकूल होंगी। |
| तुला | व्यर्थ के वाद-विवाद से दूर रहें, दूसरों के झगड़े में दखल न दें, कर्मक्षेत्र में परिश्रम अधिक करना पड़ेगा। |
| वृश्चिक | आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, स्वयं के प्रयास, उत्साह और संघर्ष से सभी कार्य पूरे होंग। |
| धनु | विद्याध्यन संबंधी शुभ समाचार मिलेंगे, मेहमानों का आगमन होगा, निराशा दूर होगी। |
| मकर | किसी पुराने परिचित से मुलाकात होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। |
| कुंभ | इस समय किसी को उधार न दें वापस निकलना मुश्किल होगा, चितनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। |
| मीन | व्यापार-व्यवसाय में सफलता मिलने की संभावना, घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा। |

# सांसद संजय सेठ ने नमो क्रिकेट एकेडेमी खोलने की घोषणा की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची में क्रिकेट की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए रांची के सांसद संजय सेठ ने नमो क्रिकेट कैंप का 10 दिवसीय आयोजन किया। शनिवार को इस कैंप का समापन हुआ। समापन समारोह में सांसद ने कहा क्रिकेट कैंप का मुख्य उद्देश्य झारखंड में छिपी प्रतिभा को आगे लाना है। रांची में कई ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ी है, जिन्हें प्रशिक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों के उत्साह को देखते हुए नमो एकेडेमी क्रिकेट कोचिंग सेंटर खोलने की घोषणा की। सांसद सेठ ने कहा कि इस एकेडमी में बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिला और राज्य स्तर पर खेलने के लिए बच्चों को तैयार किया जायेगा। सांसद ने कहा एकेडमी की ओर से बच्चों को तैयार कर एक टीम बनायी जायेगी, जो जिला एवं राज्य स्तर पर होने वाले प्रतियोगिता में भाग लेंगे। रणजी खिलाड़ी प्रदीप खन्ना की देखरेख में इस एकेडमी की शुरुआत की जायेगी।

# छह आदिम जनजाति के 104 लोगों का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति से मिलेगा




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के छह अत्यंत संवेदनशील आदिम जनजाति समूह के 104 लोग दिल्ली के लिए शनिवार को रांची स्टेशन से जम्मूतवी एक्सप्रेस से रवाना हुए। उनके लिए उक्त ट्रेन में दो अतिरिक्त बोगी जोड़ी गयी थी। 12 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। आदिम जनजाति समूह केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय और राष्ट्रपति के आमंत्रण पर दिल्ली रवाना हुए हैं। इतिहास में यह पहला मौका होगा, जब देश की राष्ट्रपति सीधे तौर पर लुप्त होती आदिम जनजाति समुदाय से सीधे तौर पर संवाद करेंगी। इन जनजाति समुदाय में असुर, बिरहोर, बिरजिया, कोरबा, पहड़िया और सबर समुदाय शामिल हैं। झारखंड से गये सभी आदिम जनजाति समुदाय के प्रतिनिधि 14 जून को झारखंड के लिए वापस होंगे और 15 जून को रांची पहुंचेंगे। उन्हें रांची स्टेशन विदा करने के लिए डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, कल्याण विभाग के निदेशक रणेंद्र कुमार, डिप्टी डायरेक्टर मोनिका रानी टूटी, असिस्टेंट डायरेक्टर राकेश रंजन उरांव के अलावा विकास दूबे अन्य संस्थान के कर्मी मौजूद थे।

# बालासोर रेल हादसा: दूसरे के शव को अपना बेटा समझ कर लौट रहे थे परिजन, अचानक जिंदा घर लौटा बेटा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** ओड़िशा के बालासोर हुए भीषण रेल हादसे में झारखंड के कई लोग बाल-बाल बचे। इस हादसे में कई घायल लोगों को मरा हुआ समझ लिया। इस हादसे में घायल पवन जब घर लौटा तो परिजन सहित सभी हैरान रह गये। गांव में बात फैल गयी थी कि इस हादसे में पवन की मौत हो गयी। जब गिरिडीह के पवन भुइयां अपने घर गावां के पथलडीहा पहुंचा। उससे मिलने के लिए दिनभर लोगों का हुजूम लगा रहा। पूर्व विधायक से लेकर अन्य जनप्रतिनिधियों ने उससे मुलाकात की।

पवन ने हादसे के संबंध में विस्तार से बातचीत की कहा, गुरुवार को अपने घर से चेन्नई जाने के लिए निकला था। शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के शालीमार रेलवे स्टेशन से वह कोरामंडल एक्सप्रेस पर चढ़कर चेन्नई के लिए रवाना हो गया। इसी बीच लगभग शाम 7 बजे ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। उन्होंने बताया कि जब ट्रेन एक दूसरे में टकराने लगी तो एक तेज सा आवाज आयी और ट्रेन की कई कोच पलट गयी। इसमें सबसे पहले ट्रेन के अंदर रखे बेग व झोला से भरे सामान बिखरकर गिरने लगा। इसके बाद वह भी गिरकर बेहोश हो गया। बाद में उसे कटक के एक अस्पताल में राहत बचाव कर्मियों द्वारा भर्ती कराया गया। जहां करीब 48 घंटे के बाद होश आया तो वहां मुझसे नाम पता व घर वालों का संपर्क पूछा गया। इसके बाद झालसा के सहारे मेरे घर वालों को जीवित होने की सूचना दी गयी। मेरे सिर पर कई टांके लगे हुए थे, हाथ, पैर और पेट के कई स्थान पर पट्टी बंधी हुई थी। बाद मेरे पिता और चाचा हमसे मिलने पहुंचे व मुझसे हालचाल लिया।



## रोजगार के लिए जा रहा था पवन

पवन ने बताया कि वह चार भाई है, जिसमें उसके सबसे बड़े भाई मुकेश भुइयां एवं मंझला भाई विकास भुइयां दिल्ली के एक होटल में रहकर मजदूरी करता है, जबकि उसका छोटा भाई गांव में ही रहकर सरकारी विद्यालय में पढ़ाई करता है। पवन का कहना है कि गांव में रोजगार नहीं मिलने के कारण उन्हें दूसरे राज्यों में जाकर कम वेतन पर अधिक काम करना पड़ता है। अगर गांव में रोजगार होता तो उनलोगों को बाहर जाकर मजदूरी करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। पवन के पिता गंगा भुइयां राज मिस्त्री हैं और उसकी मां अनरवा देवी गृहणी हैं। पवन का पूरा परिवार एक गरीब परिवार के श्रेणी में आता है। उसके बाद भी उसे सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। अनाज छोड़कर उसके परिवार को किसी अन्य सरकारी योजना का लाभ इस समय उसे नहीं मिल रहा है।

## मातम बदल गयी खुशी में

पवन की मां अनरवा देवी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार झालसा के सचिव सौरभ कुमार गौतम के एक फोन पर उसके घर में बेटे की मौत अफवाह से पसरा हुआ मातम खुशियां में बदल गया और बेटे को एक नयी जिंदगी मिल गयी। उन्होंने बताया जैसे ही मुझे पवन का जीवित होने की सूचना मिली। उसके बाद से पूरे घर और गांव में खुशी की लहर दौड़ गयी। इसके बाद पवन के पिता ने अस्पताल पहुंचकर उससे मुलाकात की व घर वालों को इसकी जानकारी दी।

## दूसरे के शव देखकर पवन को मृत मान कर लौट रहे थे परिजन

बता दें कि रेल हादसा के बाद पवन के पिता व उसके चाचा एवं पूर्व वार्ड सदस्य सहित गांव के कुछ लोग को उसके खोजबीन के लिए गांव से घटना स्थल भेजा गया था। युवक के पिता गंगा भुइयां, पूर्व वार्ड सदस्य लालो भुइयां, पड़ोसी मन्नु शर्मा व वाहन चालक शनि दास घटना स्थल पर पहुंचे। घटना स्थल पर इन्होंने अपने बेटे की खूब तलाश की। कई शव के चेहरे को देखा। एक शव की पहचान बेटे के रूप में की। चूंकि वह उसके बेटे जैसा मिलता जुलता था। शव अत्यंत ज्यादा क्षत विक्षत था। जिस कारण शव देखकर परिजन वापस लौट गये। बेटे का शव अपनी आंखों से देखा था परिजन परेशान थे, घर में मातम था। बाद में देर रात घर लौटने के दौरान आसनसोल पहुंचने पर पिता को झलासा के सचिव द्वारा बेटे का जीवित होने की सूचना मिली।

## पूर्व विधायक की पहल पर बेतहर इलाज के लिए भेजा गया रिम्स

इधर पवन के घर पहुंचने की सूचना मिलने के बाद पूर्व विधायक राजकुमार यादव भी उसके घर पहुंचे व घायल पवन से मुलाकात की। साथ ही कुछ आर्थिक सहायता राशि भी दी। बाद में उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से बात कर पवन को रांची के रिम्स अस्पताल में बेहतर इलाज हेतु भेजने की बात कही। उन्होंने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से घर में तत्काल राशन उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया। इधर शुक्रवार को पवन को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया गया है।

# इडी का छापा पूरी तरह राजनीति से प्रेरित: राकेश सिन्हा

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने शनिवार को कहा कि पिछले दिनों सांसद निशिकांत दुबे का देवघर में दिये गये बयान से यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस विधायक दल के उपनेता प्रदीप यादव के घर आयकर और इडी का छापा पूरी तरह राजनीत से प्रेरित है। यह 2024 के चुनाव की तैयारी का हिस्सा है। क्योंकि जिस प्रकार सांसद प्रेस के माध्यम से इडी के अधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं इससे साफ प्रतीत होता है कि निशिकांत दुबे एवं पूरी भाजपा में बेचैनी किस प्रकार हावी है। सिन्हा ने कहा कि निशिकांत दुबे अपने आप को ईमानदार साबित करने के लिए दिन भर लगे रहते हैं उन्हें यह बताना चाहिए कि 40 करोड़ का सांसद फंड विवाह मंडप बनाने के लिए दिल्ली की एक कंपनी को दिया। लेकिन आज तक एक भी विवाह मंडप नहीं बना। इसकी जांच होनी चाहिए।


**भारतीय रेल**

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. ट्रैक / 21/94/0511/7 वॉल्.III | दिनांक : 09.06.2023

**शुद्धिपत्र सं. 2**

आपका ध्यान "अद्यतन संशोधनों के साथ आईआरएस–टी–12–2009 विशिष्टि के अनुरूप पटरियों की जांच तथा निरीक्षण" के लिए निरीक्षण एजेंसी" के चयन हेतु दिनांक 18.07.2023 को खोली जाने वाली ई–निविदा सूचना सं. टीकेपी–1–2023 की ओर आकर्षित किया जाता है।

नवीनतम संशोधनों के साथ IRS-T-12-2009 विनिर्देश के अनुसार "रेल के परीक्षण और निरीक्षण के लिए निरीक्षण एजेंसी के चयन के लिए ई–निविदा सूचना TKP-1-2023 के विरुद्ध जारी किया गया शुद्धिपत्र संख्या 2– (RFQ-cum-RFP) आईआरईपीएस पर अपलोड किया गया है। इच्छुक निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे **शुद्धिपत्र सं. 2** के विवरण के लिए वेबसाइट http://ireps.gov.in देखें।

(आलोक कुमार)
कार्यपालक निदेशक / रेलपथ (पीएंडपी)
दविितीय तल, कमरा नं. 256–डी,
रेल भवन, रायसीना रोड,
नई दिल्ली – 110001
फोन: 011–23304852
ईमेल: alokkumar.g@gov.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव | 1779/2023 | G20 भारत 2023 INDIA

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# टेंपो वाले की सजगता से जाल में फंसने से बची बोकारो की 8वीं की छात्रा

# ऑनलाइन हुई दोस्ती, पंजाब का युवक पहुंचा झारखंड, लोगों ने पीटा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

बोकारो। गांधीनगर थाना क्षेत्र की बेरमो पश्चिमी पंचायत की रहनेवाली एक 16 वर्षीय नाबालिग पंजाब के एक युवक के जाल में फंसने से बच गयी। निमियाघाट थाना की पुलिस ने लड़की को इसरी पारसनाथ स्टेशन के पास से बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया है, जबकि युवक और उसका तथाकथित पिता निमियाघाट थाना में हैं। मामले में लड़की तथा उसके परिजनों से सीडब्ल्यूसी (बाल कल्याण समिति) बोकारो की टीम पूछताछ कर रही है।

## क्या है मामला

लड़की की मां दिहाड़ी मजदूरी करती है। उसने बताया कि उसकी पुत्री आठवीं कक्षा की छात्रा है और किसी फ्री फायर एप से गेम खेलने के दौरान उसकी दोस्ती पंजाब के एक युवक कुलदीप सिंह से हो गयी थी। दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला चल पड़ा। इसी बीच बहला-फुसला कर कुलदीप ने उसे घर से भागने की सलाह दी। मेरी पुत्री 7 जून को घर में बिना किसी को बताये स्कूल ड्रेस में ही चंद्रपुरा स्टेशन पहुंची, जहां पर कुलदीप तथा तथाकथित उसके पिता इंतजार कर रहे थे। मेरी पुत्री के वहां पहुंचते ही उसने उसका मोबाइल स्विच ऑफ करवा दिया और उसे ट्रेन से बोकारो स्टेशन ले गये। फिर वहां से वे लोग मेरी पुत्री को लेकर ऑटो से इसरी पारसनाथ स्टेशन ले जा रहे थे। इसी दौरान एक ऑटो चालक को शक हुआ तो वह उक्त युवक और उसके साथ जा रहे व्यक्ति से इसरी पारसनाथ स्टेशन के पास पूछताछ करने लगा। इसके बाद वहां भीड़ जुट गयी।



## की जा रही है पूछताछ

लोगों ने युवक तथा उस व्यक्ति की पिटाई कर दी। मामले की सूचना पर वहां निमियाघाट थाना की पुलिस पहुंच गयी और सभी को थाना ले गयी। फिर वहां से गांधीनगर थाना को सूचित किया गया। इसके बाद लड़की को परिजनों को सौंप दिया गया और मामला सीडब्ल्यूसी गिरिडीह के पास भेज दिया गया। वहां से मामला बोकारो सीडब्ल्यूसी में स्थानांतरित कर दिया गया। बोकारो सीडब्ल्यूसी की टीम ने किशोरी के परिजनों को बोकारो बुला कर पूछताछ शुरू कर दी है। बाल कल्याण समिति, बोकारो जिला के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि किशोरी, उसकी माता और परिजनों को बुला कर पूरे मामले की जांच की जा रही है। लड़का पंजाब का रहनेवाला है। उसकी सारी जानकारी ली जा रही है।


**DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY**
**Ranchi, Jharkhand**

**NOTICE INVITING TENDER**

Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi-834008, Jharkhand invites tenders under two bid system (Part-I: Technical Bid and Part II: Financial Bid), from experienced and reputed contractor/firms/agencies/companies only for **"Renovation in Department of Psychology, MCA, CA, IT and Administrative Section (Old Building) at Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi, Jharkhand."**

| S.No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Publication of Tender Document in University Website | 12.06.2023 at 04:00 PM |
| 2 | Last Date & Time for Submission of Tender Documents | 30.06.2023 till 01:00 PM |

The detailed information about the tender document can be obtained from the office of the Section–Officer (General) or from the University Website:-www.dspmuranchi.ac.in.

Sd/- Registrar
DSPMU, Ranchi

Memo: DSPMU/G/368/23 Dated : 10.06.2023

आजाद सिपाही

रांची, रविवार, 11 जून, 2023

www.azadsipahi.in

04


## एनटीपीसी ने प्याऊ की व्यवस्था करायी



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** भीषण गर्मी और जल संकट को देखते हुए राहगीरों की सुविधा के लिये एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना ने केरेडारी मुख्य चौक और प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्याऊ की व्यवस्था की गयी है। प्याऊ लग जाने से प्रखंड क्षेत्र के दूर दराज से आये लोगों और राहगीरों को अब ठंडी पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी वही प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भी प्रखंड क्षेत्र के सभी सोलह पंचायतों से ग्रामीण आते हैं अब उन्हें भी अब पेयजल उपलब्ध होगी। एनटीपीसी के द्वारा प्याऊ की व्यवस्था कराये जाने पर बिडिओ किस्टो कुमार बेसरा ने धन्यवाद दिया है मौके पर एनटीपीसी के एजीएम सुभास प्रसाद गुप्ता, आशीष कुल्लू, मुकेश कुमार, मो. समीर और अजित कुमार के साथ केरेडारी उप प्रमुख अमेरिका महतो मौजूद थे।

## नियोजन नीति के विरोध में छात्रों ने किया चक्का जाम



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा चलाये जा रहे आंदोलन के चौथे चरण में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने नैतिक समर्थन देते हुए शनिवार को विष्णुगढ़ प्रखंड के सातमाईल मोड़ को एक साथ जाम कर दिया गया। जिससे एनएच सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी। लेकिन जाम के दौरान ध्यान में रखकर परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थियों को रोका नहीं गया साथ ही सभी जरूरी सुविधा को बाधित भी नहीं किया गया। इस दौरान जब जब छात्र बोला है, राज सिंहासन डोला है, 60/40 नाय चलतव, खतियान आधारित स्थानीय लागू करो आदि के नारों से गूंज उठा। इस 31 दिवसीय आंदोलन को चार चरण में बांटा गया है, जिसके पहले चरण में 60/40 नियोजन नीति को रद्द करने को लेकर 81 विधायको और सांसदो से समर्थन लेना था। जिसमे मांडू विधायक जेपी पटेल और बगोदर विधायक विनोद सिंह समेत 72 विधायकों ने 60/40 नियोजन नीति को रद्द करने लिखित समर्थन दिया है। दूसरे चरण में साल पत्ता लेकर ढोल नगाड़े के साथ जनजागरण किया गया। वही तीसरे चरण में 9 जून को मशाल जुलूस सातमाइल मोड़ से निकाला गया जिसमें सातमाइल मोड़ से हॉस्पिटल चौक, अखाड़ा चौक, ब्लॉक रोड होते हुए वापस सातमाईल मोड़ पहुंचा इस दौरान भी 60/40 नाय चलतो, खतियान आधारित स्थानीय लागू करो, नारे का जोरदार प्रदर्शन किया गया साथ ही चौथे और अंतिम चरण में दो दिवसीय आंदोलन में झारखंड बंद शामिल है।

## पारा शिक्षकों का मुख्यमंत्री आवास पर धरना

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** एकीकृत सहायक अध्यापक संप्रति पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा राज्य के निर्णय के अनुसार 17 जून को रांची मुख्यमंत्री आवास पर राज्य के 62 हजार सहायक अध्यापक जुटेंगे। एकीकृत मोर्चा राज्य ईकाई सदस्य वीरेंद्र कुमार राय ने कहा कि सरकार 2021 के समझौते अनुसार सहायक अध्यापक के साथ छल किया। पूरे राज्य में लगभग दो सौ से अधिक शिक्षकों की मृत्यु हो गयी। सरकार न ही कोई सहायता राशि दिया न ही अनुकंपा पर नौकरी। सेवा निवृत्त पर पांच लाख देने थे वह भी नहीं दिया। मृत्यु, दुर्घटना में पांच लाख देने थे वह भी नहीं मिल रहा है। कल्याण कोष लागू करना था वह भी लागू नहीं हुआ। इपीएफ लागू करने थे, वह भी नहीं हुआ। आकलन परीक्षा लेने थे वह भी फाइल मे लटक कर रही है। चुनाव के समय हर मंच पर हेमंत सरकार ने कहा कि तीन महीने में वेतनमान देगें सभी तरह के समझौते खोखले साबित हुआ। सरकार को सहायक अध्यापक बहुत समय दिया लेकिन सरकार अपनी पेट भरने में लगे है सहायक अध्यापक पर ध्यान नहीं है जबकि दिन प्रतिदिन कोई न कोई शिक्षक मृत्यु, दुर्घटना से ग्रसित हो रहे हैं। सभी सहायक अध्यापकों को वेतनमान मिले इसे लेकर 17 जून को मुख्य मंत्री आवास पर भारी संख्या में अपनी मांग को लेकर जुटेंगे। इसे लेकर सभी जिला मे तैयारी चल रही है।

## पेट्रो जलप्रपात में मारपीट, छह घायल



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पेट्रो जलप्रपात में शनिवार की संध्या चोरी हुई मोबाइल मांगने को लेकर हुई झड़प तू-तू मैं-मैं को लेकर पेट्रो से वापस लौटने के क्रम में डुमरी-राजघटी के आसपास रास्ते में बेल्ट, बैट, लाठी डंडे और ईट से जमकर मारपीट हुई। घटना में आधा दर्जन लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि पेट्रो जलप्रपात में लोग इस गर्मी के मौसम में ठंडा पानी में स्नान और मीठे जल का सेवन करने साथ ही साथ पिकनिक मनाने के लिए बिहार से भी लोग आते हैं। शनिवार को बिहार से कुछ लोग आये हुए थे। बिहार से आये हुए विक्की पासवान का मोबाइल चोरी कर लिया गया था, जिसको लेकर विक्की पासवान और अन्य दोस्तों के द्वारा चोरी की गयी मोबाइल एक युवक से मांगी गयी। युवक ने बिहार के युवकों को मोबाइल देने से मना कर दिया जिसके बाद झड़प हो गया। जिससे पेट्रो जलप्रपात में गुस्साये लोगों ने रास्ते में रोककर 30 से 40 की संख्या में स्थानीय युवकों ने जमकर मारपीट कर घायल कर दिया और स्कार्पियो को पीछे साइड और आगे साइड का शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया। घायलों में दीपक कुमार उम्र 19 वर्ष, विक्की पासवान उम्र 26 वर्ष, शंकर सेन उम्र 20 वर्ष, राकेश कुमार उम्र 21 वर्ष, गोपाल पाल उम्र 22 वर्ष, अशोक चौधरी उम्र 25 वर्ष (सभी बिहार के गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के बिच्छा गांव के) शामिल हैं। वहीं सतगावां पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गयी है। समाचार लिखे जाने तक सभी घायल युवक स्थानीय थाना में मौजूद थे और आवेदन देने की तैयारी में हैं।

## फसल राहत योजना को लेकर बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य फसल राहत योजना को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में चंदवारा प्रखंड में संचालित झारखंड राज्य फसल राहत योजना अंतर्गत चयनित किसानों के भुगतान के लिये सूची को अनुमोदित किया गया। जिसमें समिति के सदस्यों द्वारा 3729 कृषकों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को उक्त सूची को राज्य नोडल पदाधिकारी को भेजने का निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह और अन्य मौजूद रहे।

### नकली अंग्रेजी शराब बनाने की फैक्ट्री का उद्भेदन

# छह आरोपी गिरफ्तार

बिनोद

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत बांझेडीह फोरलेन के समीप नकली अंग्रेजी शराब बनाकर और झारखंड उत्पाद का नकली लेवल लगाकर बेचने के मामले का भंडाफोड़ किया गया है। यहां नकली शराब फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर नकली शराब बनाने का काम होता था। इस बाबत जयनगर कांड संख्या 114/23 दिनांक 9.06.23 धारा 272, 273, 420, 467, 468, 471, 120 बी भादवि और 47ए, 47बी, 47ई, 52बी, 55 उत्पाद अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त पंकज कुमार यादव (26, पिता रामेश्वर यादव, ग्राम डूमरडीहा थाना जयनगर), बिपिन कुमार (पिता इंद्रदेव यादव, ग्राम कुमरहुवा थाना रजौली, जिला नवादा), पवन कुमार यादव (23, पिता शंकर यादव, ग्राम चेचाई, थाना कोडरमा), पवन पासवान (20, पिता जगदेव कुमार पासवान, ग्राम चेचाई, थाना कोडरमा), संदीप यादव (20, पिता विजय यादव, ग्राम बदडीहा, थाना कोडरमा), महेश यादव (22, पिता स्व राधे यादव, ग्राम बदडीहा, थाना कोडरमा) को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशनुसार मंडल कारा कोडरमा में भेज दिया है। छापेमारी स्थल से नकली शराब बनाने की सामग्री बोतल स्टीकर, स्प्रिट, ड्रम बरामद किया गया। पकड़े गये दोनों व्यक्ति मकान मालिक पंकज कुमार यादव और विपिन कुमार से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि इस कार्य में हम दोनों के अलावा भोली यादव, पवन कुमार यादव, पवन कुमार पासवान, संदीप यादव, महेश यादव, रवि पंडित, सुभाष कुमार पंडित, मंटू कुमार भी शामिल हैं।



थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने बताया उपरोक्त लोगों के द्वारा बांझेडीह फोर लाइन पंकज कुमार यादव के नये मकान में बड़े पैमाने पर अवैध अंग्रेजी शराब बनाया जा रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि इस प्रकार अवैध रूप से स्प्रिट और केमिकल मिलाकर नकली शराब तैयार कर बोतल बंद कर उस पर नकली ब्रांड का लेबल तथा झारखंड उत्पाद का नकली स्टिकर लगाकर अवैध नकली अंग्रेजी शराब का निर्माण और बिक्री करना संज्ञेय अपराध है।

मौके पर सहायक अवर निरीक्षक सतवीर सिंह, हवलदार विनय रविदास, उमेश प्रसाद सहित अन्य पुलिसकर्मी छापामारी में मौजूद थे।

## तुलेश्वर हेंब्रोम की 11वीं पुण्यतिथि मनी



आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** प्रखंड के ग्राम फूफन्दी मे शहीद तुलेश्वर हेम्ब्रोम की 11 वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। सबसे पहले शहीद के पत्नी शांति देवी ने माल्यार्पण किया, तत्पश्चात मुख्य अतिथि संथाल समाज के केंद्रीय कोषाध्यक्ष एतो बास्के, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद प्रतिनिधि अशोक मेहता, समेत अन्य लोगों ने भी बारी बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर संथाल समाज केंद्रीय उपाध्यक्ष कंदो मरांडी, सचिव पन्नालाल मुर्मू, मुखिया नंदकिशोर कुमार, रमेश हेम्ब्रोम, संतोष ठाकुर, लखिराम मांझी, लालजी मांझी, रितलाल हंसदा, सुरेश टुडू, महेश सोरेन, सुरेंद्र हेम्ब्रोम, छतो हेम्ब्रोम, बाबूलाल टुडू, जगदीश हँसदा, मोतीलाल सोरेन, बिनोद सोरेन, शिबू हंसदा, आदि उपस्थित थी।

## करमा धाम को हाथियों ने किया क्षतिग्रस्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**मरकच्चो।** मरकच्चो प्रखंड समेत आसपास के हजारों लोगों की धार्मिक आस्था का केंद्र करमा धाम उपेक्षा का दंश झेल रहा है। यहां प्रत्येक दिन अन्य राज्यों से सैकड़ों लोग पूजा पाठ करने आते हैं। यहां श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बरसों पूर्व बनाया गया तालाब गर्मी आते ही सूख जाता है। यहां पानी की सुविधा के लिए विधायक मद से सोलर टंकी की व्यवस्था की गयी थी। लेकिन कुछ महीनों पूर्व हाथियों के झुंड ने कर्मा धाम में लगे चार दिवारी, मंदिरों का दरवाजा और सोलर टैंक में लगे पाइप को क्षतिग्रस्त कर दिया। उस समय वहां कार्य कर रहे पंडित समितियों के द्वारा ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया गया था। वन विभाग के ही द्वारा आवेदन देने की बात कही गयी थी। तथा क्षतिपूर्ति देने की भी बात कही गयी थी। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी आज तक वन विभाग चुप्पी साधे हुए है, जिससे ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में काफी रोष व्याप्त है।

### नियोजन नीति 60-40 के विरुद्ध सड़क पर उतरे शिक्षक, छात्र और अधिवक्ता

# बाहरी लोग बन बैठे हैं सांसद-विधायक: अनिरुद्ध

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** झारखंड राज्य स्टूडेंट यूनियन और नागरिक अधिकार मंच के तत्वावधान में झारखंड में 60-40 नियोजन नीति को रद्द कराने, झारखंड के सभी बहालीयों में झारखंड का स्थायी निवासी शब्द को जोड़ने, खतीयानी नियोजन नीति को लागू कराने और झारखंड के मूल निवासियों को नौकरी प्रदान करने की मांगों को लेकर बड़कागांव प्रखंड के मुख्य चौक मे शनिवार कि सुबह से ही सड़क जाम कराया गया। बरका गांव में दो दिनों तक सड़क जाम रहेगा। 11 जून को भी मुख्य चौक पर छात्र-छात्राएं, शिक्षक शिक्षिकाएं अभिभावक वर्ग भी उतरेंगे। सड़क जाम से यात्री बस, और अन्य प्रकार के वाहन दोपहर तक नहीं चले। इससे यात्रियों को परेशानी हुई। सड़क जाम में जरूरत वाहनों और मेडिकल से संबंधित वाहनों को मुक्त रखा गया था। सड़क जाम करने को लेकर बड़कागांव मुख्य चौक में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। मौके पर अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि झारखंड राज्य गठन हुए 23 वर्ष हो गया है, लेकिन आज तक झारखंड के मूल निवासियों को हक और अधिकार नहीं मिला है। सरकार में बाहरी तत्वों को शामिल होने के कारण मूल झारखंडियों नहीं चलती है। उन्होंने कहा कि अधिकांश झारखंड के बाहरी लोग विधायक, सांसद और मंत्री बने हुए हैं, तो वे कैसे झारखंड की भला चाहेंगे। ऐसे लोगों को मंत्री और विधायक और सांसद नहीं बनने देना है।



अधिवक्ता ने यह भी कहा कि हजारीबाग, रांची, चतरा अन्य संसदीय क्षेत्र से चुने गये सांसद अधिकांश झारखंड के मूल निवासी नहीं है। जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि 60-40 नियोजन नीति से झारखंड के बाहर के लोगों का हर नियुक्ति में दबदबा बन जायेगा। और झारखंड के मूल निवासियों को नौकरी से वंचित रहना पड़ जायेगा। मनोज गुप्ता ने कहा कि 1932 खतियान लागू करने से ही झारखंड के मूल निवासियों को हक अधिकार मिलेगा। समाजसेवी लखींद्र ठाकुर ने कहा कि बड़का गांव मे बड़े-बड़े कंपनियां रैयतों से जबरदस्ती जमीन छीन कर करोड़ों रुपये का कोयला निकाल रही है। लेकिन यहां के मूल निवासियों को नौकरी नहीं दे रहे हैं।बल्कि अधिकांश मात्रा में बाहरी लोगों को नौकरी दी जा रही है।इससे मूल निवासियों को शोषण किया जा रहा है। नुक्कड़ सभा का अध्यक्षता मिथिलेश कुमार राकेश कुमार और संचालन मोहम्मद इब्राहिम ने किया। मौके पर रंजन कुमार उर्फ गुड्डू, रामचरित्र प्रसाद, अवधेश कुमार, मोहम्मद जानिसार, मुकेश प्रजापति, मोहम्मद असद, पंचम कुमार, मोनल कुमार, सागर कुमार, विकास कुमार, मोहम्मद कासिम रजा, प्रीति कुमारी, रामदुलार कुमार साव, समाजसेवी सोनू इराकी, सरिता कुमारी, कंचन कुमारी, अफसाना प्रवीण, सोनी कुमारी, तिलेश्वर कुमार समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं झारखंड बंद के समर्थन में बड़कागांव सड़क में उतरे हुए थे।

### कोडरमा जिले के तीन निकायों सहित राज्य के 48 नगर निकायों का अगस्त में चुनाव संभावित

# निर्वाची पदाधिकारियों को मतदाता सूची तैयार करने का निर्देश

संजीव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के झुमरीतिलैया नगर पर्षद और कोडरमा नगर पंचायत का कार्यकाल जून 2020 में समाप्त हो गया। इसके बाद से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और वार्ड सदस्यों की सदस्यता समाप्त हो गयी। तीन वर्षो से चुनाव नहीं होने के वजह से प्रशासक ही विकास कार्यो को देख रहे हैं। वहीं इस वर्ष 28 अप्रैल 2023 को डोमचांच नगर पंचायत का भी कार्यकाल समाप्त हो गया। झुमरी तिलैया नगर पर्षद में प्रशासक विनीत कुमार एवं कोडरमा डोमचांच में प्रशासक के रूप में जितेन्द्र कुमार जैसल कार्य देख रहे है। इधर झारखंड के 48 निकायों में चुनाव कराने के लिए संबंधित जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्तों को पत्र लिखा गया है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से निर्देश के बाद प्रशासन 10 जुलाई तक नगर निकायों के अंतिम मतदाता सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। संभावना जतायी जा रही है अगस्त 2023 में सरकार नगर निकाय चुनाव संपन्न करा लेगी। इधर राज्य निर्वाचन आयोग का पत्र मिलते ही आम निर्वाचन 2023 निर्वाचन के लिए मतदाता सूची की तैयारी के साथ ही निर्वाचन आयोग के निर्देश का अनुपालन शुरू हो गया है। मालूम हो कि चुनाव को लेकर 7-8 माह पूर्व झुमरीतिलैया नगर पर्षद में अध्यक्ष उपाध्यक्ष और वार्ड सदस्य के दावेदार सक्रिय हो गये थे। और जनसंपर्क अभियान के साथ-साथ सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार भी शुरू कर दिया था। नवम्बर 2022 में विखंडन कार्य किया गया था लेकिन एकाएक चुनाव पर ब्रेक लग गया था। मिली जानकारी के अनुसार झुमरी तिलैया के 28 वार्ड में लगभग 65 हजार कोडरमा नगर पंचायत में 15 वार्डो के लिए 19 हजार तथा डोमचांच में 14 वार्ड के लिए 18500 मतदाता का नाम दर्ज है और यह संख्या कुछ ओर बढेगी। चुनाव को लेकर क्षेत्रवार मतदाता सूची का विखंडीकरण - 5 से 17 जून तक, मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 19 जून तक, दावा व आपत्ति प्राप्त करना - 1 जुलाई तक, दावा व आपत्ति का निराकरण-6 जुलाई, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन-6 जुलाई और तैयार मतदाता सूची आयोग को उपलब्ध कराना-10 जुलाई की तिथि निर्धारित की गयी है।




## विधायक ने पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हिरोडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम कोसमाडीह से छोटकी हिरोडीह पीसीसी, गाडवाल डीवीसी केटीपीएस (बांझेडीह) का शिलान्यास विधायक अमित कुमार यादव, प्रभारी डीजीएस सह सीएसआर हेड हरिशचन्द्र सिंह के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया गया। सीएसआर के तहत 20 लाख 93 हजार से उक्त योजना पूरी की जायेगी।विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि क्षेत्र का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता है। मौके पर भाजपा जयनगर मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी, महामंत्री यमुना यादव, पंसस सुरेन्द्र राणा, मुखिया प्रतिनिधि मनोहर यादव, मिडीया प्रभारी दीपक बर्णवाल, जनता विश्वास, मुन्ना मोदी, ओम साईं के संवेदक मनोज सिंह, अवित सिंह, छोटेलाल सिंह, राजकुमार पासवान, परमानंद गिरि, महेंद्र चौधरी, संजय मोदी, अरविंद यादव, राजू साव, अशफ़ाक अंसारी, राहुल कुमार मोदी, बहादुर यादव, लेखो यादव सहित दर्जनों महिला-पुरुष मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत हसनाबाद मस्जिद के समीप शुक्रवार की रात एक सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। जिसमें से एक गंभीर रूप से घायल को प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार डोमचांच निवासी रोशन कुमार (उम्र 25 वर्ष, पिता मुकुंद मेहता) और मुकेश कुमार (उम्र 22 वर्ष, पिता राजू मेहता) मोटरसाइकिल से मस्जिद के समीप से गुजर रहे थे। इस दौरान असनाबाद निवासी जाहिद आलम (उम्र 40 वर्ष, पिता जमीर मियां) मोटरसाइकिल की चपेट में आ गये। जिसके बाद तीनो लोग घायल हो गये हैं। घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए तुरंत सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद जाहिद आलम को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। बाइक सवार दोनों घायल का इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा है।

## गाय पालन रोजगार परक व्यवसाय है: अमरदीप



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोडरमा में गाय पालन तथा वर्मी कंपोस्ट निर्माण प्रशिक्षण का शुभारंभ बैंक ऑफ इंडिया हिरोडीह शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अजीत कुमार तथा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोडरमा के निदेशक अमरदीप केशरी के ने संयुक्त रूप से किया। इस प्रशिक्षण में पूरे जिले भर से 35 युवक तथा युवती इसमें हिस्सा ले रहे है। जिन्हें गाय पालन तथा वर्मी कंपोस्ट निर्माण का 10 दिन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर निदेशक अमरदीप केसरी ने बताया कि गाय पालन एक बहुत ही रोजगार परक व्यवसाय है। इन दिनों गौपालन के क्षेत्र में नयी-नयी वैज्ञानिक खोजें की गयी है जिससे कम मेहनत में अधिक लाभ कमा सकते हैं। साथ ही बाछा बाछी को बेच कर अतिरिक्त लाभ कमाया जा सकता है। साथ ही गोबर के विभिन्न उपयोग है जैसे जलावन, गोबर गैस प्लांट, गोबर खाद जो की ऑर्गेनिक खेती का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। बैंक ऑफ इंडिया हिरोडीह के शाखा प्रबंधक अजीत कुमार चौरसिया ने कहा कि जीवन स्तर सुधारने के लिए वर्तमान में हुनर होना आवश्यक है। गाय पालकों के लिए बैंक की विभिन्न स्कीम के बारे में विस्तार से बताया तथा प्रशिक्षणार्थियों से बैंक से ऋण लेकर गाय पालन शुरू करने की बात बताई। इस अवसर पर अतिथि प्रशिक्षक रामचंद्र महतो, प्रशिक्षक पवन कुमार शर्मा, कार्यालय सहायक मंजीत यादव, रीना कुमारी सहित प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## रामधनी मंडल का 41वां शहादत दिवस मना



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** शनिवार को शहीद रामधनी मंडल का 41वां शहादत दिवस विष्णुगढ़ के बंदखारो गाव में मनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता बिष्णुगढ़ प्रखंड झामुमो अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने की तथा संचालन जिला मीडिया प्रभारी संजय पटेल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झामुमो हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव और विशिष्ट अतिथि केंद्रीय समिति सदस्य रामकिशोर मुर्मू, जिला सचिव नीलकंठ महतो , रामकिशोर महतो उपस्थित थे। मौके पर जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव ने कहा कि शहीद रामधनी मंडल , साधु , सैनाथ , शनिचर महतो पूर्व विधायक स्व टेकलाल महतो के सच्चे साथी थे। और उन्होंने झारखंड अलग राज्य आंदोलन में टेकलाल बाबू के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपना बहुमूल्य योगदान दिया। शहीद रामधनी मंडल सामन्तवादियों द्वारा किये जा रहे शोषण के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद करते रहे और अपने क्षेत्र में गरीब गुरबों की आवाज बनकर काम करते थे। ज़िला सचिव नीलकंठ महतो ने कहा कि शहिद रामधनी मंडल इस क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा से समर्पित थे और आम जनों की लड़ाई लड़ते लड़ते शहीद हुए। इस अवसर पर सबों ने बारी बारी से शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । तथा झामुमो मांडू विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौरव पटेल जी के माध्यम से शहीद के परिवार जनों को अंगवस्त्र देकर भेंट किया । मौके पर प्रमुख रूप से झामुमो अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी, अधिवक्ता चंद्रनाथ भाई पटेल , जोबर पंचायत अध्यक्ष सोनम पटेल उर्फ (टेकामन महतो) , अजय कुमार मंडल , बासुदेव साव , लालचंद मंडल , महेंद्र महतो , भीम महतो , अमृत ठाकुर चंद्रशेखर महतो , सोभी मंडल , सैलून खान उपस्थित थे।

## चंद्रप्रकाश ने नेत्रदान की घोषणा की



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बदलते वक्त के साथ हर कुछ बदल रहा है। लोग समाज के प्रति जागरूक हो रहे हैं, तो वहीं कुछ लोग समाज की सेवा से अपने आप को दूर करते नजर आ रहे हैं। पर कहते हैं ना कि जिनके रगों में सामाजिक सेवा दौड़ती है वह जीवन के अंतिम क्षण तक सेवा देते हैं और मृत्यु के बाद भी सेवा देने का प्रयास करते हैं। इसी चीज को हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक सह वरिष्ठ समाजसेवी चंद्र प्रकाश जैन ने चरितार्थ किया है। विश्व नेत्रदान दिवस के अवसर पर नेत्रदान करने का घोषणा किया है। उन्होंने शनिवार को इंटरनेट के माध्यम से आई बैंक एसोसिएशन ऑफ इंडिया में अपना पंजीकरण करवाया है, जिसके बाद उनको एसोसिएशन के माध्यम से डोनर कार्ड प्राप्त हुआ है। इस बात की जानकारी श्री जैन ने अपने घर के तमाम सदस्यों और इष्ट मित्रों को जानकारी दे दिया है। मौके पर चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि जीवन के अंतिम क्षण तक सेवा में समर्पित रहूंगा। साथी सभी लोगों से भी अनुरोध करता हूं कि आप सभी इस मुहिम में जुड़े। साथ ही कहा की मेरी आंखे मरने के बाद किसी अन्य जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में खुशहाली ला देगी। जो मेरे लिए सौभाग्य से कम न होगा।

## प्रखंडों में कल आयोजित होगा बिजली बिल सूद माफ शिविर

चतरा (आजाद सिपाही संवाददाता)। जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में एकमुश्त विद्युत बिल सूद माफी योजना शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह योजना अगामी 12 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक सभी प्रखंड मुख्यालयों में आयोजित की जायेगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रत्येक प्रखंड में विद्युत विभाग के कर्मचारी से संपर्क किया जा सकता है। जिसमें चतरा प्रखंड के लिए बलबीर कुमार, मोबाइल नंबर 9334425270, कान्हाचट्टी मुकुंद कुमार- मो 7992308001, हंटरगंज आशीष कुमार - मो 9798158829, मयुरहंड मंटु सिंह मो 8340759196, इटखोरी प्रखंड विकास कुमार मो0 9097746261, गिद्धौर पंकज कुमार मो 9123154141, सिमरिया जितेन्द्र कुमार मो- 9608974268, लावालौंग दिनेश घांजू मो 6299261351, टंडवा चेदी महतो मो 7033847070, प्रतापपुर प्रखंड दिपेन्द्र कुमार मो 9304020275, और कुंदा प्रखंड के प्रागुण यादव मोबाइल नंबर 7759021173 शामिल हैं।

# बंद ने थामी जीवन की रफ्तार, समर्थकों का सड़क पर बवाल

**एनएच 33 और 23 रहा 6 घंटे तक जाम, यात्री परेशान**

**4 सालों की सरकार में छात्रों को हक नहीं लाठियां मिली: छात्र**





आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के आह्वान पर 60-40 नियोजन नीति के खिलाफ दो दिवसीय बंद को लेकर रामगढ़ में भी बंद का असर दिखा। शनिवार की सुबह करीब 6 बजे से ही बंद समर्थक सड़कों पर जमा हुए। इस दौरान बंद समर्थकों ने रांची-पटना मुख्य मार्ग एनएच 33 और रामगढ़-बोकारो एनएच 23 को जाम कर दिया। बंद समर्थकों ने सड़क पर टायर जलाकर करीब 6 घंटे तक जाम रखा। सड़क पर उतरे बंद समर्थकों ने हाथों में तख्तियां लिए झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर बवाल काटा। साथ ही 60-40 नाय चलतो, नाय चलतो, छात्र एकता जिंदाबाद आदि नारेबाजी करते रहे।

**आवागमन पूरी तरह बाधित :** 60-40 नियोजन नीति के खिलाफ झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के तत्वधान में आहूत बंद को लेकर रामगढ़ के रांची-पटना मुख्य मार्ग एनएच 33 और रामगढ़-बोकारो एनएच 23 करीब 6 घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा।

**चिलचिलाती धूप और जाम में फंसे यात्री:** चिलचिलाती धूप और जाम में फंसे यात्री पानी के लिए तरसते नजर आएं। छोटे-छोटे बच्चे जाम में फंसने के कारण परेशान दिखे।

**जाम में फंसे कई अधिकारी:** 60-40 नियोजन नीति के खिलाफ सड़क पर उतरे बंद समर्थकों ने जिले के अधिकारियों की भी एक न सुनी। जिले के अधिकारी सहित पुलिस अधिकारियों के कई वाहन कतार में खड़ी रही।

**छात्रों को हक नहीं लाठियां मिली:** सड़क पर उतरे बंद समर्थकों में शामिल छात्र छात्राओं ने कहा कि 4 सालों तक महागठबंधन की सरकार में छात्रों को उनका हक नहीं लाठियां मिली है। जब-जब छात्र आंदोलित हुए हैं सरकार दबाने का ही काम किया है। हमारी मांग है कि 1932 खतियान आधारित नियोजन नीति बनाई जाए, जब तक मांगे पूरी नहीं होगी हम छात्र-छात्राएं सरकार की नींद हराम करते रहेंगे। जब तक मांगे पूरी नहीं होगी छात्रों का आंदोलन जारी रहेगा।

**मूकदर्शक बनी रही पुलिस:** जाम के दौरान सड़कों पर एहतियात के तौर पर काफी संख्या में पुलिस बल नजर आए। आंदोलन पर डटे छात्रों को पुलिस समझाने बुझाने का असफल प्रयास जरूर किया। लेकिन बंद समर्थकों के आगे एक ना चली। सड़क जाम जारी रहा।

**लगभग 6 घंटे बाद पुलिस बल के साथ पहुंचे एसडीओ, एसडीपीओ :** नियोजन नीति के खिलाफ बंद समर्थकों को समझाने बुझाने में पुलिस पूरी तरह विफल दिखी। इस दौरान एसडीओ मो जावेद हुसैन, एसडीपीओ किशोर कुमार रजक सदलबल के साथ पहुंचे और कोठार ओवर ब्रिज के नीचे सड़क जाम कर रहे छात्रों को खदेड़ा। इस दौरान थोड़ी देर के लिए भगदड़ मच गई। इसके बाद रामगढ़ बोकारो एनएच 23 को जाम मुक्त कराया। वही, एनएच 33 पर जमे छात्रों को समझाने के लिए पहुंचे। वही, एसडीओ ने अधिकारियों स्पष्ट निर्देश दिया कि जल्द जल्द से सड़क जाम हटाकर एफआइआर कर सूचना दे। वही, छात्रों नर ऊपरी आदेश के बाद करीब 12.10 बजे सड़क जाम से हट गए। जिसके बाद यातायात सुचारू रूप से चालू हो पाई। हालांकि यातायात सुचारू रूप से चलाने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# विभाग की छापेमारी में नकली शराब बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** उत्पाद विभाग द्वारा बिहार-झारखंड के सीमा पर अवस्थित हंटरगंज प्रखंड के नावाडीह पनारी गांव में छापामारी अभियान चलाकर काफी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया। उत्पाद अधीक्षक के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर पनारी गांव में छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें गांव के विभिन्न स्थलों से आरएस 375 एमएल के 335 बोतल, आइबी 350एमएल के 104 बोतल, 375 एमएल का336 बोतल, माइकडोवेल नंबर 1750 एमएल का 60 बोतल, 375 एमएल का 404 बोतल, 7 पीएम 180 एमएल का 620 बोतल, बी7 375 एमएल का 240 बोतल, टयुबोर्ग 500 एमएल का 120 पीस, कुल 720 लीटर अवैध बिदेषी शराब तथा भारी मात्रा में नकली शराब और स्टीकर भी बरामद किया गया। इस संदभ में गांव के राजेन्द्र यादव का पुत्र राजेश यादव, सुकुल यादव का पुत्र संजय यादव, लखन यादव का पुत्र सुनील यादव, शिव यादव का पुत्र जितेन्द्र यादव, मूलचंद यादव का पुत्र केल यादव, सुखदेव यादव का पुत्र कारू यादव और ग्राम घंघरी के अजय दास के विरूद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कारवाई की जा रही है।

इस छापामारी दल में उत्पाद अधीक्षक शिव कुमार साहु, उत्पाद अवर निरीक्षक निर्मल मरांडी और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

## युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

चतरा (आजाद सिपाही)। वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र के निजरा गांव निवासी राजेश कुमार का 20 वर्षीय पुत्र अविनाश कुमार उर्फ गोलू की मौत सड़क दुर्घटना में हो गयी। जानकारी के अनुसार सुबह करीब आठ बजे अपने अपाची बाइक से जोरी जा रहा था। इसी दौरान घर से कुछ दूरी पर जोरी-प्रतापपुर मुख्य पथ पर निजरा गांव के समीप सामने से आ रही पिकअप ने उसे चकमा दिया। जिससे उसका मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे महुआ के पेड़ से जा टकराया और वह बुरी तरह घायल हो गया। घायल युवक को हंटरगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद मगध मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल रेफर कर दिया गया। मगध मेडिकल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी।

# समस्या दूर कर रहे भू-राजस्व कर्मचारी: सीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** चतरा उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार टंडवा सीओ विजय कुमार दास ने राजस्व व उपनिरीक्षकों को पंचायत स्तरीय कर्मियो के लिये पंचायतवार कार्य दिवस निर्धारित किये गये है। ताकि पंचायत स्तरीय कार्यो का निष्पादन सुचारू रूप से किया जा सके। इसमें 19 पंचायत वाली टंडवा प्रखंड के हल्का कर्मचारी राजस्व, निम्न प्रकार से पंचायत कार्य दिवस पर उपलब्ध होंगे। इनमे से 1.पदमपुर, 2.धनगडा में दिन सोमवार और बुधवार को अभय रंजन, 3.मिश्रोल 4.नावाडीह उर्फ तेलियाडीह के पंचायत भवन में दिन सोमवार और बुधवार को सर्वेश कुमार सिंह, 5.कबरा, 6.कसियाडीह उर्फ पोकला पंचायत भवन में दिन सोमवार और बुधवार को शिव कुमार मंडल, 7.कोयद, 8.सराढु पंचायत भवन में सोमवार और बुधवार को रोहित कुमार, 9.गारिलौंग, 10.टंडवा, 11.राहम पंचायत भवन में सोमवार, गुरुवार, शनिवार को कृष्णा प्रसाद दांगी, 12.बड़गांव, 13 डहु पंचायत भवन में सोमवार और बुधवार को अम्बिका रजक, 14.बहेरा 15.कल्याणपुर पंचायत भवन में सोमवार और बुधवार को इंद्र कुमार होंगे। वही 16.किचटो, 17.बचरा दक्षिणी 18.बचरा उतरी पंचायत भवन में दिन सोमवार गुरुवार शनिवार को अम्बिका रजक एव 19 बेंती पंचायत में दिन बुधवार को कृष्णा प्रसाद दांगी कार्य दिवस पर उपलब्ध होकर जनता की भूमि संबंधी कार्यो का निष्पादन करेंगे। वही सीओ ने जिला उपायुक्त के निदेश का अक्षरसः पालन करने की राजस्व कर्मचारियो को आग्रह किया है। उन्होंने पंचायतो में कार्य दिवस में समस्याओ का निष्पादन करेंगे तथा की गयी करवाई का प्रतिवेदन अंचल कार्यालय में 4:30 बजे अपराह्न तक समर्पित करने की बात बताई गयी है। सीओ विजय कुमार दास ने आजाद सिपाही संवाद दाता के एक प्रश्न के जवाब में बताया की टंडवा अंचल एक समय जनता की समस्याओं का फाइल वर्षो से लंबित पड़ी थी। वही सीओ विजय कुमार ने बताया की हमारे कार्यकाल में एक भी लंबित फाइल नही बची सभी समस्याओ का तेजी से निष्पादित किया गया है, अभी हमारे पास कोई कार्य लंबित नही है। वही सीसीएल से विस्थापित गांव मनवाटोंगरि के प्रश्न पर बताया की 80% अधिक का भूमि सत्यापन हो चूका है। शीघ्र ही सीसीएल प्रबंधन को शत प्रतिशत विस्थापितों की पूरी भूमि का सत्यापन कर सौप दी जायेगी बताया।

## उज्ज्वला फाउंडेशन की मासिक बैठक संपन्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** स्वंयसेवी संस्था उज्ज्वला फाउंडेशन की मासिक बैठक मोतीराम कांपलेक्स, बोंगावार में हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति और संचालन उपाध्यक्ष शांति देवी और वीणा देवी ने की। बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी व सदस्यों ने अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की। तत्पश्चात सदस्यों ने फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति का 65वां जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाते हुए ईश्वर से दीघार्यु होने की कामना की। साथ ही, जगेश्वर प्रजापति ने केक काटते हुए लोगों का आभार व्यक्त किया। साथ ही, कहा कि फाउंडेशन का निर्माण जिस उद्देश्य के साथ किया गया है उसे आगे बढ़ाने के लिए निरन्तर प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन से जुड़ी महिलाएं आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर है। मौके पर कौशल्या देवी, आशा कुमारी, मनसरी देवी, सुनीता देवी, सुमन देवी, पूनम देवी, प्रियंका देवी, सावित्री देवी, स्वाति देवी, सोनी देवी, सपना देवी, नैना देवी, गिरजा देवी, बंधनी देवी, सोनी देवी, अनीता देवी, मीना देवी, सविता देवी, गुड़िया देवी, मीनू देवी, किरण देवी, देवंती देवी, निबुला देवी, किरण देवी के अलावे दशरथ प्रसाद केसरी, प्रकाश केसरी, जनक प्रसाद, सुखदेव प्रसाद सोनी मौजूद रहे।

# ओरला में संगठन मजबूती को लेकर जदयू की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** जदयू ने शनिवार को ग्राम ओरला के सरना स्थल में संगठन मजबूती को लेकर बैठक आयोजित की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के रामगढ़ जिलाध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू मौजूद रहे। बैठक के दौरान ज्योतिंद्र प्रसादी साहू ने कहा की ओरला पंचायत क्षेत्र में पार्टी संगठन को खड़ा करते हुये नीतीश बाबू और खीरू महतो के संदेश को जन - जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। तत्पश्चात ग्रामीणों की सहमति से जदयू पार्टी के लिए ओरला पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा, सचिव राजकुमार नायक, कोषाध्यक्ष सुनील मुंडा और उपाध्यक्ष देवकी करमाली मनोनित किये गए। मौके पर मिटन करमाली, दिनेश करमाली, विजय करमाली, मनोज मुंडा, मिंटू करमाली, सुनील करमाली, जितू करमाली, दीपक करमाली, सुभाष करमाली, विशाल करमाली, बजरंग करमाली, अजय करमाली, वंशी करमाली, किसून तूरी, दिलीप करमाली, राजकुमार भुइयां, शंकर नायक, दीपक मुंडा, अशोक यादव, गोपाल मुंडा, हरेश करमाली, सिकंदर करमाली समेत कई लोग शामिल रहे।

## भुरकुंडा में करियर काउंसिलंग



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। पटेलनगर स्थित कुमार क्लासेस के मार्गदर्शन में आयोजित करियर काउंस्लिंग बोर्ड स्कॉलरशिप टेस्ट 2023 के सफल प्रतिभागियों के लिए शनिवार को संस्था में करियर काउंस्लिग का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने अपनी इच्छानुसार स्कॉलरशिप के आधार पर विभिन्न कॉलेजों में अलग-अलग कोर्सेस जैसे डिप्लोमा, बीसीए, नर्सिंग आदि में अपना नामांकन कराया। मौके पर संस्था के निदेशक संतोष कुमार ने बताया कि बच्चे कांउस्लिंग में बड़े उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं। साथ ही अपने स्कॉलरशिप के आधार पर टेक्निकल कोर्स में अपना नामांकन करा रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरआईटी कोडरमा के प्रो. रंजन कुमार ठाकुर, शिक्षक संतोष कुमार, अंजू और जूली का विशेष योगदान रहा।

## जनसभा में शामिल होने भाजपा कार्यकर्ता हजारीबाग गये



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल सहित आसपास क्षेत्रो के दर्जनो भाजपा कार्यकर्ता हजारीबाग हिंदू हाई स्कूल में आयोजित नौ साल बेमिसाल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण विशाल जनसभा में शामिल होने के लिए शनिवार को भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के नेतृत्व में रवाना हुए। रवाना होने वाले में सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, दक्षिणी प्रमंडलीय सह प्रभारी ओबीसी मोर्चा योगेश दांगी, एसी मोर्चा के जिला प्रभारी जुगल नायक, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमितेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि पतरातु सुखदेव प्रसाद, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, सत्येंद्र नारायण सिंह, अमरेश सिंह, अशोक सोनी, महेंद्र सिंह, ज्योति सिंह, अजय पासवान, सुभाष दास, अनूप पाठक, संतन सिंह, देव कुमार सिंह, बाबूलाल नायक, अखिलेश टोप्पो, राजू मल्होत्रा, राजेश गुप्ता, जेपी पांडेय, अमिता सोनी, बसंती देवी, अंजू कुमारी, विजय कुमार, राजकुमार, प्रेम दुबे, आनंद मंडल सहित अन्य शामिल थें।

# युवा मोर्चा ने निकाला मोटरसाइकिल जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा पतरातू मंडल के नेतृत्व में पीटीपीएस पतरातू स स्टेशन रोड पतरातू होते हुये व्लोक मोड पतरातू तक मोटरसाइकिल जुलूस निकाली गयी। इस मौके पर भाजयुमो पतरातू मंडल अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर, अंबर कुमार, राजेश सोनी, त्रिलोकी गिरी, कृष्णा मुंडा, परमानंद राजीव, राजीव महतो, रविंद्र कुमार, प्रकाश महत्व,चंदन कुमार राजकुमार, रोशन कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मोटरसाइकिल जुलूस में शामिल थे।

## भुरकुंडा में सांसद प्रतिनिधि का भाजपाइयों ने मनाया जन्मदिन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बिरसा चौक भुरकुंडा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह का शनिवार को जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह ने केक काटा। साथ ही लोगो के बीच केक व मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर योगेश दांगी, जुगल नायक, लक्ष्मी देवी, अमितेश सिंह, सुखदेव प्रसाद, सतीश मोहन मिश्रा, सत्येंद्र नारायण सिंह, अमरेश सिंह, अशोक सोनी, महेंद्र सिंह, ज्योति सिंह, अजय पासवान, अनूप पाठक, संतन सिंह, सुभाष दास, अखिलेश टोप्पो, राजू मल्होत्रा, देव कुमार सिंह, बाबूलाल नायक, राजेश गुप्ता, जेपी पांडेय, अमिता सोनी, बसंती देवी, अंजू कुमारी, विजय कुमार, राजकुमार, प्रेम दुबे, आनंद मंडल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक, डीसी-एसपी ने दिये कई निर्देश

# बालू खनन पर रोक के एनजीटी के आदेश को सख्ती से लागू करें : माधवी मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में शनिवार को आयोजित की गयी। बैठक अध्यक्षता डीसी माधवी मिश्रा ने किया। मौके पर एसपी पीयूष पांडेय मौजूद थे।

इस दौरान डीसी और एसपी द्वारा जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिये गए निर्देश के आलोक में किए गया कार्यों की जानकारी ली गयी।



**एनजीटी लागू होने के बाद डीसी ने दिया आदेश**

मौके पर डीसी माधवी मिश्रा ने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा जारी निर्देश के आलोक में 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू के उठाव पर पूरी तरह से रोक है। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य अधिकारियों को सख्ती से इसका अनुपालन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 10 जून से 15 अक्टूबर तक की अवधि में केवल आधिकारिक स्टॉकिस्ट के द्वारा ही बालू का विक्रय किया जा सकेगा। इस दौरान उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य कर रहे स्टॉकिस्ट का नियमित रूप से निरीक्षण कर उनके स्टॉक की जांच करने का निर्देश दिया।

**कोयला के अवैध खनन क्षेत्रों को चिह्नित कर कार्रवाई करें**

बैठक में डीसी ने कहा कि आगामी बरसात के मौसम के मद्देनजर लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर यह बहुत जरूरी है कि सभी एजेंसियों और जिला प्रशासन के अधिकारी अपने किसी भी क्षेत्र में अवैध मुहानों के माध्यम से कोयला ना निकालें। इसके लिए उपायुक्त ने एजेंसियों और जिला प्रशासन के अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर सभी अवैध मुहानों को अच्छी तरह से बंद रखना सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

# देश में डायबिटीज की चुनौती

देश में डायबिटीज के मरीजों की संख्या को लेकर आये ताजा आंकड़े निश्चित रूप से चौंकाने वाले हैं, लेकिन इन्हें चेतावनी के रूप में भी देखा जाना चाहिए। जाने-माने हेल्थ जर्नल लांसेट में प्रकाशित इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आइसीएमआर) की ताजा स्टडी के मुताबिक देश में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 10 करोड़ से ऊपर हो गयी है। हैरानी की बात यह है कि पिछले चार साल के अंदर इसमें 44 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। जो बात इन आंकड़ों को ज्यादा गंभीर बनाती है, वह यह भी है कि प्री-डायबिटीज मामलों की संख्या भी कम नहीं है। ताजा सर्वे के मुताबिक अगर देश की 11.4 फीसदी आबादी डायबिटीज से पीड़ित है, तो 15.3 फीसदी लोग प्री-डायबिटीज श्रेणी में हैं। प्री-डायबिटीज कैटिगरी में उन लोगों को रखा जाता है, जिनका ब्लड शुगर लेवल सामान्य से ज्यादा होता है, लेकिन इतना ऊपर नहीं होता कि टाइप-2 डायबिटीज की कैटिगरी में शामिल किया जा सके। ये ऐसे लोग होते हैं, जिनके डायबिटिक होने का अंदेशा रहता है। प्री-डायबिटीज का कोई मामला डायबिटीज में शामिल होगा या नहीं और होगा तो कितने समय में, इसे लेकर निश्चित तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन एक्सपर्ट्स आम तौर पर मानते हैं कि ऐसे एक तिहाई मामले डायबिटीज में तब्दील हो जाते हैं। दूसरे एक तिहाई मामले प्री-डायबिटीज कैटिगरी में ही बने रहते हैं, जबकि आखिरी एक तिहाई जीवनशैली में बदलाव और ऐसे अन्य उपायों से बेहतर होकर नॉर्मल स्थिति में लौट जाते हैं।

**आइसीएमआर की ताजा स्टडी के मुताबिक देश में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 10 करोड़ से ऊपर हो गयी है। हैरानी की बात यह है कि पिछले चार साल के अंदर इसमें 44 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।**

अगर प्री-डायबिटीज के एक तिहाई मामले भी डायबिटीज में कन्वर्ट हुए तो स्वास्थ्य के मोर्चे पर अगले कुछ वर्षों में गंभीर चुनौती पैदा हो सकती है। खास कर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में, जहां हर एक डायबिटिक व्यक्ति पर प्री-डायबिटीज के क्रमशः चार और तीन मामले बताये जा रहे हैं। इन हालात में खास तौर पर किडनी पेशंट्स की संख्या में इजाफा होने जैसी स्थितियों के लिए तैयार रहने की जरूरत है। ऐसे कई मरीजों को डायलिसिस की जरूरत पड़ती है। न केवल ऐसी मशीनें कम हैं और ज्यादातर शहरी केंद्रों तक सीमित हैं, बल्कि उनका बेहद खर्चीला होना भी उन्हें ज्यादातर किडनी मरीजों की पहुंच से दूर कर देता है। एनजीओ और अन्य सेवाभावी संस्थाओं की ओर से जहां-तहां ऐसी सेवाएं मुफ्त या कम कीमत पर उपलब्ध करायी जा रही हैं, लेकिन यह अव्यवस्थित, अनियमित और अपर्याप्त हैं। हाल में केरल सरकार की ओर से जरूर राज्य में किडनी पेशंट्स को फ्री डायलिसिस सेवा उपलब्ध कराने की एक योजना लॉन्च की गयी है, जिसके तहत हर जिले के कम से कम एक प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र में इसे शुरू करने की बात है। यह पहल सराहनीय तो है ही, अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय भी है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**हकीकत यह है कि दुनिया कुछ भी कहे और प्लास्टिक की जितनी चाहे बुराई कर ले, प्लास्टिक का इस्तेमाल रुकने वाला नहीं है। कारण यह है कि 400 मिलियन टन वार्षिक इसका उत्पादन होता है। 10 प्रतिशत से भी कम रिसाइकल होता है कुछ समुद्र में चला जाता है और शेष अपना घातक प्रभाव छोड़ता जाता है। बताते हैं कि इंसान हर साल लगभग 50 हजार माइक्रो प्लास्टिक के कण उपभोग करता है यानी खा जाता है जो सेहत के लिए हानिकारक है।**

# पर्यावरण पर उपदेश और नसीहत की बजाय सोच बदलें



**पूरन चंद सरीन**

प्रति वर्ष जून में विश्व पर्यावरण दिवस एक परंपरा निभाने की तरह मनाया जाता है। इसकी शुरुआत सन 1972 में संयुक्त राष्ट्र के स्टॉकहोम अधिवेशन में हुई। इसे सामान्य नागरिक को स्वस्थ वातावरण देने और उसका बुनियादी अधिकार मानने के संकल्प की तरह देखा गया। हर साल एक थीम चुना जाता है और उसके अनुसार दुनिया भर में जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम बनाए जाते हैं और एक रिचुअल यानी रस्म अदायगी के बाद भुला दिया जाता है। इस बार भी प्लास्टिक के नुक्सान और उससे होने वाले प्रदूषण को समाप्त करने का थीम रखा गया।

## कथनी और करनी

हकीकत यह है कि दुनिया कुछ भी कहे और प्लास्टिक की जितनी चाहे बुराई कर ले, प्लास्टिक का इस्तेमाल रुकने वाला नहीं है। कारण यह है कि 400 मिलियन टन वार्षिक इसका उत्पादन होता है। 10 प्रतिशत से भी कम रिसाइकल होता है कुछ समुद्र में चला जाता है और शेष अपना घातक प्रभाव छोड़ता जाता है।

बताते हैं कि इंसान हर साल लगभग 50 हजार माइक्रो प्लास्टिक के कण उपभोग करता है यानी खा जाता है, जो सेहत के लिए हानिकारक है। यह बात इसलिए बतायी कि जब उत्पादन बंद नहीं होगा तो किस मुंह से प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से बचने की बात की जाती है। कुछ दिन पहले सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने की बात सुनाई दी थी जो अब हवा हवाई हो चुकी है और धड़ल्ले से इसका पहले से भी ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है क्योंकि इसका उत्पादन बढ़ रहा है।

**इंसान हर साल लगभग 50 हजार माइक्रो प्लास्टिक के कण उपभोग करता है यानी खा जाता है, जो सेहत के लिए हानिकारक है।**

**वैज्ञानिकों का मानना है कि कई नष्ट हो गये और अपनी उपयोगिता समाप्त कर चुके उपकरणों का यह कचरा पृथ्वी पर इंसान की अनेक मुसीबतों के लिए जिम्मेदार है। प्रश्न यह है कि क्या वैज्ञानिकों ने यह नहीं सोचा होगा कि इस आकाशीय कचरे को निपटाने की क्या विधि होनी चाहिए, ताकि मानव जीवन पर संकट न आये?**

## पर्यावरण की व्याख्या

पर्यावरण या वातावरण को सीधी तरह समझा जाए तो यह और कुछ नहीं, बल्कि प्र से प्रकृति का आवरण या पर्दा है जो संसार के सभी जीवधारियों की सुरक्षा के लिए बना है। इसी प्रकार वातावरण का वात या वायु का आवरण या पर्दा है जो जीवन को बचाए रखता है क्योंकि हवा न हो तो सांस नहीं ले सकते और जीवन समाप्त। कुदरत ने हमारी रक्षा के लिए अपने आवरण के जरिए उन सब चीजों का प्रबंध किया जो जरूरी हैं। हमने क्या किया, इस पर्दे को जितना हो सके नष्ट करने का काम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रकृति का सिद्धांत है कि सभी जीव, पेड़-पौधे जन्मते हैं और मृत होते हैं और संसार चलता रहता है।

प्रकृति ने अपने आवरण के बाहर यानी अंतरिक्ष, धरती और नीचे ऐसी व्यवस्था की जहां इंसान की पहुंच नहीं थी लेकिन ये सब उसके जीवन के लिए अनिवार्य थीं।

विज्ञान ने इन जगहों पर भी जाना संभव कर दिया। यहां तक सब ठीक था क्योंकि प्रगति के लिए टैक्नोलॉजी चाहिए थी। कृषि हो, उद्योग हो, व्यापार हो, संचार और आवागमन के साधन हों, ऊर्जा का उत्पादन हो, नयी चीजों की खोज हो, अनुसंधान हो, मतलब यह कि समृद्धि और संपन्नता हमारी आवश्यकता बन गयी, जिसमें कोई बुराई नहीं थी। तो फिर गलती कहां हुई जो आज मनुष्य प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और ऐसे ही दूसरे संकटों से घिरा हुआ है। साफ हवा, शुद्ध जल और भोजन के लिए तरसने की हद तक जा पहुंचा है।

एक अनुमान के मुताबिक (लगभग 22 हजार टन कचरा आकाश में जमा हो चुका है और जो कभी-कभी किसी रहस्यात्मक वस्तु के रूप में धरती या समुद्र में गिरता दिखाई देता है।

वैज्ञानिकों का मानना है कि कई नष्ट हो गये और अपनी उपयोगिता समाप्त कर चुके उपकरणों का यह कचरा पृथ्वी पर इंसान की अनेक मुसीबतों के लिए जिम्मेदार है। प्रश्न यह है कि क्या वैज्ञानिकों ने यह नहीं सोचा होगा कि इस आकाशीय कचरे को निपटाने की क्या विधि होनी चाहिए, ताकि मानव जीवन पर संकट न आये?

खेतीबाड़ी में रासायनिक कीटनाशकों का इस्तेमाल होता है और अगर यह जरूरत से ज्यादा हो जाये तो कृषि उपज का जहरीला होना लाजिमी है। इसी तरह पशु पालन, डेयरी उद्योग, फूड प्रोसेसिंग, डिब्बाबंद चीजें हैं, जो हमारी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करती हैं। इनमें भी कैमिकल का इस्तेमाल होता है, जो इन्हें लंबे समय तक इस्तेमाल करने लायक बनाये रखता है। इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए कानून भी हैं। लेकिन फिर भी नकली, मिलावटी, दूषित और अपौष्टिक खाद्य पदार्थों के सेवन से लोगों का जीवन संकट में पड़ जाता है। लोग बीमारियों का शिकार होते हैं, उनका स्वास्थ्य खतरे में पड़ जाता है।

क्या यह सब रोकने का उपाय है? जरूर है, लेकिन उसके लिए विज्ञान के साथ-साथ समाज और कानून की भी भूमिका है। प्रश्न यह है कि जीवन को मौत तक देने वाले मिलावटियों को मृत्यु दंड क्यों नहीं दिया जाना चाहिए? इसी तरह उद्योगों से निकला विषैला रसायन नदियों और दूसरे जल स्त्रोतों को जहरीला बनाता है। विज्ञान ने इसके लिए पूरी व्यवस्था की है, लेकिन ऐसे उद्योगों को चलने ही, क्यों दिया जाता है, जिनके लिए न तो वैज्ञानिक तरीकों का कोई अर्थ है और न ही कानून का डर है।

यह जान लीजिए कि न तो जीवन का अंत है और न ही प्रकृति का। दोनों के बीच सही तालमेल न होने से आपस में संघर्ष होना तय है। कुदरत से जीतना संभव नहीं, क्योंकि मनुष्य चाहे कितनी कोशिश कर ले, प्रकृति के बनाए पर्दे को नष्ट नहीं कर सकता, उसमें एकाध छिद्र बेशक कर ले। यदि हम एक साधारण-सी बात समझ लें और वह भी इस उदाहरण के साथ कि हमारे शरीर के अधिकतर अंग अपनी चिकित्सा, उनका बढ़ना या घटना, फिर से नये बन जाना स्वयं कर लेते हैं अर्थात यह एक प्राकृतिक शारीरिक प्रक्रिया है। जब यह है तो प्रकृति क्यों जरूरत से ज्यादा अपने काम में इंसान की दखलंदाजी बर्दाश्त करेगी? इसलिए उसके साथ तालमेल बिठा कर ही जीवन को सुख और खुशहाली से भरा जा सकता है।

# बंगाल में रोहिंग्या को ओबीसी में शामिल करना भारत के लिए खतरनाक



**सुखदेव वशिष्ठ**

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने इस साल फरवरी से लेकर मई के बीच देश के कई राज्यों का दौरा किया। इस दौरान हुए सर्वे के अनुसार पता चला है कि अन्य पिछड़ा वर्ग की एक बड़ी आबादी को सरकारी नौकरियों और स्कूलों, कॉलेजों में मिलने वाले आरक्षण से वंचित किया जा रहा है। नये भारत के लिये सबसे सोचनीय विषय के रूप में पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशी और रोहिंग्या को लाभ ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कॉन्ग्रेस सरकार दे रही है।

एनसीबीसी के दौरे में सामने आया है कि पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिमों को भी ओबीसी की सूची में शामिल किया गया है। आयोग ने यह भी पाया कि है बंगाल सरकार ने कुल 179 जातियों को ओबीसी का दर्जा दिया है। इसमें से 118 जातियां मुस्लिम हैं।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने कहा है कि आयोग के दौरे में यह सामने आया है कि पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर हिंदुओं ने धर्मांतरण कर इस्लाम कबूल किया है। यह जानकारी बंगाल सरकार की संस्था कल्चरल रिसर्च इंस्टीट्यूट से मिली। हालांकि जब इस बारे में बंगाल सरकार से लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया तो सरकार ने कहा कि कितने लोगों ने धर्मांतरण किया है, इसके स्पष्ट आंकड़े नहीं हैं।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने अपने दौरे में यह भी पाया है कि राजस्थान में आरक्षण नीति को सही ढंग से लागू नहीं किया गया था। आयोग ने कहा है कि राजस्थान के सात जिलों में आधिकारिक रूप से एक भी व्यक्ति अन्य पिछड़ा वर्ग से नहीं था। हालांकि सच्चाई यह है कि ओबीसी आबादी का एक बड़ा वर्ग इन जिलों में रह रहा है। राज्य सरकार ओबीसी प्रमाण-पत्र देने के लिए पूरे परिवार की आय का प्रमाण-पत्र मांग रही थी। इसके चलते कई योग्य लोग गैर-क्रीमी लेयर प्रमाण-पत्र के अयोग्य ठहरा दिये गये।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने पंजाब सरकार को ओबीसी आरक्षण को 12% से बढ़ाकर 25% करने का भी निर्देश दिया है। इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार पंजाब में कुल 37% आरक्षण लागू है। इसमें अनुसूचित जाति के लिए 25% और ओबीसी के लिए 12% निर्धारित है। चूंकि आरक्षण की अधिकतम सीमा 50% है। ऐसे में पिछड़ा वर्ग आयोग ने पंजाब सरकार को ओबीसी कोटा में 13% की अतिरिक्त वृद्धि करने का निर्देश दिया है। इसी तरह बिहार में आरक्षण लागू करने में कई तरह की विसंगतियां देखने को मिलीं। आयोग ने पाया है कि बिहार सरकार कुल आय की गणना के लिए तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की कृषि आय को भी शामिल कर रही थी। इस प्रकार, उन्हें गैर क्रीमी लेयर ओबीसी प्रमाण-पत्र दे दिए गए थे। इसके अलावा बिहार में कुर्मी जाति के व्यक्तियों को भी गलत जाति प्रमाण-पत्र दिये जा रहे थे। पिछड़ा वर्ग आयोग ने इसमें संशोधन करने का निर्देश दिया है। बिहार में यह नियम 30 वर्षों (1993-2003) से लागू था।

इस सारे सर्वे और आयोग के मंथन में से रोहिंग्या को आरक्षण दिया जाना राष्ट्र की सुरक्षा के लिये खतरा और देश के युवा के साथ द्रोह है। रोहिंग्या निश्चित ही हमारी अर्थव्यवस्था पर बोझ हैं। आर एस एस के सर संघचालक मोहन भागवत के शब्दों में, अगर रोहिंग्या को हिन्दुस्तान में रहने दिया गया, तो वो देश की सुरक्षा के लिए खतरा होंगे।अगर हम ऐसे लोगों को यहां रहने देंगे तो वो ना केवल हमारे लिए रोजगार के तौर पर बोझ होंगे बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा होंगे।

## जमशेदपुर की खबरें

# हत्या मामले का खुलासा, चार गिरफ्तार

## पोटका में मोहन गद्दी की हुई थी हत्या, आरोपियों में महिला भी शामिल




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका के मेघासाई में बीते दिनों जुगसलाई निवासी मोहन गद्दी उर्फ सदाकत की गला घोंटकर हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने कारवाई करते हुए हत्या में शामिल एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में बागबेड़ा नया बस्ती निवासी मिंटू साव, उसकी पत्नी विभा देवी, कोवाली के बंगालीबासा निवासी कितीर्वास कैवर्तो उर्फ दादू और एलबीएसएम कॉलेज रोड निवासी सिकंदर कुमार शामिल हैं। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त क्लच वायर, घटनास्थल पर मृतक के शव के पास पड़े साड़ी और ब्लाउज, तीन बाइक और 3200 रुपये बरामद कर लिया। ग्रामीण एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि 7 मई को पोटका के मेघासाई से शव बरामद किया गया था। मृतक की पहचान जुगसलाई निवासी मोहन गद्दी के रूप में की गई। जांच के दौरान पुलिस ने प्रेमिका विभा देवी, उसके पति मिंटू साव और दो दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली मोहन और विभा के बीच अवैध संबंध थी। मिंटू को जानकारी होने पर मोहन की हत्या करवा दी। उन्होंने बताया मुसाबनी डीएसपी चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में टीम का गठन कर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में मिंटू ने बताया कि बीते आठ माह से पत्नी विभा और मोहन के बीच अवैध संबंध था। मिलने के लिए मना करने के बावजूत मोहन ने विभा से मिलना बंद नहीं किया। बीते छह माह पूर्व कितीर्वास को 70 हजार में मोहन की हत्या की सुपारी देते हुए 20 हजार तत्काल दिए गए थे। 6 जून की रात शराब पिलाने के बहाने उसकी हत्या की गई। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## झामुमो प्रखंड कमेटी की बैठक में शामिल हुए विधायक

# 13 जून को होगा डिग्री कॉलेज का भूमि पूजन : मंगल कालिंदी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटमदा।** जुगसलाई विधानसभा स्थित पटमदा डाक बंगला भवन में झामुमो प्रखंड कमिटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो के नेतृत में आयोजन किया गया। शनिवार को बैठक के दौरान क्षेत्र के विधायक मंगल कालीन की शामिल हुए। बैठक में 13 जून को बोड़ाम प्रखंड के जिलिंगडूंगरी डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए भूमि पूजन की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विधायक मंडल कालिंदी ने पटमदा प्रखंड के सभी 15 पंचायतों से 50 - 50 बाइकों की रैलियों के साथ सुबह 11 बजे बोड़ाम पहुंचने का सभी पंचायत कमेटी के अध्यक्षों को निर्देश दिया। विधायक ने कहा जुगसलाई विधानसभा में शपथ ग्रहण करने के 15 दिनों के बाद ही राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर बोड़ाम में डिग्री कॉलेज निर्माण की मांग रखी थी। मुख्यमंत्री ने शिक्षा के प्रति गंभीरता दिखाते हुए बोड़ाम में डिग्री कॉलेज निर्माण का स्वीकृति प्रदान की। विधायक श्री कालिंदी ने कहा 13 जून को क्षेत्र के लोगों का सपना साकार होगा। उन्होंने क्षेत्र के शिक्षाविद और समाजसेवीयों को भी भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, दिवाकर टुडू, जामिनि प्रमाणिक, कालीपद महतो, दयाल महतो, निर्मल मुर्मू, संजय सिंह, आनंद सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## झारखंड में स्थायी निवासियों को नौकरी देने की मांग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांड्रा।** खतियान आधारित नियोजन नीति को लागू करने और झारखंड में स्थाई निवासियों को नौकरी प्रदान करने की मांग को लेकर दो दिवसीय झारखंड बंद के पहले दीन कांड्रा में असर देखने को मिला। शनिवार को हड़ताल के दौरान कार्यकताओं ने गम्हरिया और कांड्रा में टायर जलाकर विरोध जताया। मौके पर सड़क से आवागमन कुछ समय तक बाधित रहा। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। उन्होंने सरकार से 60-40 नियोजन नीति को वापस लेने की मांग की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि झारखंड में बाहर के लोगो को नौकरी मिल रहा है। जबकि यहां के आदिवासियों और मूलवासियों को नोकरी मिलनी चाहिए। ऐसे में के खतियान पर आधारित नियोजन नीति को लागू करना आवश्यक है। ताकि यहां के मूलवासी और आदिवासियों को उनका हक मिल सके। इस अवसर पर युवाओं ने सड़क पर सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

## कामगार कांग्रेस के उपाध्यक्ष पहुंचे कार्यकर्ताओं संग की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

जमशेदपुर। अखिल भारतीय कामगार और कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय गाबा लौहनगरी जमशेदपुर पहुंचे। शनिवार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के आगमन पर प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय के निदेर्शानुसार मानगो गोलचक्कर पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह, एगरिको सिग्नल पर महेश यादव, सिघगोडा बजार में राजा सिंह राजपूत कार्यकताओं के साथ भव्य स्वागत करते हुए सर्किट हाउस पहुचे। शनिवार को सिदगोड़ा बाजार कार्यकताओं संग आयोजित बैठक के दौरान संजय गाबा ने कहा की केन्द्र की मोदी सरकार गरीबों - वंचितों की विरोधी है। प्रधानमंत्री देश की संपत्ति अडानी के हाथों बेच कर देश को खोखला करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस गठबंधन की सरकार झारखंड में 12 सीटें जीतने जा रही है। केन्द्र में 270 से 290 एमपी कांग्रेस गठबंधन के होंगे। उन्होंने मोदी सरकार को इतिहास के सबसे निकम्मी सरकार करार दिया, उन्होंने कहा प्रधानमंत्री देश का सम्मान बढाने वाली ओलंपिक विजेता बेटीयों को न्याय नहीं दिला सकते। वैसे व्यक्ति से देश की अन्य महिलाएं व बेटियां खुद को कैसे सुरक्षित महसूस करेंगी। प्संख्या दर्ज किया गया। महंगाई चरम पर है। मजदूर वर्ग असहाय महसूस कर रहा है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पाचाडुमर पंचायत में पंचायत समिति मद से दो योजनाओं का शिलान्यास



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पाचाडुमर पंचायत में 15वें वित्त अंतर्गत पंचायत समिति मद से दो योजनाओं का प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ, प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर आधारशिला रखी। पाचाडुमर पंचायत के कमदरवा टोला में पुल के पास ढाई लाख की लागत से गार्डवाल निर्माण सहित पुल मरम्मती एवं पाचाडुमर गांव में उदय प्रसाद के घर से मां शायरी मंदिर तक ढाई लाख की लागत से नाली निर्माण की आधारशिला रखी गई। प्रमुख चंद्रावती देवी ने बताया कि पाचाडुमर पंचायत के कमदरवा टोले के लोग काफी दिनों से गार्डवाल निर्माण सहित पुल मरम्मती की मांग कर रहे थे। उनकी मांग को प्राथमिकता देते हुए पूरा किया गया। वहीं पाचाडुमर में नाली निर्माण को लेकर उन्होंने बताया कि नाली नहीं होने के कारण घर का गंदा पानी सड़क पर बह रहा था। जिससे मंदिर में जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। दोनों योजना बहुत ही महत्वपूर्ण है। दोनों योजना की आधारशिला रखे जाने से स्थानीय लोगों में काफी खुशी का माहौल है। मौके पर मुखिया प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, श्यामसुंदर बैठा, समाजसेवी उदय प्रसाद, पूर्व मुखिया विमलेश पासवान, प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार गुप्ता, सुशील पाठक, अखिलेश प्रसाद, वार्ड सदस्य सुधीर कुमार ठाकुर, विनोद प्रसाद, बबलू प्रसाद, राहुल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बलिगढ़ पंचायत मुखिया ने एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर कई योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बलिगढ़ पंचायत की मुखिया ललिता कुमारी ने शनिवार को अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। मौके पर अपने पंचायत के मैट्रिक की परीक्षा में अव्वल अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। मुखिया ने 'साल एक योजना अनेक' का नारा देते हुए के महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें ग्राम खोन्हर के शिव मंदिर के पास 90 हजार की लागत से चबूतरा, सिकंदर साह के घर के पास पीसीसी पथ, ग्राम अंजनिया स्कूल के पास गेट, ग्राम दासीपुर में बलराम विश्वकर्मा के घर के पास से पीसीसी पथ, जयंत विश्वकर्मा के घर के पास पीसीसी पथ योजना शामिल है। इसके बाद पंचायत सचिवालय में अपने पंचायत के मैट्रिक की परीक्षा में 60 प्रतिशत से उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को पेन डायरी देकर सम्मानित किया। साथ ही पंचायत सचिवालय में अपने पंचायत के विभिन्न गांव के ग्रामीणों के बीच एक साल बेमिसाल के तहत कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित सह विचार गोष्ठी का कार्यक्रम किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया ललिता कुमारी ने की एवं संचालन छोटन कुमार सिंह ने किया। मौके पर मानवाधिकार प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, परशुराम गुप्ता, वार्ड सदस्य प्रभादेवी, सविता देवी, अशोक ठाकुर, मृत्युंजय यादव, सुशील यादव, राम अवतार चंद्रवंशी, बलराम विश्वकर्मा, शिव भजन पाल, सिनोद गुप्ता, अभिनंदन कुमार गुप्ता, महेंद्र गुप्ता,मनोज फौजी, जयंत विश्वकर्मा धर्मेंद्र बैठा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### संगीत कला महाविद्यालय के छात्र की संगीत शिक्षक के पद पर नियुक्ति पर दी बधाई



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** संगीत कला महाविद्यालय में संगीत की शिक्षा ग्रहण कर चुके छात्र का झारखंड सरकार के द्वारा संगीत शिक्षक के पद पर नियुक्ति हुई। इंद्रदेव राम पिता प्रीतम राम ग्राम गढ़वा शहर के टंडवा मोहल्ला निवासी ने पढ़ाई के साथ साथ संगीत की भी शिक्षा पूरे लगन के साथ पूरा किया। अपने सीमित संसाधनों में पढ़ाई में और संगीत में दोनों में स्नातक की डिग्री हासिल किया। इंद्रदेव राम ने कभी हिम्मत नहीं हारी और अपनी मेहनत और कठिन परिश्रम के बदौलत संगीत शिक्षक की नौकरी पाकर ये साबित कर दिया कि हर क्षेत्र में अपने लगन और तपस्या के बल पर सफलता हासिल की जा सकती है। इंद्रदेव राम ने कहा कि संगीत कला महाविद्यालय में संगीत की शिक्षा वर्ष 2008 से ग्रहण करना शुरू किया और संगीत की साधना करते हुए 2014 में संगीत की स्नातक तक की डिग्री हासिल किया। इंद्रदेव राम ने अपनी जिंदगी की इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरु प्रमोद सोनी, अपने माता पिता और अपने परम मित्र संजय कुमार को दिया। इंद्रदेव राम की इस उपलब्धि पर संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी सहित सारे परिवार एवं छात्र-छात्राओं ने इंद्रदेव को ढेर सारी बधाई दी है।

# बभनी खांड़ डैम में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**बकरी चराने के दौरान बच्चे डैम में स्नान करने गए थे**

प्रशांत सहाय

**बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जंगीपुर में स्थित बभनी खांड़ डैम में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। घटना शनिवार की सुबह करीब साढ़े 9 बजे की है। मृत बच्चों में नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के जंगीपुर निवासी मुन्ना उरांव के पुत्र अंकज उरांव 7 वर्ष, जवाहर उरांव की पुत्री रूपा कुमारी 13 एवं गढ़वा थाना क्षेत्र के कुशमाहा गांव निवासी मुन्ना उरांव के पुत्र सोनू उरांव 9 के नाम शामिल हैं।

सभी बच्चे बकरी चराने के बाद डैम में स्नान करने के लिये गये थे। स्नान करने के दौरान डैम में अधिक पानी एवं गहराई होने के कारण तीनों बच्चे डूब गये एवं मौत हो गई। बच्चों के घर लौटने में देरी होने पर परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। डैम में गांव की ही महिला स्नान कर रही थी। वही बच्चों को डूबते देखा और शोर मचाने लगी और मोबाईल से लोगों को सूचना दी। महिला की शोर सुन एवं मोबाइल पर सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग डैम पर पहुंच गये और बच्चों की खोजबीन करने लगे। बाद में तीनों बच्चों को मृत अवस्था में निकाला गया। उधर घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

**डैम के चारों तरफ बैरिकेड किया जाए :** झामुमो नेत्री सह नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी किरण देवी ने मृतक बच्चों के घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दी और सरकार से मांग की कि डैम के चारों तरफ बैरिकेड किया जाए। एक बोर्ड लगाया जाये जिससे स्थानीय निवासी को सतर्क किया जा सके। डैम पर एक चौकीदार की नियुक्ति की जाए जो लोगों को पानी में जाने से आगाह कर सके। किरण देवी ने बताया कि नगर पंचायत की तरफ से 4 करोड़ की लागत से डैम का सुंदरीकरण होने की बात बताई गई थी, लेकिन टेंडर प्रक्रियाधीन होने से मामला ठंडा बस्ते में चला गया। अगर डैम का सुंदरीकरण समय पर हुआ रहता तो आज बच्चों की जान नहीं जाती। उन्होंने कहा कि मृतक परिवारों के साथ मैं हर पल खड़ी हूं। मुझसे जो भी होगा सहयोग करूंगी।



### पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद करेगी सरकार : मिथिलेश ठाकुर



गढ़वा। गढ़वा जिला अंतर्गत श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जंगीपुर स्थित बभनीखांड़ डैम में डूबने से तीन आदिवासी बच्चों के निधन पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दुख व्यक्त किया है। मंत्री ने ट्वीट कर कहा है कि यह घटना अत्यंत ही पीड़ादायक है। इस घटना पर मंत्री ने संज्ञान लेते हुए उपायुक्त शेखर जमुआर को तत्काल सरकारी प्रावधान के अनुरूप पीड़ित परिवार को सहयोग करने का निर्देश दिया है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि यह घटना बहुत ही दुखद है। भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो, इसे रोकने के उपायों पर भी विचार किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि इस दुख की घड़ी में वे पीड़ित परिवार के साथ हैं। सरकारी स्तर से एवं अपने स्तर से भी वे हरसंभव पीड़ित परिवार का मदद करेंगे।

## राधा पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट ने छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**शिक्षा से ही सर्वांगीण विकास संभव : डॉ पतंजलि केसरी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** इंटरमीडिएट की परीक्षा में सर्वोत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को राधा पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से सम्मानित किया गया। इंटर विज्ञान संकाय में 448 अंक हासिल करने वाली छात्रा श्रुति केसरी और 456 अंक लाने वाली गुन शौर्य को ट्रस्ट के निदेशक डॉ पतंजलि केसरी ने स्मृति चिन्ह और लेखनी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ केशरी ने कहा कि छात्रों ने मन लगाकर पढ़ाई की है, जो अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत है। छात्राओं की इस सफलता पर हम सभी गौरवान्वित हैं। छात्र अपना लक्ष्य निर्धारित कर कड़ा अनुशासन और पक्का इरादा के साथ पढ़ाई करें। ट्रस्ट हरसंभव मदद को तैयार है। शिक्षा से ही सर्वांगीण विकास संभव है। प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण मनोज केसरी की पुत्री श्रुति केसरी ने कहा कि मेरी सफलता में माता और गुरुजनों का विशेष योगदान रहा है। मैं चिकित्सक बनकर समाज सेवा करना चाहती हूं। 91% अंक लाने वाली छात्रा गुन शौर्य ने कहा कि हमें सूरज की तरह चमकना है तो सही दिशा में कठिन परिश्रम भी करना होगा। मौके पर नीरज श्रीधर स्वर्गीय एवं सुभाष केसरी ने भी संबोधित किया। मौके पर ओंकारनाथ केसरी, सरयू प्रसाद केसरी, सुभाष प्रसाद केसरी, मनीष केसरी, नीरज श्रीधर स्वर्गीय, अब्दुल मन्नान, अमित केसरी, मोहम्मद इकराम, संतोष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक का जनता को ठगने का पुराना इतिहास रहा है : लक्ष्मण राम

**अनंत प्रताप देव और ताहिर अंसारी में अगर दम है तो भवनाथपुर में पावर प्लांट तथा डोमनी बराज का किया गया झूठा शिलान्यास का काम शुरू करायें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडे द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस पर भाजपा मंडल इकाई ने पलटवार करते हुए उन्हें दिहाड़ी मजदूर बताया। उक्त बातें अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मण राम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कही। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव का झूठ और जनता को ठगने का पुराना इतिहास रहा है। कहा कि रमना से धुरकी तक जोड़ने वाली सड़क बनाने का निविदा भाजपा के रघुवर सरकार के दौरान पारित करा लिया गया था। लेकिन वर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही को श्रेय जाता इसलिए विरोधियों के द्वारा सरकार से मिलकर उक्त दोनों लोगों का कार्य रुकवा दिया गया। लेकिन कभी नहीं हार मानने वाले विधायक भानु प्रताप शाही ने कई बार विधानसभा सहित विभागों में पत्राचार कर सड़क बनाने की मांग की थी। जिसके आलोक में उक्त सड़क की स्वीकृति के साथ कार्य शुरू होगा। जो प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत रमना से बुल्का होते हुए धुरकी को जोड़ेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में लक्ष्मण ने कहा कि अगर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव एवं वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी में अगर दम है तो भवनाथपुर में पावर प्लांट तथा डोमनी बराज का झूठा शिलान्यास किया गया है उसे शुरू करायें। उन्होंने कहा कि जनता सब जानती है इसका करारा जवाब आने वाले विधानसभा व लोक सभा चुनाव में देगी।

मौके पर मंडल अध्यक्ष बलजीत कुमार सोनी, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश जायसवाल, शंकर चंद्रवंशी, संतोष पासवान, संजय सिंह, धनंजय सिंह, राजेश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## भाजयुमो का महाजनसंपर्क अभियान के तहत नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन



**नव मतदाताओं को राष्ट्र निर्माण में अपना मतदान करना होगा, तभी देश राज्य में अच्छा लोग चुनकर आएंगे : रितेश चौबे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम हुर मोड़ के पास नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे ने कहा कि नव मतदाता देश के भविष्य हैं, नव मतदाता को राष्ट्र निर्माण को ध्यान में रखते हुए मतदान करना होगा। युवा परिवर्तन के वाहक हैं मतदान का अधिकार 18 वर्ष पूरा होने पर मिलता है जो लोग मतदाता के श्रेणी में आ गए हैं उन्हें गांव मुहल्ला में लोगों के बीच जागरुकता फैलाना होगा।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि नव मतदाताओं को पहली बार वोट देने का अधिकार मिल रहा है नव मतदाताओं को राष्ट्र निर्माण में अपना मतदान करना होगा, तभी देश राज्य में अच्छा लोग चुनकर आएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय बहुरुपिए लोग तरह तरह के प्रलोभन देकर वोट को प्रभावित करने का काम करते हैं, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था चरमरा जाती है। उन्होंने कहा कि नव मतदाता बने युवाओं को राष्ट्रहित में अपना मतदान सुनिश्चित करना होगा तथा अपने गांव मुहल्ला समाज में मतदाताओं के बीच जागरूकता लाना होगा। जिससे आम जनता का वोट सही आदमी को मिल सके। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री विकास तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री संजय जायसवाल ने किया। जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय, गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, महामंत्री अनित तिवारी, सुधीर कुशवाहा, उपाध्यक्ष प्रिंस तिवारी, नितिश पटेल, मंत्री देवब्रत सिंह, नितेश तिवारी, विनोद उरांव, गोविंद यादव, आनंद धर दुबे, नितेश तिवारी, सुमित तिवारी, समुद्री देवी, ब्रजेश कुमार, संजय मेहता, चंदन पाल, सत्यनारायण यादव, प्रिंस ठाकुर, अरुण पाण्डेय, ब्रह्म धर दुबे, प्रशान्त चौधरी सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### भाजयुमो मेराल दक्षिणी मंडल ने नव मतदाता सम्मेलन में युवाओं को मताधिकार के लिए किया प्रेरित



**मेराल (आजाद सिपाही)।** भाजयुमो मेराल दक्षिणी मंडल के द्वारा महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के दौरान डंडई रोड स्थित टैलेंट कोचिंग सेंटर में नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजयुमो के जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में 18 वर्ष पूरा होने पर सभी को वोट देने का अधिकार प्राप्त होता है। युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाकर राष्ट्रहित में मतदान करना होगा तभी देश मजबूत होगा। उन्होंने सभी युवाओं को इसके लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अपने-अपने मुहल्ले में लोगों को जागरूक करना होगा तभी समाज में बदलाव हो सकता है। युवा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुआई में केंद्र सरकार जनहित में अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है। युवाओं के लिए कौशल विकास योजना, जन-धन योजना, मुद्रा योजना, आयुष्मान भारत जैसे अनेकों योजनाएं चलाई गई हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश ही नहीं बल्कि विश्व के सबसे बड़े नेता हैं, जिसके सामने आज पूरा विश्व नतमस्तक है। डॉ लाल मोहन ने कहा कि मोदी सरकार देश के हर वर्ग, समुदाय के उत्थान के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। विश्व के मानचित्र पर आज भारत का सम्मान बढ़ा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज्ञान रंजन चौबे, देवकांत ओझा, चंदन कुमार, प्रतिमा कुमारी सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

**बैठक : 14 जून को शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे रंका प्रखंड झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता**

## झामुमो आपके द्वार कार्यक्रम को धारदार बनाने का लिया गया निर्णय



**गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर 14 जून को सैकड़ों योजनाओं का करेंगे शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में महिमा मैरिज हॉल रंका में आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह उपस्थित हुए। इस अवसर पर 14 जून को होने वाले शिलान्यास कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु रणनीति तय की गई। झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के कर कमलों द्वारा सैकड़ों योजनाओं का शिलान्यास होने वाला है। जिसमें ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को ले जाने का संकल्प लिया गया। साथ ही प्रखंड कमेटी रंका द्वारा आयोजित झामुमो आपके द्वार कार्यक्रम को और धारदार बनाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में चौदहों पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सचिव, उपसचिव, कोषाध्यक्ष एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आफताब आलम, रंका प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आफताब आलम, दक्षिणी जिला परिषद प्रतिनिधि रतन सिंह, युवा सचिव सह खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, झामुमो सचिव इरफान अंसारी, पूर्व प्रमुख ज्योति लकड़ा एवं लीलावती देवी, तमगे कला पंचायत अध्यक्ष कपिल देव सिंह, झामुमो उपाध्यक्ष सतीश भारती, बीटीसी प्रतिनिधि नसीम अंसारी, बुधन यादव, नौशाद राय, उपाध्यक्ष अरविंद सोनी, उपसचिव युवा उप सचिव राज किशोर राम, अंसारी जी सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 14 जून गढ़वा जिलावासियों के लिए यादगार दिन होगा : नितेश सिंह



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया गया है कि दिनांक 14.06.2023 दिन बुधवार, गढ़वा जिलावासियों के लिए यादगार दिन होगा। 14 जून को गढ़वा जिला के हरेक विभाग यानि कल्याण विभाग, आरईओ, एनआरईपी, पथ निर्माण विभाग एवं अन्य विभाग से एक साथ 400 योजनाओं का शिलान्यास मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। ऐसा शिलान्यास कार्यक्रम 70 साल के इतिहास में कभी नहीं देखा गया है। यह शिलान्यास कार्यक्रम डुमरो, गढ़वा में किया जाना है। सभी झामुमो कार्यकर्ता दिन-रात एक कर शिलान्यास कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। वर्तमान जनप्रतिनिधि झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा इतने काम किए गए हैं या कराए जा रहे हैं जिसकी गिनती करना पूर्व के जनप्रतिनिधियों के लिए मुश्किल होगा।

## अंधविश्वास सर्पदंश से होनेवाली मौत का सबसे बड़ा कारण : सीएस

सोनू कुमार गुप्ता

**कई मामलों में लोग झाड़फूंक के बाद मौत हो जाने पर मरीज का पोस्टमार्टम तक नहीं कराना चाहते**

**गढ़वा।** ग्रामीण इलाकों में जहरीले सांप का भी काफी प्रकोप है, भीषण गर्मी के बीच होने वाली बारिश के कारण जमीन के अंदर घुसे हुए सांप भी बाहर निकल आते हैं और बाहर की गर्मी से बचने के लिए ये सांप लोगों के घरों में भी घुस जाते हैं, नतीजा होता है कि विषधरों से अंजान लोग इनका शिकार हो जाते हैं। जिला के ग्रामीण इलाकों में अभी भी अधिकांश घर कच्चे और खपड़ैल होते हैं, जहां आसानी से सांप घुस जाते हैं, बात हम बरसात के शुरुआती दिनों और गर्मी की तपिश से राहत पाने की करें तो लोग घरों में जमीन पर ज्यादा सोते हैं, इस वजह से सांप उन तक आसानी से पहुंच उन्हें डंस लेते हैं, गढ़वा सदर अस्पताल के आंकड़ों पर गौर करें तो पिछले कुछ महीने में सिर्फ सदर अस्पताल में 100 सर्पदंश के मामले आए जिनमें से 12 लोगों की मौत हो गई, ये आंकड़े सिर्फ सदर अस्पताल के हैं, जबकि पूरे जिला का आंकड़ा इससे अधिक है।

गढ़वा में सर्पदंश से होने वाली मौत के बढ़ते मामलों के पीछे अंधविश्वास भी एक सबसे बड़ा कारण है, लोग आज वर्तमान गुजरते वक्त में भी सांप काटने के बाद पीड़ित का झाड़ फूंक कराना उचित समझते हैं, लोग दावा करते हैं कि झाड़फूंक से ही जान बचेगी, जब तबियत ज्यादा बिगड़ती हुई दिखती है तब लोग मरीज को अस्पताल लेकर आते हैं, आलम होता है कि तब तक काफी देर हो चुकी होती है, और मरीज की मौत हो जाती है, कई मामले तो डर के कारण भी सरकारी आंकड़ों में नहीं आते हैं, तंत्र मंत्र करने वाले लोगों के दिलों दिमाग पर इस तरह कब्जा जमा लेते हैं कि लोग झाड़फूंक के बाद मौत हो जाने पर मरीज का पोस्टमार्टम तक नहीं कराना चाहते। मिली जानकारी के अनुसार तंत्र मंत्र करने वाले ग्रामीणों के मन में इस बात को घर करा देते हैं कि सांप ईश्वर के प्रकोप के कारण डंसता है, मौत होने पर शरीर में चीरा लगेगा तो मृतक की आत्मा को शांति नहीं मिलेगी बस इसी कारण लोग पोस्टमार्टम से भी दूर भागते हैं, अनवरत ऐसे कई मामले सामने आते रहते हैं, जहां सर्पदंश से मृत लोगों का पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस प्रशासन को लोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ता है। इस संबंध में सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सर्पदंश के शिकार हुए लोगों की जिंदगी इलाज के जरिए महफूज रखने के लिए सदर अस्पताल में सुई मौजूद है, लेकिन अफसोस इस बात की है कि वैसे मरीजों को लेकर लोग ससमय अस्पताल पहुंचे तब तो। यहां तो लोग सबसे पहले तंत्र मंत्र का सहारा लेना उचित समझते हैं। जबकि यह पूरी तरह अनुचित और जानलेवा है, क्योंकि सही वक्त पर इलाज होना ही जीवन बचाने का एकमात्र विकल्प है।

## अवैध बालू के खिलाफ छापेमारी करते रहें : उपायुक्त



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। इसमें बालू के अवैध उठाव/परिवहन से संबंधित हुई कार्रवाई, बालू का स्टॉक, छापेमारी संबंधी समीक्षा की गयी और सहायक खनन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि नियमित रूप से अवैध बालू के संबंध में छापेमारी करते रहें। साथ ही, मामलों एफआईआर आदि की कार्रवाई करें। संबंधित थानों से संपर्क कर कार्रवाई निरंतर जारी रखें। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल और सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालयों में हो छुट्टी: सामाजिक मंच

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यह मांग की है कि पूरा राज्य भीषण गर्मी के प्रकोप को झेल रहा है, सभी जिलो में प्रचंड गर्मी के कारण पारा बढ़ा हुआ है, इसके बावजूद बच्चों के स्कूल खोलने की घोषणा समझ से परे है। इसलिए सरकार से मांग है की अविलंब विद्यालयों में अवकाश की घोषणा की जाये क्योंकि छोटे-छोटे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं और काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। और यह भी समझ में नहीं आता है कि शिक्षा सचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठे हुए लोग इस गर्मी के मौसम में विद्यालयों को किस हिसाब और मापदंड को देखकर विद्यालयों को खुलवा दिये हैं।

### सदर थाना का औचक निरीक्षण, दिये कई दिशा-निर्देश

# लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी: एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने सदर थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न अनियमितताओं, लापरवाही और लंबित मामलों को चिन्हित कर गहरा असंतोष व्यक्त किया। न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट, कुर्की जप्ती के लंबित मामले देख नाराजगी व्यक्त किया। सदर थानेदार अनिल उरांव को दो दिनों के अंदर वारंट, कुर्की जब्ती के लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। मिली जानकारी के अनुसार बाइक चोरी समेत विभिन्न आपराधिक घटनाओं पर आवेदक द्वारा दिये गये एप्लीकेशन पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान करने का निर्देश एसडीपीओ ने दिया। बतायेगा कि, कई मामलों पर थाने में मिले आवेदन कई दिनों तक पड़े मिले। तत्काल शिकायतों के आवेदन पर 24 घंटे के अंदर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। बताया गया कि, लापरवाही का आलम यह है कि, स्टेशन डायरी कई दिनों तक सदर थाना मे छोड़ दिया गया। जबकि, प्रतिदिन स्टेशन डायरी अप टू डेट करने का प्रावधान है। इसे गंभीर लापरवाही माना गया। बालू के खनन और परिवहन पर प्रतिबंध होने के बावजूद शहरी क्षेत्र में बालू लदा ट्रैक्टर प्रतिदिन रात को सक्रिय होने की शिकायत पर एसडीपीओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। कहा कि, शहरी क्षेत्र में बालू के अवैध परिवहन रोकना सदर थाने की पुलिस सुनिश्चित करें। लापरवाही किसी हाल पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। एसडीपीओ ने सजगता से रात्रि गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया। शहरी नागरिकों से मैत्री संबंध स्थापित कर शहरी क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाये रखने में जनभागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। सूचना तंत्र विकसित कर आपराधिक मामलों पर फौरी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस मौके पर सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, संतोष कुमार यादव समेत सदर थाना में पदस्थापित विभिन्न पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# ग्राम गाड़ी योजना को जमीन पर उतारने का निर्देश

समाहरणालय के सभाकक्ष में उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला समिति की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला ग्राम गाड़ी योजना समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में उक्त योजना के कार्यान्वयन स्वीकृति पर चर्चा कर आवश्यक और उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को धरातल पर लाना है। सरकार की इस योजना का उद्देश्य गांव से प्रखंड, जिला मुख्यालय और शहर तक आवागमन की सुविधा बहाल करना है। इससे गांव के किसान मजदूर, छात्र और छात्राओं को शहर तक आने में सुविधा होगी। वहीं मरीजों के लिए अस्पताल तक पहुंचना सुलभ होगा। योजना में शामिल होने वाले वाहन मालिकों को सरकारी टैक्स में भी बड़ी राहत दी जायेगी। ग्रामीण बस सेवा के लिए पहले से निर्धारित रूट के अतिरिक्त इस योजना के तहत वैसे मार्गों पर भी बस चलेगी जहां के लिए जिला प्रशासन द्वारा नये सिरे से रूट का निर्धारण किया जायेगा। बैठक में आगे जिला परिवहन पदाधिकारी श्री संतोष सिंह द्वारा जानकारी दी गयी कि इस योजना के तहत प्रथम परमिट निर्गत 5 वर्ष की अधिकतम अवधि के लिए मार्ग कर में छूट दी जायेगी और परमिट शुल्क मात्र 1 रुपया लिया जायेगा। इस योजना के तहत वैसे हल्के और मध्यम दर्जे के व्यावसायिक चार पहिया वाहन, जिसकी क्षमता चालक को छोड़कर 42 यात्रियों को ले जाने की होगी, उन्हें परमिट और अन्य सुविधाएं दी जायेगी।

इसके तहत वाहनों को अस्थायी परमिट नहीं दिया जायेगा। योजना में लाभार्थियों के चयन में एसी, एसटी और ओबीसी को प्राथमिकता दी जायेगी। इस योजना के तहत जिस मार्ग के लिए परमिट स्वीकृत की जायेगी उसी मार्ग पर वाहन का परिचालन होगा। इसके लिए वाहन में जीपीएस लगाना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को प्रखंड स्तर से जोड़ने, नजदीकी उच्च शिक्षण संस्थानों, चिकित्सा संस्थानों, नजदीकी मुख्य मार्ग और नजदीकी व्यवसायिक केंद्रों से जोड़ने पर ध्यान केंद्रित करना है। साथ ही दिव्यांगों, विद्यार्थियों और पेंशनधारियों के लिए इस वाहन से यात्रा करने पर विशेष छूट मिलेगी। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, एलडीएम शांति प्रसाद टोप्पो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, बस एसोसिएशन के प्रतिनिधि और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी जुड़े थे।

# योजनाओं का प्रचार-प्रसार आवश्यक : डीपीआरओ

### सरकार की कल्याणकारी और विकासात्मक योजनाओं पर कला दलों का सेमिनार आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** सूचना और जनसंपर्क कार्यालय, लोहरदगा (सूचना भवन) में सरकार की कल्याणकारी और विकासात्मक योजनाओं पर कलादलो का सेमिनार आयोजित किया गया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो द्वारा कार्यक्रम में सूचना और जनसंपर्क कार्यालय, लोहरदगा के सूचीबद्ध कलादलों ग्रुप बी और सी के दलनायकों और दल के सदस्यों को सरकार के द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम में डीपीआरओ ने कहा कि समय-समय पर सरकार के द्वारा कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया जाता है जिनका आम लोगों के बीच प्रचार-प्रसार बहुत आवश्यक होता है। सूचना और जनसंपर्क कार्यालय, लोहरदगा द्वारा समय-समय पर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना होता है और इसके लिए स्थानीय कलाकारों को योजनाओं के प्रचार-प्रसार की जिम्मेवारी दी जाती है। ऐसे में अहम हो जाता है कि कला दलों के सभी कलाकारों को सरकार की कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं की गहन जानकारी रहे। जिला के दूर-दूराज दुर्गम क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार का कार्य नुक्कड़-नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से यहां के कलाकार ही करते हैं। डीपीआरओ द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी सेमिनार में दी गयी। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क कार्यालय के कर्मी और बड़ी संख्या में विभिन्न कलादलों के दल नायक और सदस्य कलाकार उपस्थित थे।

## भंडरा पुलिस ने तीन फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा



भंडरा/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। न्यायालय लोहरदगा द्वारा निर्गत अजमानतीय वारंटी के आधार पर तीन फरार वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार वारंटियों में अमर प्रसाद साहू उम्र करीब 28 वर्ष पिता स्व0 शिबू साहू ग्राम भंडरा को मारपीट के आरोप में, नजीब अंसारी उम्र करीब 26 वर्ष पिता सुल्तान अंसारी ग्राम आकाशी को सड़क दुर्घटना के आरोप में तथा नीरज साहू उम्र करीब 22 वर्ष पिता दिनेश साहू ग्राम भौरो को 2021 में लड़की को अपहरण कर बलात्कार करने के आरोप में भंडरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत लोहरदगा में भेजा गया।

# महिलाओं को स्वाबलंबी बनाने की योजना का दिया गया लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रथम वर्गीय पशुपालन विभाग परिसर सेन्हा में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों के बीच चूजा वितरण कार्यक्रम का जिला परिषद सदस्य और प्रखंड प्रमुख ने किया शुभारंभ लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत ग्राम के महिला लाभुक को आत्मनिर्भर तथा स्वालंबी बनाने के दृष्टिकोण से मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 20 महिला लाभुक को अनुदान राशि पर बतख चूजा उपलब्ध कराया गया। चूजा वितरण के पूर्व जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की प्रमुख फुलझरी देवी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से लाभुकों को चूजा देते हुए वितरण कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। बताया जाता है कि एक लाभुक को 15 बतख चूजा प्रदान किया जा रहा है। जिला जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा मुख्यमंत्री पशुधन योजना से प्रखंड क्षेत्र की महिला काफी लाभान्वित हो लोगो को प्रेरित करने का कार्य कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा आज के समय मे महिला चूल्हा चौकी का कार्य से बाहर निकल काफी जागरूक हुई है। प्रमुख फुलझरी देवी ने कहा विकास योजना संचालित होने से पंचायत गांव और प्रखंड विकसित क्षेत्र का पहचान होता है। बताते हुए महिला लाभुक को जगरूक किया गया। बतख चूजा वितरण के दौरान जीप सदस्य राधा तिर्की, प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह, शंकर महली सहित पशुपालन विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

# अंजुमन कमेटी के सदर बने इमरान अली, सेक्रेटरी मजहर खान और शाहिद कमाल बने कैशियर

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुआडांड।** जामिया नूरिया जिया उल इस्लाम अंजुमन कमेटी का चुनाव संपन्न हो गया।इस तीन पदों के लिए 6 लोगों के द्वारा नॉमिनेशन कराया गया है। सदर पद के लिए मोहम्मद इमरान अली और मोहम्मद हयूम अंसारी ने नॉमिनेशन कराया कराया था। जहां इमरान अली को मिले 246 वोट और ह्यूम अंसारी को मिला 213 वोट इस तरह से 33 वोट ज्यादा पाकर इमरान अली सदर पद के लिए निर्वाचित हुए। सेक्रेटरी पद के लिए नुरुल होदा व मजहर खान के द्वारा नॉमिनेशन किया गया था। जहां मजहर खान को 256 वोट और नुरूल होदा को 204 वोट प्राप्त हुए।इस तरह से 52 वोट अधिक लाकर मजहर खान विजयी घोषित किए गए। वही खजांची पद के लिए शाहिद कमाल व जसीम शेख ने पर्चा भरा था जहां शाहिद कमाल को 340 वोट व जसीम शेख को 120 वोट मिले। वहीं शाहिद कमाल 220 वोट अधिक लाकर खजांची पर काबिज हुए। चुनाव कमेटी के द्वारा जीत की घोषणा करने के उपरांत सभी निर्वाचित सदस्यों को चुनाव कमेटी के द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं निर्वाचित सदस्यों के द्वारा जीत के उपरांत मस्जिद में शुकराना नमाज अदा किया गया और उपस्थित लोगों के बीच मिठाइयां भी बांटी गई।

### लोगों ने चुनाव कमेटी और प्रशासन का किया शुक्रिया अदा

चुनाव शांतिपूर्ण एवं सहद्र वातावरण में कराने को लेकर महुआडांड़ के लोगों के द्वारा चुनाव कमेटी बनाई गई थी जिसमें 10 लोगों का नाम शामिल किया गया था। जिसमें 1मोहम्मद खुर्शीद खान, 2शबीब खान उर्फ भोलू, 3सफरूल खान, 4कमाल अहमद, 5असलम खलीफा, 6अंजर खान, 7खुर्शीद आलम,8 शहीद खान, 9आजाद अहमद,व 10 मोहम्मद मुर्शीद का नाम शामिल था।

# शिक्षकों की मासिक गुरुगोष्ठी आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के बीआरसी भवन में शनिवार को मासिक गुरूगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सदर प्रखंड के सभी प्राथमिक/मध्य/उच्च/+2 विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षक उपस्थित हुए। जिनमें एफएलएन, शिशुपंजी अद्यतनीकरण, पोषक क्षेत्र मैपिंग, प्रयास कार्यक्रम का क्रियान्वयन, स्कूल रुआर-2023, एसए 2 रिजल्ट का इविवि में अद्यतनीकरण/अपलोड, नेतरहाट और इसी के तर्ज पर प्रवेश परीक्षा 2023 का आवेदन फॉर्म प्रत्येक विद्यालय से कम से कम 15 फॉर्म भरने जिसका अंतिम तिथि 15/06/2023 है, मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृत्ति परीक्षा आवेदन पत्र प्रत्येक विद्यालय से कम से कम 15 फॉर्म भरने, सावित्री बाई फुले योजना का फॉर्म भरने, एसड़ीएमआईएस,शिक्षक हस्त पुस्तिका, ग्रेड 4 हेतु 71 बिन्दुओं का प्रतिवेदन विहित प्रापत्रानुसार, ईविद्या वाहिनी में शिक्षकों की उपस्थिति आदि में उत्पन्न समस्याओं, तकनीकी कारणों का निराकरण आदि विषयक विभागीय निदेशों की जानकारी दी गयी। मौके पर बीईईओ रामजीवन राम, मनी उराँव, शैलेन्द्र सुमन,जीतेन्द्र मित्तल, मंजू कुमारी, सीआरपी और शिक्षक उपस्थित हुए।

## बाइक सवार आर्मी जवान को टर्बो ट्रक ने रौंदा



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के कामों महुआ टोली के समीप शनिवार को बाइक सवार आर्मी जवान को तेज रफ्तार टर्बो ट्रक ने रौंदा दिए। जिससे घटनास्थल पर ही आर्मी जवान की मौत हो गयी, मृतक आर्मी जवान पिता छेदी साहू के 40 वर्षीय पुत्र अशोक साहू के रूप में पहचान हुई है। सूचना पर पहुंची लोहरदगा सदर थाना के सब इंस्पेक्टर सूरज प्रसाद, चौकीदार समसुल अंसारी और पुलिस बल के द्वारा मृतक आर्मी जवान के शव को अपने कब्जे में लेते हुये पुलिस गाड़ी में पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। मामले में लोहरदगा सदर थाना सब इंस्पेक्टर सूरज प्रसाद का कहना है कि घटनास्थल की जांच की गयी है। ट्रक को जब्त कर जांच की जा रही है। चालक को भी हिरासत में लिया गया है।

## युवा सद्भावना मंच के तहत वॉलीबॉल मैच का आयोजन




कैरो/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कैरो पंचायत में मेन रोड उतका और मुस्लिम मुहल्ला उतका के बीच युवा सद्भावना मंच के तत्वधान में बॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस बॉलीबॉल प्रतियोगिता में उतका मेन रोड ने मुस्लिम मुहल्ला उतका को 25-20 और 25-23 से हराया। मैच का उद्घाटन करते हुये प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि स्वस्थ युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी सम्पत्ति हैं। जिसने खेलों को महत्व दिया है वह सदैव प्रसन्न, स्वस्थ तथा मजबूत रहता है। आगे प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय ने कहा कि सद्भावना मंच की ओर हर शनिवार फुटबॉल, क्रिकेट, बॉलीबॉल, बैडमिंटन मैच का आयोजन किया जाता है युवा वर्ग इस तरह के आयोजन में शामिल होने के लिए अन्य युवकों को प्रेरित करें। इस रोमांचक मैच में सद्भावना मंच के सदस्य जावेद अख्तर, जुबैर अंसारी, इमरान खान, हामिद अंसारी, इत्यादि मौजूद थे।

## खेल से जागरूक हो युवा वर्ग, समाज में कायम रखें शांति और सौहार्द्र : बीडीओ



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में युवा सद्भावना मंच के तहत जिला प्रशासन के सौजन्य से प्रखंड प्रशासन द्वारा शनिवार को कुंदगडी खेल मैदान में कल्हेपाट बनाम भड़गांव के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इच्छुक युवक लोहरदगा में जाकर क्रिकेट फुटबॉल आदि का प्रशिक्षण लेकर भविष्य को बेहतर बना सकते है। जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा की खेल से युवाओं को रोजगार मिलता है। अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा की पढ़ाई के साथ-साथ खेल, संगीत आवश्यक है। कल्हेपाट और भड़गाँव के बीच क्रिकेट मैच खेला गया, जिसमें कल्हेपाट की टीम भड़गाँव को 5 विकेट से पराजित किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ विजय कुमार, पंचायत समिति सदस्य पूनम उरांव के अलावे सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# तैयारी को लेकर उपायुक्त ने की अधिकारियों संग बैठक

वितीय वर्ष 2022-23 में विभिन्न विभागों के द्वारा उपलब्धियों की समीक्षा की

छूटे हुए लाभुकों को योजना से अच्छादन हेतु विशेष कैंप चलाये जाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में दिनांक 16/06/2023 को प्रोजेक्ट भवन, रांची में होनेवाले बैठक की तैयारी को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में वर्ष 2022-23 में विभिन्न विभागों के द्वारा उपलब्धियों की समीक्षा की गयी। सर्वप्रथम ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा हुई जिसमें मनरेगा अंतर्गत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को मानव दिवस सृजन में 15 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी किये जाने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत तृतीय किश्त का भुगतान किये जाने का निदेश प्रखंड विकास पदाधिकारी, किस्को को दिया गया। उपायुक्त द्वारा पंचायती राज पदाधिकारी को पंचायत समितियों के व्यय संबंधी प्रेक्षा की गयी। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन में वितरण की गयी राशि और वितरण के लिए बाकी बचे राशि के भुगतान संबंधी समीक्षा की गयी और निष्पादन के निदेश दिये गये। साथ ही छात्रवृति और आवासीय विद्यालयों की स्थिति की भी समीक्षा की गयी।

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत पेंशन वितरण की समीक्षा की गई। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में लक्ष्य व उपलब्धि की समीक्षा की गयी और बीएस कॉलेज, लोहरदगा में छूटे हुये लाभुकों को योजना से अच्छादन हेतु विशेष कैंप चलाये जाने का निदेश जिला समाज कल्याण को दिया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों से संबंधित अपने भवन में आंगनवाड़ी केंद्र, अन्य भवन में आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन, जर्जर भवन व उनकी मरम्मती से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निदेश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया गया। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री पशुधन योजना में जिला पशुपालन पदाधिकारी को बचे हुए लक्ष्य को भी हासिल किया। डीएमएफटी अंतर्गत लंबित अधियोजना की प्रक्रिया को आगे बढ़ाये जाने का निदेश दिया गया। जाति/आय/आवासीय प्रमाण-पत्रों के लंबित मामलों का निष्पादन दो दिनों में पूर्ण किये जाने का निदेश भी दिया गया। कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल को वन टाईम सेटलमेंट मामलें में कैंप की संख्या बढ़ाकर लाभुकों को योजना का लाभ दिये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, नीलाम पत्र पदाधिकारी बिरसाय उराँव, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य संबधित विभागों के पदाधिकार/कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।

## चुंगरू के क्वारेंटाइन सेंटर के पंचायत सेवक ने निजी खाते में डलवा कर नहीं किया मुखिया को भुगतान

बरवाडीह(आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के चुंगरु पंचायत के तत्कालीन पंचायत सेवक सर्वेश सिंह के द्वारा कोरोना काल के दौरान पंचायत में बनाये गये क्वारनटाइन सेंटर के संचालन के लिए एक लाख से अधिक रुपये खर्च की राशि को राज्य सरकार के द्वारा भेजे जाने के बाद उस राशि को अपने निजी खाते में डलवा कर उस पैसे का भुगतान नहीं किये जाने की शिकायत पंचायत के मुखिया बालदेव परहिया के द्वारा लगभग 1 माह पूर्व प्रखंड विकास अधिकारी से किये जाने के बाद भी अब तक उस राशि का भुगतान तत्कालीन पंचायत सेवक के द्वारा नहीं किया गया है। जिस के भुगतान को लेकर कई बार प्रखंड प्रशासन से गुहार भी लगायी गयी परंतु लंबे समय से भुगतान नहीं हुआ वही मार्च के महीने में सरकार के द्वारा भुगतान करने को लेकर आदेश जारी किया गया जिसके बाद प्रखंड प्रशासन की ओर से राशि के भुगतान करने की कार्रवाई शुरू की गयी। उधर मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है और तत्कालीन पंचायत सेवक को पैसा वापस करने का निर्देश दिया गया है। फिलहाल तात्कालिक पंचायत सेवक जो जन सेवक के पद पर पदस्थापित हैं। उन सभी का हड़ताल चल रहा है।

## 60-40 नियोजन नीति के विरोध में झारखंड बंद बिशुनपुर प्रखंड में असरदार रहा



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** 60-40 नियोजन नीति के विरोध में आयोजित दो दिवसीय झारखंड बंद बिशुनपुर प्रखंड में असरदार रहा। इस दौरान विभिन्न छात्र संगठन एवं खतियानी संघर्ष मोर्चा के लोगों ने सुबह सड़कों पर निकल कर सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान को बंद करा दिया। वहीं सड़कों पर टायर जलाकर आवागमन बाधित कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिससे बॉक्साइट ढूलाई पूरी तरह से बाधित हो गई। वहीं यात्री वाहन भी नहीं चले। इस मौके पर खतियानी संघर्ष समिति के रोहित रोशन भगत ने कहा कि झारखंड सरकार झारखंडियों के हित में काम नहीं कर रही है। वह सिर्फ बाहरियों के हित में काम कर रही है। जबकि यहां के युवाओं ने बहुत उम्मीद के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनायी थी। जिससे यहां के पढ़े-लिखे नौजवानों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 60-40 नियोजन नीति के तहत झारखंड में बहाली प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। जिसमें 60% आरक्षित लोगों को अधिकार दिया गया है शेष 40% में पूरे भारत के लोगों को निमंत्रण दिया गया है। जिसका हम लोग पुरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि आरक्षित कोटे के विद्यार्थी भी जनरल कोटे से फॉर्म भर कर अपनी नौकरी ले रहे थे। परंतु सरकार के इस गलत नीति के कारण अब वे ऐसा नहीं कर पाएंगे। क्योंकि उन्हें पूरे भारत के विद्यार्थियों के साथ कंपटीशन करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार को दूसरे राज्यों की सरकार की स्थानीय नीति से सीख लेते हुए झारखंड में भी 90-10 नियोजन नीति लगाना चाहिए। जिससे कि यहां के खतियानी मूल वासियों को सही लाभ मिल सके। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि सरकार की गलत नीति के कारण सभी लोग इस आंदोलन से जुड़े और दो दिवसीय बंद को सफल बनाएं।

## बेटे ने मां को चाकू मारकर किया घायल, गिरफ्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पुसो थाना क्षेत्र स्थित लरंगो करंज टोली में लगभग 12 दिन पूर्व बूढ़ी करम पर्व के दिन मां से मामूली विवाद में पुत्र ने पेट में चाकू मारकर मां को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार लरंगो करंज टोली निवासी 30 वर्षीय बुधराम उरांव पिता सोमा उरांव से उसकी मां 50 वर्षीय बुधमनीया देवी का किसी बात से विवाद हो गया। जिसके बाद क्रोधित होकर कलयुगी पुत्र ने मां के पेट में चाकू मार दिया। वही चाकू लगने के बाद महिला गिरकर बेहोश हो गई वही उसका काफी खून बह गया। जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गई। तत्काल परिजनों द्वारा घायल महिला को सिसई रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। वही पुसो थाना की पुलिस ने शनिवार की सुबह आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया।

## मयूरी कॉलेज में इंटर एडमिशन शुरू

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मयूरी ट्रस्ट गुमला झारखंड की ओर से संचालित मयूरी चैताली कॉलेज गुमला लक्ष्मणनगर में इंटर एडमिशन शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में बसंत गुप्ता ने जानकारी दी है कि इच्छुक उम्मीदवार अपना रजिस्ट्रेशन कराएं। यह जानकारी कॉलेज के निदेशक बसंत कुमार गुप्ता ने दी ।श्री गुप्ता ने शैक्षणिक सत्र 2023- 25 के लिए इंटर साइंस, कॉमर्स ,आर्ट्स पर नामांकन कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। हेल्पलाइन नंबर 7368065582 और 8709909227 है।

## बस की टक्कर से स्कूटी सवार तीन लोग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जसपुर रोड स्थित सीआरपीएफ कैंप सीलम के समीप तेज रफ्तार राजहंस बस की टक्कर से स्कूटी सवार सीलम अंबाटोली निवासी शारदा इंदवार, जीवन उरांव व प्रवीण इंदवार गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना पर परिजनों द्वारा तत्काल तीनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया जहां तीनों का इलाज चल रहा है। वही महिला के सिर व शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने के कारण उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। वही दोनों युवक के पैर में चोट लगी है। घटना शुक्रवार की रात 8:30 से 9:00 बजे के बीच की है बताया जाता है कि तीनों एक ही परिवार के लोग हैं और करौंदी में दाह संस्कार कार्यक्रम के बाद वापस अपने घर सीलम अंबाटोली जा रहे थे तभी सीआरपीएफ कैंप सीलम के समीप तेज गति से आ रही राजहंस बस ने टक्कर मार दी। बताया जाता है कि राजहंस बस प्रतिदिन रांची से छत्तीसगढ़ जाती है। वही उपचार कर चिकित्सक ने बताया महिला की स्थिति में सुधार नहीं होने पर उसे रांची रेफर किया जाएगा।

## भरनो में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**भरनो (आजाद सिपाही)।** एनएच 23 मिशन चौक के पास एसडीपीओ मनिश चन्द्र लाल एवं थानेदार कृष्ण कुमार तिवारी ने अवैध बालू परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। उसे थाने में रखा गया है। साथ ही आगे की कर्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को सूचना दी गयी है।

**पहल :** उपायुक्त के निर्देश पर ऐसे परिवारों के 2048 लोगों का कराया गया सामाजिक-आर्थिक अध्ययन

# बहुरेंगे चमड़े का काम करने वालों के दिन

**विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने, उनके हुनर को संरक्षित रखने और गरिमामयी परिवेश देने की बन रही कार्य योजना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की पहल पर जिले में परंपरागत मोची का व्यवसाय करने वाले परिवारों का धरातलीय सर्वेक्षण करवाया गया। इस सर्वे का उद्देश्य था ऐसे परिवारों की मौजूदा सामाजिक आर्थिक स्थिति जानना तथा उनको विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उनका सामाजिक आर्थिक उत्थान करना।

शनिवार को आयोजित एक संक्षिप्त प्रेस वार्ता के दौरान उपायुक्त ने संवाददाताओं को बताया कि जिले में मोची के व्यवसाय से जुड़े कुल 2048 लोगों को इस अध्ययन में शामिल किया गया। जिनके वर्तमान व्यवसाय, उनको मिल रहे योजनाओं के लाभ, शिक्षा, पलायन, स्वास्थ्य आदि पहलुओं पर जानकारी जुटाई गई।

इस सर्वेक्षण से सामने आई जानकारी के अनुसार सर्वेक्षित परिवारों के 129 बच्चे ऐसे हैं जो दसवीं कक्षा या इससे ऊपर पढ़ाई कर रहे हैं, किंतु रोजगार का संकट उनके सामने है। 95% से अधिक लोग एकल खेती करते हैं। 82 लोग पलायन भी कर गए हैं। जबकि 136 लोग अभी भी पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े हैं।

ऐसे ही कई तथ्य इस सर्वेक्षण में सामने आए हैं। उपायुक्त ने कहा कि इस अध्ययन का उपयोग मोची के पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े इन परिवारों के हुनर को संरक्षित करने, इनके लिए दीर्घकालिक योजनाएं बनाने तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए कुछ ठोस कदम उठाने में प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इनके विकास के लिए दो चरणों में कदम उठाए जा रहे हैं। पहले चरण में उनकी न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरी करने के लिए कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करना जबकि दूसरे चरण में उनको हुनर को सहकारिता का माध्यम अपनाकर नया आयाम देना। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि अगले एक साल में इस समुदाय का सर्वांगीण विकास किया जाए। उपायुक्त ने बताया कि इसी तर्ज पर पीवीटीजी का भी सर्वेक्षण कर ठोस कार्य योजना तैयार की जानी है।

प्रेस वार्ता के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी तथा जिला नियोजन पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## पीएलएफआइ के पांच उग्रवादियों को न्यायालय ने दिया दोषी करार

आजाद सिपाही संवाददाता

**12 जून को होगी सजा के मामले पर सुनवाई**

**गुमला।** गुमला थाना अंतर्गत वृंदा नायक टोली निवासी विनीता उरांव के परिजनों की हत्या के प्रयास करने पीएलएफआई के पांच आरोपियों को एडीजे चार अंजनी अनुज की अदालत ने दोषी पाया है। सजा के बिंदु पर मामले की सुनवाई 12 जून को होगी। इस मामले में रामनारायण गोप, रामकिशुन गोप, रमेश गोप, सोमनाथ गोप व परमेश्वर गोप को दोषी पाया गया है। 5 जून 2020 को विनीता अपने परिवार की आत्म रक्षा के लिए पीएलएफआई के एरिया कमांडर बसंत गोप को टांगी से वार कर मौत के घाट उतार दिया था। घटना के दिन 5 से 7 पीएलएफआई के उग्रवादी बसंत गोप के नेतृत्व में हथियार के साथ विनीता के घर आ धमके थे। इस क्रम में वहां गोली भी चलाई। जहां विनीता ने अपने कमरे के पीछे छिपकर आत्मरक्षा के लिए टांगी से वार कर दिया। जिससे बसंत गोप गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका शव अगले दिन 6 जून को वृंदा जंगल से मिला था। इस घटना के बाद से लोगों ने विनीता की बहादुरी को बहुत सराहा था। जिसके बाद वह काफी चर्चा में रही थी। 5 जून 2020 को विनीता ने गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। दर्ज प्राथमिकी में कहा वृंदा में अपने बच्चों के साथ खाना खाकर घर में सोने की तैयारी कर रही थी। उसी रात्रि 8:30 बजे कुछ व्यक्ति उसके घर के पास आकर दरवाजे में लात मारी और गाली गलौज करते हुए कहा कि दरवाजा खोलो आज तुम लोगों को खत्म कर देंगे। जिसके बाद मैंने आवाज की पहचान अपने गांव के बगल में रहने वाले बसंत गोप के रूप में किया जो पूर्व में मेरे ससुर की हत्या कर चुका था। यह बात सुनकर मैं बहुत डर गई और अपने बच्चों की जान बचाने की सोच कर डर कर लाइट बंद करके हाथ में कुल्हाड़ी पकड़कर घर के मुख्य दरवाजे के किनारे छिप गई। वे लोग दरवाजा में जोर जोर से लात मारने लगे और दरवाजा में फायरिंग करने लगे जिसके बाद फायरिंग बंद होने के बाद बसंत गोप ने कहा कि परमेश्वर तुम दरवाजा को तोड़ दो। जिसके बाद दरवाजा टूटते ही एक ने जान से मारने की नियत से घर के अंदर फायरिंग किया। जैसे ही एक व्यक्ति मेरे घर में प्रवेश किया मैंने अपने परिवार की जान बचाने की नियत से उस पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। जिसके बाद वह व्यक्ति पीठ के बल गिर गया। वही उसके एक साथी ने कहा कि हमारे एक साथी घायल हो गया है उसे जल्दी ले चलो नहीं तो मर जाएगा। जिसके बाद सभी व्यक्ति वहां से उसे अपने कंधा में लादकर ले गए।

## एक दिन में तीन लोगों ने की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला जिले में तेजी से बढ़ रही हैं आत्महत्या की घटनाएं**

**गुमला।** जिले में तीन अलग-अलग स्थानों में तीन लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसमें शास्त्री नगर निवासी 45 वर्षीय सुशील कुमार गुप्ता, घाघरा बड़काडीह निवासी 65 वर्षीय बिरी उरांव, भट्ठी मोहल्ला निवासी 13 वर्षीय सोना परवीन शामिल है। पहली घटना गुमला थाना के शास्त्री नगर में हुई जहां शास्त्री नगर में गुप्ता स्टोर के संचालक ने अपने ही घर में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों के अनुसार सुशील कुमार गुप्ता का अपनी पत्नी से हमेशा विवाद होते रहता था जिसके कारण आवेश में उसने गुरुवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं दूसरी घटना बड़काडीह घाघरा में हुई जिसमें बारी उरांव अपने घर के पीछे धरने से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी ए तवारी देवी ने बताया कि गत मंगलवार को गांव में बुढ़िया करम पर्व था। उसके बाद से वह लगातार शराब का सेवन कर रहा था। गुरुवार की शाम कि वह काफी शराब पिया था। जिसके बाद वह लापता हो गया। शुक्रवार की सुबह घर के पीछे स्थित धरना में फांसी से लटका पाया गया। शुक्रवार को दोनों के शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं तीसरी घटना गुमला शहर स्थित भट्ठी मोहल्ला की है जहां राजेंद्र अभ्यास विद्यालय में पढ़ने वाली सातवीं कक्षा की छात्रा घर में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा के पिता खिलौना बेचने का काम करते हैं। खिलौना बेचने कांसीर बाजार गए थे। मां अपनी तीनों बेटी को लेकर सदर अस्पताल इलाज कराने आई थी। तीन घंटे बाद घर लौटने पर 4 बजे घर का दरवाजा काफी खटखटाने के बाद भी नहीं खुलने पर एक लड़के को पीछे के रास्ते चारदीवारी फांद कर घर खुलवाया गया। अंदर घुसने पर देखा की बेटी दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिसके बाद किशोरी को सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं शव को शव गृह में रखा गया है। शनिवार

## सिसई पुलिस ने अवैध बालू लदा हाइवा किया जब्त

**सिसई (आजाद सिपाही)।** नगर जकुवा टोली गांव के समीप से सिसई पुलिस ने अवैध बालू लदे एक हाईवा को जब्त किया है। जब्त वाहन को थाना लाया गया। और इसकी सूचना जिला खनन पदाधिकारी को दी गई। जिला खनन विभाग रामनाथ राय ने जब्त हाईवा जे एच 07 जी 9380 चालक व वाहन मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि सिसई पुलिस ने शुक्रवार की रात्रि गश्ती के दौरान ओल्मुण्डा की ओर से आ रही अवैध बालू लोड हाईवा वाहन को पीछा करते हुए नगर जकुवा टोली के समीप पकड़ा गया है। अंधेरे का लाभ उठाते हुए वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## कुल्लुकेरा पंचायत के कुल्लुकेरा में संत जोसेफ रोमन कैथोलिक चर्च का उद्घाटन



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अन्तर्गत कुल्लुकेरा पंचायत के सारूबेड़ा गांव में नव निर्मित संत जोसेफ रोमन कैथोलिक चर्च का उद्घाटन किया गया। मौके पर पवित्र मिसा पूजा करौंदाबेड़ा के डीन फादर मोजेस खलखो, फादर लॉरेंस टोप्पो,फादर सुशील कुमार मिंज,फादर प्रकाश टेटे,फादर एडमोन बड़ा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इसके बाद चर्च का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने फीता काटकर किया। उन्होंने चर्च के निर्माण में प्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले लोगों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और ईश्वर की कृपा से आज यहां चर्च बनकर तैयार हुआ है। अब ईश्वर के इस पवित्र घर मे लोग प्रतिदिन प्रार्थना करने आएंगे। लोगों की मनोकामना पूर्ण होगी। उन्हें परम शांति मिलेगी। विधायक ने कहा कि समाज को सही दिशा में ले जाने के लिए समाज का हरेक जन सहयोग करें। कलीसिया को मजबूत बनाएं। बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। युवा वर्ग नशापान से दूर रहें। बच्चे अपने से बड़ों को सम्मान दें। विधायक ने लोगों को सरकार की योजनाओं को लाभ लेने के लिए आगे आने का भी आह्वान किया। मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर सिमडेगा प्रखंड अध्यक्ष नवीन बिरेन तिर्की,जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, 20सूत्री अध्यक्ष विनय लकड़ा,कांग्रेस युवा अध्यक्ष रोहित एक्का,पूर्व जिप सदस्य प्रदीप सोरेंग, सिस्टर बालमदीना केरकेट्टा, सिस्टर प्रणिता बेग, मुखिया धनेश्वर नागेसिया, सिलबेश्टर केरकेट्टा, विजय केरकेट्टा, जोसेफ सोरेंग,आदि भारी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## तेलंगा खड़िया पुस्तकालय संचालन को लेकर बीडीओ-सीओ ने की बैठक



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय तेलंगा खड़िया पुस्तकालय संचालन को लेकर बीडीओ सुनीला खलखो व सीओ अरुणिमा एक्का की संयुक्त अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में बैठक हुई। बैठक में निमार्णाधीन पुस्तकालय के संचालन से संबंधित विभिन्न नियामवली की विस्तृत जानकारी देते हुए बीडीओ ने बताया कि संचालन समिति में कुल 25 से 30 सदस्य होंगे। जिनका चयन आम सदस्यों के द्वारा किया जाएगा। पुस्तकालय समिति के आम सदस्यों की सदस्यता शुल्क 5 सौ रुपए व छात्र -छात्राओं के लिए 120 रुपए मासिक निर्धारित है। सेवानिवृत्त कर्मी, समाजसेवी व बुद्धिजीवी सदस्यों के बीच आम सभा के माध्यम से अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष का चयन किया जाएगा। कार्यकाल एक वर्ष का होगा। विशेष परिस्थिति में छह माह का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। समिति की बैठक प्रति माह की जाएगी वहीं संचालन समिति द्वारा वार्षिक आम बैठक में आय -व्यय का ब्यौरा व उपलब्धियों से सभी को अवगत कराएगी। लेन देन की सारी प्रक्रिया अध्यक्ष सचिव व कोषाध्यक्ष के संयुक्त बैंक खाते के माध्यम से होगी साथ ही वार्षिक आय-व्यय का अंकेक्षण चार्टड एकाउंटेंट (सीए) द्वारा समिति को करना अनिवार्य होगा। पुस्तकालय संचालन की सारा दायित्व संचालन समिति द्वारा किया जाएगा। वहीं उन्होंने प्रखंड के पुस्तकालय संचालन को लेकर आगामी 17 जुन को प्रखंड मुख्यालय की बैठक में क्षेत्र के सभी समाजसेवी, सेवानिवृत्त कर्मी, बुद्धिजीवी व इच्छुक प्रखंड वासियों को उपस्थित होने की अपील की है। इस मौके पर जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, निरंजन सिंह, धनीराम यादव, रहमान अंसारी, विपीन झा, दीपक अधिकारी, रिजवाना, अरुण नारायण सिंह, राजकुमार पौराणिक, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## श्री राधे कृष्ण बलराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर निकली कलश यात्रा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के बड़काडीह गांव में श्री राधे कृष्ण बलराम मंदिर के तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर शनिवार को दिन के 8:00 बजे कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं और बच्चियां शामिल हुई कलश यात्रा बड़काडीह मंदिर से शुरू होकर मुख्य पथ होते हुए जय श्रीराम के उद्घोष के साथ मकरा स्थित गुड़ गुड़ चुवा पहुचा। जहां आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ जल भरी कराई गई वही पुनः कलश उठाकर महिलाएं और बच्चियां बड़काडिह स्थित मंदिर प्रांगण पहुंची। जहां मंडप प्रवेश एवं वेदी पूजन आचार्य द्वारा कराई गई वही मंदिर सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि आज कलश यात्रा मंडप प्रवेश और वेदी पूजन कार्यक्रम किया गया। 11 जून को समस्त अधिवास पूजन एवं संध्या में नगर भ्रमण किया जाएगा साथ ही 12 जून को प्राण प्रतिष्ठा हवन पूणार्हुति एवं भंडारा का आयोजन होगा। सदस्यों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को शामिल होने की बात कही साथ ही यही बताया कि पूरे प्रखंड में एकमात्र मंदिर है जिसमें श्री राधे कृष्ण बलराम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हो रहा है। मौके पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं बच्चियां पुरुष व बच्चे शामिल हुए।

## कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन के लिए बीडीओ ने जागरूकता रथ किया रवाना

**बसिया (आजाद सिपाही)।** कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन हेतु व्यापक प्रचार प्रसार प्रारंभ करते हुए शनिवार को बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा नामांकन जागरूकता रथ को प्रखण्ड मुख्यालय से रवाना किया गया। साथ ही जगह जगह बैनर पोस्टर लगा कर एवम व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी व्यापक प्रचार प्रसार किया गया ।जागरूकता रथ में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, वार्डन को भी साथ मे भेजा गया है. ताकि वो सुदूरवर्ती गांव में जा कर बैठक कर लोगों को जागरूक करें ।इस मौके पर कस्तूरबा के वार्डन सविता पन्ना, अजय सिंह, रामचरित साहू, संतोष बीसी, शिक्षक रजनी बा, गोपाल सिंह शामिल थे।

**तैयारी :** उपायुक्त ने दिये सभी प्रखंड की पंचायतों में राजस्व व भूमि सुधार शिविर आयोजित करने के निर्देश

# सभी पंचायतों में शिविर आयोजित करने की तिथि निर्धारित

**उपरोक्त शिविर के लिए कांग्रेस नेता रोशन बरवा ने उपायुक्त से मिलकर सौंपा था ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता



## पदाधिकारी ईमानदारीपूर्वक शिविर में जनता की समस्याओं का निराकरण करें : रोशन बरवा

कांग्रेसी नेता रोशन बरवा ने कहा कि पदाधिकारी ईमानदारी पूर्वक शिविर में जनता की समस्याओं का निराकरण करें और उचित प्रचार प्रसार करें बसिया और कामडरा प्रखंड की जनता उक्त तिथियों को संबंधित स्थानों में जाकर अपना कागजात में सुधार करवाएं।

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देशानुसार सभी प्रखंड के पंचायतों में राजस्व व भूमि सुधार शिविर आयोजित करने का निर्देश देने के उपरांत बसिया और कामडरा अंचल कार्यालय द्वारा ऑनलाइन गड़बड़ी, पंजी 2 सुधार, उतराधिकारी दाखिल खारिज, आपसी बंटवारा, सरकारी भूमि अतिक्रमण, गैरमजरूवा जमीन मैपिंग,किसान डाटा सत्यापन, किसान सम्मान निधि योजना, ई केवाईसी, पीएम किसान सम्मान निधि का भौतिक सत्यापन, जाति प्रमाण पत्र एवं जमीन संबंधित अन्य त्रुटियों के समाधान को लेकर शिविर आयोजित किया गया है। जिसके तहत बसिया अंचल में 13 जून को पंचायत भवन ममरला में डाकिया, ममरला, चिंतामनकुरा, बाटालोया में, पंचायत भवन पंथा में पन्था, सोनमेर, बानागुटु, लोटवा, पंचायत भवन तुरबूंगा में टकरमा, डोलोंगसेरा, किनिरकेला, कुड़लगा, कोचेडेगा, तुरबूंगा, आर्या पंचायत अंतर्गत सुकुरडा चबूतरा में ससिया,कुरूम, सुकुरडा और रामडीह राजस्व ग्राम, 14 जून को पंचायत भवन ओकबा में ओकबा, बोंगलोया, नारेकेला, केदली, लालपुर, टेंगरा, टांगरजरिया राजस्व ग्राम, पंचायत भवन कुम्हारी में कुम्हारी, घुनसेरा, रामजडी, बनई, पंचायत भवन तेतरा में तेतरा,सरइडीह, साईंटोली, पंचायत भवन ईटाम में बरटोली, सकेया,खटकुरा, गुण्डरडीह, कुरडेगा, ईटाम राजस्व ग्राम का, 15 जून को पंचायत भवन पोकटा में लोहड़ी, पोकटा, गंगड़ा, बंगरकेला राजस्व ग्राम का,

पंचायत भवन बसिया में बंबियारी, तुरीबीरा, बसिया, लालपुर, सुतूरबुला, तिर्रा,जकजोर राजस्व ग्राम का, पंचायत भवन कलिगा में लोंगा, पतुरा, कलिगा, रायकेरा राजस्व ग्राम का कोनसकेली चबूतरा में दलमादी, कदमडीह,कोनसकेली, उचडीह, आमडेगा।

16 जून को नवाडीह चबूतरा में नवाडीह, कारलोया, टंगरटोली, महाराजगंज, बोडेकेरा राजस्व ग्राम का लौवाकेरा चबूतरा में लौवाकेरा फरसामा, मझकेरा, सूरजपुर राजस्व ग्राम का, पंचायत भवन आर्या में गुड़ाम, आर्या, सोलोंगबिरा, सिधमा राजस्व ग्राम का, 17 जून पंचायत भवन लुंगटू में जोलो, लुंगटू, निनई, बरई, बंतरिया राजस्व ग्राम का, पंचायत भवन कोनबीर में भागीडेरा, सिरीबिरा, कोनबीर राजस्व ग्राम का, पंचायत भवन मोरंग में मतरडेगा,मोरेंग,किंदीरकेला राजस्व ग्राम का, 19 जून को तुकई चबूतरा में कुलुसेरा, तुकई, किरिंगलोया, जामडाग, तालेसेरा आदि जगहों पर शिविर लगाया जाएगा। वहीं कामडारा अंचल में 12 जून को अरहरा स्कूल भवन में अरहरा और चटकपुर, कामता स्कूल भवन में गरई,कामता, बाम्हनडीह, सालेगुटु पंचायत भवन में झारो, अंकरा, मुर्गा। 14 जून को टूरंडू पंचायत भवन में टूरण्डू,पोकला,कूदा,कराकेल, कोंडेकेरा। 15 जून को सरिता पंचायत भवन में सरिता, किसनी,पिंपी, पकरा।

17जून को सरिता पंचायत भवन में पोजे, बोंगडा, बुरुहातु,टीटीही आदि जगहों में शिविर आयोजित किया जाएगा ।

ज्ञात हो कि उपरोक्त शिविर हेतु झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सचिव रोशन बरवा ने गुमला उपायुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंपा था जिसमें उपायुक्त गुमला द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए शिविर लगाने का निर्देश प्राप्त था।

## पलामू प्रमंडल के लोगों को झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का लाभ दिलाने की कवायद शुरू

# मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी हेमंत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना, इसके संचालन में करें सहयोग : अनवर

**पलामू क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव ने बस ऑनर एसोसिएशन एवं बस मालिकों के साथ की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



बस एसोसिएशन और बस मालिकों के साथ बैठक करते पदाधिकारी।

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के लोगों को झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का लाभ दिलाने की कवायद शुरू हो गई है। ग्रामीणों को योजना का लाभ मिले, इसके लिए पलामू क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव अनवर हुसैन ने शनिवार को आयुक्त कार्यालय में बस ऑनर एसोसिएशन एवं बस मालिकों के साथ बैठक की। उन्होंने बस ऑनर एसोसिएशन, बस मालिक एवं उनके प्रतिनिधियों को झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही इसके सफल क्रियान्वयन में सहयोग की अपील भी की। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन एवं बस मालिकों के सहयोग से पलामू प्रमंडल के लोग सुगम यात्रा कर सकेंगे। ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे निवासियों को इस योजना का फायदा मिले, इसके लिए मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस योजना से संचालन से गांव में रहने वाले छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला मुख्यालय तक आवाजाही करने में आसानी होगी। सुगम परिवहन की व्यवस्था होने से छात्र-छात्राओं को उच्चस्तरीय शिक्षा के लिए बाहर जाने में सुविधा होगी। ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा प्राप्त करने के लिए भी प्रखंड, अनुमंडल मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय जाने में सहुलियत होगी। किसान अपने उपज को बाजार तक आसानी से पहुंचा सकेंगे, जिससे उन्हें मुनाफा होगा। राज्य सरकार ने झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की शुरूआत की है, ताकि आमजनों को सुगम परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। इस योजना से प्रत्येक नागरिक को लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत संचालित परिवहन व्यवस्था में वरिष्ठ नागरिक,व, छात्र-छात्रा, कुछ केटेगरी के दिव्यांगजन, विधवा पेंशन से आच्छादित महिला और राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त झारखंड आंदोलनकारियों को यात्रा किराया में रियायत भी मिलने वाली है। बैठक में बस ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष, उनके प्रतिनिधि एवं बस मालिकों ने भी सुझाव दिए। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई छोटी वाहनें चलाई जा रही है, जिसका परमिट नहीं होता है। बिना परमिट वाले वाहनों के संचालन पर रोक लगाई जाए या उन्हें परमिट बनवाने के लिए प्रेरित करते हुए सरल प्रक्रिया अपनाई जाए, ताकि वे परमिट लेकर ही वाहनों का परिचालन करें। इसके अलावा वाहन संचालन से संबंधित अन्य सुझाव भी दिया। बैठक में पलामू क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव अनवर हुसैन, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी, पलामू के बस ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह, गढ़वा के बस ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष मंसूर खान, सत्येंद्र सिंह, उमाकांत सिंह, गोखुला मिश्रा, कृष्ण विजय सिंह, संपूणार्नंद पांडेय एवं गढ़वा के आशुतोष मिश्रा, नंदलाल प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता से मिली महिला आयोग की सदस्य



**पीड़ित परिवार को दिया हर संभव मदद दिलाने का भरोसा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र में मई महीने में एक नाबालिग लड़की से हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बाद अपने ननिहाल मोहम्मदगंज थानान्तर्गत गाजिबिहरा गांव में रह रही पीड़िता से मिलने शनिवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा के निर्देश पर ममता कुमारी पहुंची थी। पीड़िता से मुलाकात कर उसे न्याय के साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इसके पहले पलामू डीसी ए दोड्डे और एसपी चंदन कुमार सिन्हा भी पीड़िता और उसके परिजनों से मिले। इस मौके पर हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पूज्य प्रकाश, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, हुसैनाबाद बीडीओ रतन कुमार सिंह, हुसैनाबाद सीओ नंदकुमार राम, मोहम्मदगंज के बीडीओ प्रभाकर ओझा, मोहम्मदगंज के सीओ यशवंत नायक, हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी अक्षय कुमार, एएसआई मुरारी दास, अजय कुमार,भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि प्रशांत कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेसियों ने मनायी सीडी राम की प्रथम पुण्यतिथि




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस भवन में शनिवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी स्व सीडी राम की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू कांग्रेस जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया। उन्होंने सीडी राम को एक समर्पित कांग्रेसी बताया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सीडी राम जी के जीवन से हमें शिक्षा लेने की जरूरत है। किसी को मदद करने में वह बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। जिला अध्यक्ष रहते हुए अभिभावक सीडी राम के साथ तीन साल काम करने का मौका मिला और बहुत कुछ सीखने को हम सभी युवाओं को मिला। उनकी कमी हमेशा खलती है। वहीं, शिक्षा विभाग के स्टेट चेयरमैन श्याम नारायण सिंह ने कहा कि सीडी राम जी कांग्रेसी नेता के साथ-साथ एक महान समाजसेवी और सदैव दूसरे की सहायता करने के लिए तत्पर रहने वाले इंसान थे। एक अनुसूचित जाति परिवार में जन्म लेकर उन्होंने दूसरों की सहायता करने का जो स्वरूप समाज में दिखाया वह अनुकरणीय है। कम्यूनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता केडी सिंह ने सीड़ी बाबू को सामाजिक कार्यों में सदैव खुद को लगाए रखने वाला व्यक्ति बताया। ऐसे व्यक्ति को पुण्यतिथि के अवसर पर याद किया ही जाना चाहिए। कार्यक्रम में ओमप्रकाश अमन, सोनू खान जाहिद खान जितेंद्र कमलापुरी हर्ष साहनी, शेर खान, गणेश रवि,सत्येंद्र सिंह, राजेश चौरसिया, विश्वनाथ राम, विजय कुमार अग्रवाल, सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, छोटू, बबलू, सुशील सिंह, छोटू सिंह, अजीज अंसारी, रविंद्र कुमार सहित कई लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## समर कैंप का मुख्य उद्देश्य शारीरिक स्वस्थता के साथ सामाजिक कौशल को विकसित करना भी है: डॉ एके

**ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में समर कैंप हर्षोल्लास के साथ संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में समर कैंप हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विदित हो कि यह कैंप छह जून से नियमित रुप से चल रहा था, जिसका समापन शनिवार को हुआ। सर्वप्रथम प्रातः सूर्य नमस्कार, अन्य योगासनों के अभ्यास की शुरूआत के साथ हुई। इसके बाद प्राचार्य डॉ एके सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन किया। वहीं, छात्रों की ओर से समर कैंप में सीखे गये गतिविधियों की मुख्य अतिथि के समक्ष मंच पर प्रस्तुति दी गई। छात्रों ने एक लघु नाटक भी प्रस्तुत किया। कैंप में क्रिकेट, खो-खो, रीडिंग, राइटिंग, पेंटिंग, नृत्य, संगीत, तैराकी, योगा, बैडमिंटन एवं पाक कला आदि गतिविधियों में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान किया गया। इसी क्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि कैंप का उद्देश्य छात्रों को टीवी व मोबाइल जैसे तकनीकों के दुष्प्रभावों से दूर रखना, शारीरिक स्वस्थता के साथ सामाजिक कौशल विकसित करना। कौशल विकास के साथ रचनात्मक गतिविधियों के प्रति अभिरुचि लाना भी है। उन्होने कहा कि हमारे विद्यालय में जल्दी ही इन्डोर ग्राउंड कोर्ट तैयार होगा। जिसमें वॉलीबाल, बास्केटबाल, तरणताल आदि बनेंगे। विद्यालयीन गतिविधियों के मध्य अतिरिक्त कौशलों का समुचित विकास या प्रगति सम्भव नहीं हो पाने के कारण ऐसे कार्यक्रम प्रभावशाली होंगे। मंच संचालन शिक्षिका शिवांगी आनन्द एवं मीनू सिंह के द्वारा किया गया। अन्त में विद्यालय की जीवविज्ञान शिक्षिका कुमारी शिल्पी की ओर से धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कैंप प्रतिभागी छात्र एवं शिक्षक वृन्द उपस्थित थे।

## पर्यावरणविद कौशल किशोर और मुखिया पूनम देश के पौधे सिंगापुर और मलेशिया में लगायेंगी

**पांच दिवसीय दौरे पर सिंगापुर व मलेशिया के लिए रवाना हुए पर्यावरणविद कौशल व पूनम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और उनकी पत्नी सह बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव व छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल इस वर्ष निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण एवं वृक्षों पर रक्षाबंधन कार्यक्रम का शुभारंभ सिंगापुर के चांगी विलेज व मलेशिया की राजधानी कुलालंपुर और पेनांग की धरती से करेंगे। कौशल किशोर ने इसकी जानकारी शहर के बाईपास रोड केपीजे कंपलेक्स के पीछे स्थित अपने आवास पर्यावरण भवन से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। कार्यक्रम को लेकर पर्यावरणविद कौशल और मुखिया पूनम जायसवाल शनिवार को सिंगापुर व मलेशिया के लिए पांच दिवसीय दौरे पर रवाना हो गए। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते कौशल किशोर ने बताया कि निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपण के 56 वां वर्ष और पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट के 46 वां वर्ष पूरा होने के उपरांत इस वर्ष 2023 - 24 में विश्व के आधा दर्जन देशों में और देश के 10 राज्यों में व 10 राज्यों के 20 जिलों में दो लाख निशुल्क पौधा वितरण सह रोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस दौरान पर्यावरण धर्म पर संगोष्ठी का आयोजन कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाएगा।

वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने बताया है कि देश के 10 राज्यों में कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री द्वारा जिले के छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर से किया जाएगा। जबकि झारखंड राज्य के लिए आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मेदिनीनगर के पर्यावरण भवन से आईएएस अधिकारी करेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार 95 प्रतिशत कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाएगा। ताकि गांवों में पूर्णतः हरित क्रांति लाया जा सके। उन्होंने पर्यावरण धर्म के तहत शुभ कार्य में पौधा दान करना व जानवरों को भोजन कराने का विधान है। लातेहार के वन क्षेत्र में वन प्राणियों को फलाहार भोजन हमेशा की तरह कराया गया।। उक्त मौके पर छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल व प्रो अरुण कुमार जायसवाल दोनों पुत्रों को नाइजीरिया का बेडरूम में रखने वाले प्रदूषण का दुश्मन पौधा फिडल लिपट गिफ्ट के रूप में दिए वहां कोमल जायसवाल, आराध्या आद्रिका, रामू, छोटू मौजूद थे।

## आवास कोऑर्डिनेटर के स्थानांतरण पर समारोह आयोजित कर दी विदाई



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में आवास कोऑर्डिनेटर को स्थानांतरण के बाद विदाई दी गई। इस मौके पर आवास कोऑर्डिनेटर को कार्यालय कर्मियों की ओर से अंगवस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया गया। सीओ नंद कुमार राम ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और आगे पदस्थापन स्थल पर भी इसी तरह से अच्छे कार्य करने और मनोबल ऊंचा रखने पर बल दिया। वहीं, जेएसएलपीएस के प्रखंड कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार ने उनके अच्छे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कर्मियों के आपसी सामंजस्य के कारण हुसैनाबाद प्रखंड में व्यवस्थित तरीके से कार्य हो रहा है। आगे आप जहां भी रहे वहां इसी तरह अच्छे ढंग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहें। इस मौके पर आवास कोऑर्डिनेटर ने प्रखंड कार्यालय को याद करते हुए कहा कि उन्हें यहां किसी भी तरह से कार्य करने में कभी कोई परेशानी नहीं हुई। अधिकारियों से लेकर कर्मियों तक का सदैव सहयोग मिलता रहा। इस मौके पर प्रखंड कर्मी मोहम्मद शमीम, नाजिर, सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

## दामोदर नदी पर निर्मित उच्च स्तरीय पुल का उद्घाटन आज

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती हफुआ से किरीगढ़ा बचरा पहुंच पथ में मुख्यमंत्री ग्राम शेतू योजना के अंतर्गत पूर्व विधायक निर्मला देवी द्वारा अनुशंसित दामोदर नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इस नवनिर्मित पुल का उद्घाटन रविवार को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद करेंगी।

## मुफ्त चिकित्सा शिविर आयोजित कर मनाया गया विजेता वर्मा का जन्मोत्सव



**रांची (आजाद सिपाही)।** छात्र क्लब साधना मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप) के तत्वावधान में पिस्का मोड़ के रातु रोड स्थित ग्रामीण आरोग्या सेवा संस्था में मुफ्त चिकित्सकीय शिविर का आयोजन कर समाजसेविका विजेता वर्मा का जन्म उत्सव मनाया गया। इस दौरान डॉ सुदर्शन महतो एवं डॉ बीके सिंह आयुर्वेदाचार्य ने 29 मरीजों की निःशुल्क जांच कर उन्हें दवा भी उपलब्ध कराई। अशोक कुमार राणा एवं राजकिशोर राणा की ओर से कैंप में उपस्थित सभी मरीजों एवं जरूरतमंदों के बीच अमृतांजन वाम, सैनेटरी पैड, ग्लूकोज, ओआरएस एवं मल्टीविटामिन सीरप आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गणेश वंदना एवं प्रसाद वितरण कर हुआ। मौके पर क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने कहा जन्मदिन उत्सव हो या शादी की सालगिरह जरूरतमंदों, गरीब लोगों की सेवा करें और उनके बीच खुशियां लाएं वहीं, सुबोध कुमार शर्मा ने समाजसेविका विजेता वर्मा के जन्मदिन पर उनकी लंबी उम्र, स्वास्थ्य लाभ एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए छोटे-छोटे बच्चों के बीच टॉफियां एवं आइसक्रीम बांटे। डॉ सुदर्शन महतो द्वारा गर्मी के मौसम में खान-पान, रहन-सहन की जानकारियां देकर कार्यक्रम की समापन की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय कुमार, मनीष पाठक, विकाश दूबे, रघु यादव, नागेंद्र सिंह, आलोक कुमार मिश्रा, नेहा फार्मा, संजीवनी मेडिकेयर, कुमारी पूनम, उमेश साव, दीपक प्रजापति, रिंकू देवी, शैलेंद्र शर्मा और अर्पित कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**1स्पोर्ट्स**



भारतीय हॉकी टीम ने शनिवार को सेमीफाइनल मैच में जापान को 1-0 से हराकर जूनियर विमेंस एशिया कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। लगे हाथ जूनियर वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालिफाइ कर लिया है।

## जूनियर वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालिफाई किया, सुनीता टोप्पो ने किया गोल

# जापान को 1-0 से हराकर जूनियर वीमेंस एशिया कप के फाइनल में पहुंची भारतीय हॉकी टीम

एजेंसी



**जापान।** भारतीय हॉकी टीम जूनियर विमेंस एशिया कप के फाइनल में पहुंच गई है। शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मैच में जापान को 1-0 से हराया। मैच का एकमात्र गोल भारत की ओर से किया गया। भारत के लिए सुनीता टोपो ने 47वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, जो अंत तक बरकरार रही। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम जूनियर वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। जूनियर वर्ल्ड कप इस साल 29 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच चिली में आयोजित किया जाएगा।

### लीग में टॉप रही भारतीय टीम

इससे पहले भारतीय टीम ने लीग में मुकाबले में पॉइंट टेबल में टॉप में रही थी। लीग में खेले 4 मैचों में से भारत ने 3 जीते जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। भारतीय टीम ने लीग में अपने पहले मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 22-0 से हराया। वहीं दूसरे मुकाबले में मलेशिया को 2-1 से हराया। जबकि तीसरे मुकाबले में कोरिया के साथ ड्रॉ रहा। वहीं आखिरी लीग मैच में चीनी ताइपे को 11-0 से हराया।

### 10 टीमें ले रही हैं भाग

11 जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट 10 टीमें भाग ले रही हैं। भारतीय टीम के साथ ही चार अन्य टीमों को उनकी वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर अंडर -21 हॉकी टूर्नामेंट में सीधा प्रवेश मिला है, जिनमें चीन, कोरिया, जापान और मलेशिया की टीमें शामिल हैं। बाकी पांच टीमें कजाकिस्तान, हांगकांग, चीनी ताइपे, उज्बेकिस्तान और इंडोनेशिया ने पिछले साल अक्टूबर में कजाकिस्तान में आयोजित महिला जूनियर कप के जरिए इस टूर्नामेंट में क्वालिफाई किया है।

## झारखंड कबड्डी टीम में खूंटी के शिबू और अंजनी का चयन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा प्रखंड के जारी गांव के राजेश उरांव की पुत्री अंजनी उरांव और कर्रा प्रखंड के दिवरी गांव के दशो होरो के पुत्र शिबू होरो का चयन झारखंड कबड्डी टीम में हुआ है। पहले जनजातीय खेल महोत्सव 2023 के लिए झारखंड टीम में इन खिलाड़ियों का चयन हुआ। महोत्सव का आयोजन नौ से 12 जून तक ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह जानकारी खूंटी जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष और मुख्य कोच शिव कुमार महतो, सचिव सुमित कुमार और कोषाध्यक्ष सीता कुमारी ने दी।

### डोमनडीह निवासी सनातन हेंब्रम की शिकायत पर एसीबी की टीम ने की कार्रवाई

# गोविंदपुर अंचल कार्यालय के बड़ा बाबू 15 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**पहली किस्त के रूप में ले रहे थे 15 हजार रुपये**

## 28 एकड़ जमीन की रसीद काटने के लिए मांगे थे दो लाख 80 हजार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के गोविंदपुर अंचल कार्यालय के बड़ा बाबू परमानंद शर्मा को जमीन की रसीद काटने के बदले 15 हजार रुपये रिश्वत लेते एसीबी की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पूरे कार्यालय में हड़कंप मच गया। इस बाबत एसीबी के डीएसपी नितिन खंडेलवाल ने पत्रकारों को बताया कि गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत डोमनडीह के रहने वाले सनातन हेम्ब्रम की शिकायत पर उक्त कारवाई की गई है। सनातन का 28 एकड़ जमीन है। जिसकी रशिद काटे जाने के एवज में परमानंद ने सनातन से प्रति एकड़ 10 हजार रुपये के हिसाब से दो लाख 80 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। जिसकी पहली किश्त शनिवार को देने के लिए सनातन अंचल कार्यालय पहुंचे थे। पर जैसे ही परमानंद ने रिश्वत की रकम अपने हाथ में ली वैसे ही पहले से जाल बिछा कर बैठी एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। परमानंद के गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम ने उसके आवास पर भी छापामारी की जहां से टीम ने कुछ नकद भी बरामद किया है। उसके बाद परमानंद को एसीबी की टीम धनबाद स्थित अपने कार्यालय ले गयी, जहां से कागजी कार्रवाई पूरी कर जेल भेज दिया गया।



गोविंदपुर अंचल के बड़ा बाबू परमानंद शर्मा को गिरफ्तार कर ले जाती एसीबी की टीम।

# आस्था जताने वाले मजदूर भाइयों के विश्वास पर खरा उतरूंगी : रागिनी

### 277 मजदूरों ने थामा जनता श्रमिक संघ का दामन



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार/झरिया।** मजदूरों की हमेशा आवाज रही और सुख दुःख में हमेशा साथ चलने वाली रागिनी सिंह पर आस्था और विश्वास जताते हुए जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) और (बच्चा गुट) सहित विभिन्न संगठनों के 277 मजदूरों ने जनता श्रमिक संघ का दामन थामा। शनिवार को मजदूरों के सम्मान में बस्ताकोला विक्ट्री कोलियरी में स्वागत सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनता श्रमिक संघ की महामंत्री रागिनी सिंह भी शामिल हुई। उन्होंने सभी मजदूरों को माला पहना कर संगठन में स्वागत किया। रागिनी सिंह ने कहा जिस तरह से हमारे ससुर स्व सूर्यदेव सिंह मजदूरों की लड़ाई ईमानदारी से लड़े हैं, मैं भी मजदूरों की लड़ाई ईमानदारी से लड़ रही हूं और आगे भी लड़ूंगी। मजदूर भाईयों ने जनता श्रमिक संघ पर विश्वास जताया है उनके विश्वास पर खरा उतरूंगी। मजदूरों को किसी प्रकार की कोई भी परेशानी हुई तो जनता श्रमिक संघ बर्दास्त नहीं करेगा। विक्ट्री कोलियरी में कार्यरत मजदूरों की जो भी समस्या है बीसीसीएल के सीएमडी से मिलकर उनकी समस्याओं का निदान कराया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल नोनिया और संचालन दिनेश पासवान ने की।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## साकार मास ज्वाइंट वेंचर के मजदूरों संग आजसू जिलाध्यक्ष ने की बैठक



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** एकड़ा बस्ती स्थित आजसू के जिलाध्यक्ष मंटू महतो ने अपने आवासीय कार्यालय में साकार मास ज्वाइंट बेंचर के मजदूरों के साथ बैठक की। मंटू महतो ने कहा कि सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय में 20 अक्टूबर 2022 को हुई वार्ता के अनुसार कंपनी मजदूरों को शीघ्र काम पर वापस ले। मजदूरों के ग्रेच्युटी का भुगतान उनके एकाउंट में करे। आरोप लगाया कि एचपीसी के अनुसार कम वेतन भुगतान किया गया। 26 दिन के बजाय 20 दिन का ही वेतन भुगतान किया गया था। अब बकाया राशि, मंहगाई भत्ता का अंतर राशि का भुगतान, कंपनी क्लोजर के साथ मजदूरों के तीन माह का भुगतान, मजदूरों को बिना कारण जितने महीने बैठा कर रखा गया उसका भुगतान आदि मामलों को लेकर लेबर कोर्ट में वाद दायर किया गया है। कोर्ट में सभी मामलों का शीघ्र निष्पादन होने के करीब है। इन मामलों के लिए एक दिवसीय धरना भी दिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता अनिल वर्मा और संचालन दीपक पासवान ने किया। इस मौके पर रमेश सिंह, विनोद सिंह, प्रेम राजभर, गुड्डू पासवान, दीपक पासवान, मुकेश पासवान, अजय रवानी, वैजनाथ राम, दीपक रवानी, दीपक दास, बालेश्वर पांडे, इंद्रजीत महतो, हरेंद्र सिंह, सिविल सिंह, प्रमोद चौधुरी, शंकर राणा, चिंटू गुप्ता, मदन मल्लाह, सुभाष महतो और धर्मदीप सोनार आदि मौजूद थे।

## मीट की दुकान में सेंधमारी कर नगदी और 10 खस्सी की हुई चोरी, जांच शुरू

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** सेन्द्रा स्थित हिंदु मीट की दुकान में शुक्रवार की रात चोरों ने सेंधमारी कर वहां से 10 खस्सी चोरी कर ली, जिसकी कीमत करीब एक लाख रुपए बतायी जा रही है। दुकानदार नरेश मंडल ने लोयाबाद पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की रात मीट दुकान के पीछे की दिवार में सेंधमारी कर चोरों ने खस्सी चोरी कर लिया। बगल के घर में दुकानदार अपने परिवार के साथ सोया हुआ था, लेकिन उसको चोरी की भनक तक नहीं लगी। उधर, घटना की सूचना पाकर लोयाबाद थाना प्रभारी विकाश कुमार यादव मौके पर पहुंचे और छानबीन की। थाना प्रभारी ने कहा कि दुकानदार की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि इससे पूर्व भी लोयाबाद थाना क्षेत्र के मदनाडीह और छह नंबर में बकरी, खस्सी चोरी की घटना हो चुकी है, पर पुलिस अब तक किसी भी मामले का उद्भेदन नहीं कर सकी है।

## बोकारो इस्पात संयंत्र में 51 साल पुराने गैस नेटवर्क की व्यापक मरम्मत और शोधन कार्य की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** इस्पात संयंत्र के ऊर्जा प्रबंधन विभाग की ओर से 51 साल पुराने गैस नेटवर्क के मरम्मत एवं शोधन के कार्य का शुभारंभ अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी ने किया। ब्लास्ट फर्नेस और कोक ओवेन के पुराने गैस नेटवर्क का व्यापक सफाई और मरम्मत कार्य के साथ ही पुराने कंपन्सेटर को बदलने का कार्य भी किया जा रहा है। इस कार्य के सम्पादन से रोलिंग मिल और दूसरे उत्पादन विभाग को निरंतर निर्बाध रूप से गैस की सप्लाइ मिलेगी जिससे कि बोकारो इस्पात संयंत्र की उत्पादन क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी। इस कार्य को मेसर्स टेकमेक इंटरप्राइसेज और मेसर्स जुपिटर इंजीनियरिंग की ओर से ऊर्जा प्रबंधन विभाग की कड़ी निगरानी में किया जा रहा है। चूंकि यह कार्य विषाक्त एवं ज्वलनशील गैस से जुड़ा हुआ है, अतः ऊर्जा प्रबंधन विभाग के मुख्य महाप्रबंधक गुलशन कुमार ने सुरक्षा शपथ के साथ कार्य को शुरू कराया। साथ ही इस कार्य से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति से सुरक्षा के सभी मानकों के अनुपालन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (उपयोगिताएं) पीके बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (एचएसएम) आलोक वर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (एस एंड एफ) जेवी शेखर, महाप्रबंधक (सीओ एंड सीसी) पीएस कुमार, महाप्रबंधक (इएमडी) पीके भुईन, महाप्रबंधक (इएमडी) ओ बनर्जी, महाप्रबंधक (इएमडी) पी मंडल, उप महाप्रबंधक (इएमडी) संजय एवं ऊर्जा प्रबंधन विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## खाली पड़े भवन को बीसीसीएल ने तोड़ा

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)। लोहा चोरी से परेशान कनकनी कोलियरी प्रबंधन ने शनिवार को सेन्द्रा चार नंबर स्थित एक खाली पड़े भवन को पेलोडर लगाकर ध्वस्त कर दिया। उक्त भवन के कमरे से चोरों ने लोहे का गाटर और खिड़की चोरी कर लिया था। ईंट और लोह सामग्री भी चोरी की जा रही थी। उधर, चोरों ने सेंद्रा स्थित पार्षद कार्यालय के लोहा का गेट भी चोरी कर लिया है। एक माह पूर्व भी चोरों ने सेन्द्रा स्थित कनकनी कोलियरी कार्यशाला से लौह सामग्री चोरी कर ली थी।**

## झारखंड में जदयू हो रहा मजबूत : दीप नारायण



**कतरास (आजाद सिपाही)।** श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने तोपचांची, खरियो निवासी सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल चंद्र रजवार एवं बाघमारा, फुलारीटांड निवासी सामाजिक कार्यकर्ता संजीत यादव को पार्टी में शामिल किया। उन्होंने पार्टी में शामिल होने पर बधाई देते हुए कहा कि आज पूरे झारखंड में जदयू मजबूत हो रही है। पार्टी में सामाजिक कार्यकर्ता और युवा बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं। आने वाले समय में जदयू झारखंड में युवाओं को रोजगार मिले इसके लिए संघर्ष किया जाएगा। मौके पर गोपाल चंद्र गोप, इंदल सिंह, प्रकाश मंडल, महेंद्र मोहली आदि थे।

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(Govt. of Jharkhand Undertaking)**
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No: - JUIDCO/NIT/PPP/ISBTRanchi/539 Date: 9th June, 2023
Tender ID: - 2023_UDD_70374_1 PR No.: 296132

**Corrigendum- 2**

All bidders are hereby announced that Corrigendum- 2 is released for tender having details as mentioned above for "Development of Inter-State Bus Terminal at Ranchi in Jharkhand on PPP Basis". The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.

Note: Corrigendum- 02 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e., (https://jharkhandtenders.gov.in)

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 299767 Urban Development and Housing(23-24).D

झारखंड सरकार श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कैथा, रामगढ़।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानामें में शैक्षणिक सत्र 2023–24–25 में नामांकन से संबंधित सूचना

1. एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, रॉची के पत्रांक– 857 दिनांक– 31.05.2023 के आलोक में निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग रॉची द्वारा NCVT से मान्यता प्राप्त राज्य के सभी सरकारी (LWE सहित), निजी, पी0पी0पी0, सी0एस0आर0 एवं टी0एस0पर0 मोड पर संचालित औधोगिक प्रशिक्षण संस्थानामें के शैक्षणिक सत्र 2023–24–25 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते है और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते है, ऑनलाईन (http://iti.jharkhand.gov.in Admission Tab) आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:–
(क) सीट मेटल वर्कर, वायरमैन, मेशन (बिल्डिंग कन्स्ट्रक्टर), पलम्बर, वेल्डर, वेल्डर (GMAW & GTAW), वेल्डर (Fabrication & Fitting), सीविंग टेक्नोलॉजी, कारपेन्टर (New Name& Wood Work Technician), सर्फेश अर्नामेंटेशन टेकनिक्स एवं वीबिंग टेक्नीशियन फॉर सिल्क एण्ड वुलन फैब्रिक्स व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदन की आठवीं (8वी) कक्षा उत्तीणता आवश्यक है।
(ख) उपरोक्त कंडिका में अंकित व्यवसायों को छोड़कर शेश अन्य सभी व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को दसवी (10वी) कक्षा उत्तीणता आवश्यक है।
3. महत्वपूर्ण तिथियॉ :–

| क्र0सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 15.06.2023 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 05.07.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक |
| 03 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवी कक्षा) का प्रकाशन | 08.07.2023 अपराह्न 06:00 बजे तक |
| 04 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि | 10.07.2023 से 12.07.2023 |
| 05 | अंतिम मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवी कक्षा) का प्रकाशन | 14.07.2023 |

4. डी0जी0टी0 के पत्रांक– DGT-Aff 011/1@2023-O/o DIR(C) दिनांक 27.04.2023 के आलोक में औधोगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैध मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई0डी0 एवं आधार नम्बर आवश्यक है तथा National Trade Certificate (NTC) उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्त्तण करने की अनुमति नहीं होगी।
5. नामांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Webportal (http://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है।
6. किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI Webportal के Grievance Section में टिकट raise किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मो0 नं0 1800123444/9279316039/8252575749 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

विश्वासभाजन
प्राचार्य,
औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान, कैथा, रामगढ़

PR 299698 Labour Employment and Traning(23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना।

ई– निविदा संख्या :– **SD/LATEHAR/08/2023-24**

1. विभाग का नाम :– ग्रामीण विकास विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लातेहार।
वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **22-06-2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **26-06-2023** अपराह्न 06:00 बजे तक
4. जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार के कार्यालय में रखे बक्सा के माध्यम से निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकि योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय **27-06-2023** अपराह्न 3:30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **28-06-2023** पूर्वाह्न 02:00 बजे।
6. संवेदक को 05 वर्श की अवधि तक मरम्मत एवं रख–रखाव हेतु सहमति पत्र सपथ पत्र के माध्यम से देना अनिवार्य होगा।
7- Defects Liability Period (DLP) के लिए 10% की राशि सुरक्षित रखी जायेगी। 05 वर्श की अवधि पूर्ण होने के उपरांत राशि का भुगतान किया जायेगा। साथ–ही–साथ उपायुक्त, लातेहार के ज्ञापांक–102 दिनांक–31.05.2023 एवं ज्ञापांक–103 दिनांक–31.05.2023 के अन्य शर्ते भी संवेदक को मान्य होगा।
8. कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | निविदा शुल्क | अग्रधन की राषि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा ग्राम ब्रहमणी में NH 75 से बरवाडीह रामदेव भुईया के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (0.00 कि0मी0 से 0.50 कि0मी0 तक) पार्ट–1 | 23,82,555 | 5,000 | 48,000 | 4 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा ग्राम ब्रहमणी में NH 75 से बरवाडीह रामदेव भुईया के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (0.50 कि0मी0 से 1.00 कि0मी0 तक) पार्ट–2 | 23,82,555 | 5,000 | 48,000 | 4 माह |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा ग्राम ब्रहमणी में NH 75 से बरवाडीह रामदेव भुईया के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (1.00 कि0मी0 से 1.50 कि0मी0 तक) पार्ट–3 | 23,82,555 | 5,000 | 48,000 | 4 माह |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के ग्राम मंगरा रेलवे धरधरी पुल से अमडीहा देवी मण्डप भाया कल्याणपुर मेलाटाड़ होते हुए कंचनपुर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (0.00 कि0मी0 से 0.50 कि0मी0 तक) पार्ट–1 | 23,82,555 | 5,000 | 48,000 | 4 माह |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के ग्राम मंगरा रेलवे धरधरी पुल से अमडीहा देवी मण्डप भाया कल्याणपुर मेलाटाड़ होते हुए कंचनपुर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (0.50 कि0मी0 से 1.00 कि0मी0 तक) पार्ट–2 | 23,82,555 | 5,000 | 48,000 | 4 माह |
| 6 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के ग्राम मंगरा रेलवे धरधरी पुल से अमडीहा देवी मण्डप भाया कल्याणपुर मेलाटाड़ होते हुए कंचनपुर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (1.00 कि0मी0 से 1.50 कि0मी0 तक) पार्ट–3 | 23,82,555 | 5,000 | 48,000 | 4 माह |
| 7 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के ग्राम मंगरा रेलवे धरधरी पुल से अमडीहा देवी मण्डप भाया कल्याणपुर मेलाटाड़ होते हुए कंचनपुर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (1.50 कि0मी0 से 2.00 कि0मी0 तक) पार्ट–4 | 23,82,555 | 5,000 | 48,000 | 4 माह |

नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या https://latehar.nic.in या www.jharkhandtender.gov.in पर देखे।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

PR 299723 Rural Development(23-24)D

### जलापूर्ति नहीं होने से टूट रहा लोगों के सब्र का बांध, अधिकारी गिना रहे समस्याएं

# भीषण गर्मी में भी पीने के पानी के लिए दर-दर भटक रही लोयाबाद की 25 हजार की आबादी

रत्नेश पांडेय

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** झमाडा की पेय जलापूर्ति एकबार फिर ठप हो गई है। सात दिनों से करीब 25 हजार आबादी पीने के पानी के लिए हलकान है। विभाग की मानें तो और आठ दिन इंतजार करना होगा। लोयाबाद, मदनाडीह, हटिया, दुर्गामंदिर कॉलोनी, नया धौड़ा, लोयाबाद सात नंबर आदि जगहों के लोग पेयजल को लेकर परेशान है। पानी की जुगत में लोग दूर-दूर भटक रहे हैं। प्रतिदिन ग्रामीण जलापूर्ति के इंतजार में बैठकर खाली बर्तन लेकर लौट जा रहा है। करकेंद जलमीनार से लोयाबाद की जलापूर्ति की जाती है। पूर्व में वहां का मोटर खराब होना कारण बताया गया था। फरवरी महीने में मरम्मत के लिए गया मोटर दो महीने बाद यानी अप्रैल में बनकर आया, लेकिन एक महीने के अंदर दोबारा खराब हो गया। उसके बाद कभी बिजली की समस्या तो कभी अन्य तकनीकी खराबी कारण बन जाती है और अब पाईप लीकेज और लो प्रेशर की समस्याएं भी कारण बन गयी है। दूसरी ओर, झमाडा की लचर व्यवस्था से नाराज लोयाबाद चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं उपभोक्ताओं ने 13 अप्रैल को सड़क जाम कर दिया था। तब लोयाबाद पुलिस झमाडा के कर्मचारियों से वार्ता कराकर मामले को शांत कराया था। झमाडा कर्मचारियों ने तीन दिन में पांच घंटे पानी देने का वादा किया था, लेकिन झमाडा कर्मचारियों का वादा कोरा साबित हुआ। लोयाबाद की जनता आज भी पेयजल की समस्या से जूझ रही है।



### लोयाबाद चेंबर ने लगाया सौतेला व्यवहार का आरोप

**लोयाबाद चेंबर के अध्यक्ष राजकुमार महतो व सचिव सुनील पांडेय ने कहा कि अब बर्दास्त से बाहर हो गया है। अधिकारी लोयाबाद के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। सप्ताह में जलापूर्ति होती है। गर्मी में पेयजलापूर्ति की समस्या लोगों के लिये मुसीबत बन गयी है। सड़क जाम के दौरान कहा गया था कि अब पेयजलापूर्ति सुचारू रहेगा लेकिन झमाडा का वादा खिलाफी रुक नहीं रहा।**

**- जामाडोबा की पाईप लाईन में जगह-जगह लीकेज है। प्रेशर से टूट जा रहा है। काम के लिए फाइल तैयार है। एमडी बाहर हैं। आज आने वाले हैं। फाइल पर दस्तखत होते ही काम शुरू हो जायेगा। पर प्रक्रिया पूरी होने में आठ दिन और लग जाएगा। तब तक थोड़ा-थोड़ा पानी मिलेगा।**
***- मनोज कुमार, एसडीओ कुसुंडा झमाडा।***

## भुवनेश्वर भंजकला मंडप में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना

# मंच पर ही गिर कर दम तोड़ दिया भरतनाट्यम गुरु ने

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भंजकला मंडप में भारतनाट्यम नृत्य गुरु मंच पर गिर पड़े और उनकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम भुवनेश्वर भंजकला मंडप में श्री जयदेव राष्ट्रीय समारोह एवं नवीन कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मलेशिया के भारतनाट्यम गुरु श्रीगणेशन मंच में दीप प्रज्वलित के दौरान मंच पर गिर पड़े। कार्यक्रम में राज्य और राज्य के बाहर के कई प्रमुख नृत्य गुरु भाग ले रहे थे। कार्यक्रम में कई विदेशी



नृत्य शिल्पी ने भी शिरकत की और डांस परफॉर्म किया। शुक्रवार को शाम का तीसरा कार्यक्रम था। हालांकि पहले चरण में मलेशिया के भारत नाट्यम नृत्य गुरु श्रीगणेशन नृत्य का प्रदर्शन कर रहे थे। गुरु के नृत्य को देख दर्शक भी मंत्रमुग्ध हो गये। हालांकि कुछ देर बाद कार्यक्रम का विरति लिया गया था।

दूसरे चरण की नृत्य प्रस्तुति के बाद दीप प्रज्वलित कार्यक्रम किया गया। हालांकि, दीप जलाते समय गुरु श्रीगणेश मंच पर गिर पड़े। उसे तुरंत कैपिटल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। श्रीगणेशन के निधन से शोक का माहौल बन गया है।

# भारत ने खाद्य उत्पादन में दर्ज की उल्लेखनीय वृद्धि

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वर्ष 2022-23 के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार भारत की प्रमुख फसलों का उत्पादन 3305.34 लाख टन होने की उम्मीद है, जो 2013-14 की तुलना में 650 लाख टन से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है, जब खाद्यान्न का उत्पादन 2650.47 लाख टन हुआ था।

पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने चावल, गेहूं, मक्का, अनाज और दाल जैसी कई प्रमुख फसलों के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को इंटरनेशनल मिलेट इयर ('अंतर्राष्ट्रीय श्रीअन्न वर्ष') घोषित किया गया है। कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि खाद्य सुरक्षा को बढ़ाने और किसानों की आर्थिक सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके अलावा, मोटे अनाज के उत्पादन में वृद्धि देश में पौष्टिक अनाज को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित करती है। सरकार की किसान-हितैषी नीतियों एवं किसानों और वैज्ञानिकों के समर्पण से भारत आने वाले वर्षों में कृषि के क्षेत्र में निरंतर वृद्धि एवं विकास के लिए तैयार है। ये अनुमान भारत के कृषि क्षेत्र की प्रगति और क्षमता के एक महत्वपूर्ण संकेतक के रूप में कार्य करते हैं, जो कृषि उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के साथ-साथ किसानों की आय को दोगुना करने की देश की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है।

# 17 को ओड़िशा आयेंगे अमित शाह

## ढेंकनाल महा कार्यक्रम में शामिल होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 17 को ओड़िशा का दौरा करेंगे। इस बार उनका ढेंकानाल जिला जाने का कार्यक्रम है। ढेंकानाल महाजनसंपर्क कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह यात्रा ढेंकानाल से शुरू होगी। बीजेपी साधारण संपादक पृथ्वीराज हरिचंदन ने इसकी जानकारी दी।

आम चुनाव के लिए अभी एक साल बाकी है, लेकिन राजनीति अभी से ही शुरू हो चुकी है। मतदाताओं को लुभाने के लिए अलग-अलग पार्टियां तरह-तरह की वादे कर रही हैं। ढेंकानाल और संबलपुर अब भाजपा के निशाने पर हैं। इसलिए अमित शाह



17 तारीख को एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे और महाजनसंपर्क अभियान से सामिल होंगे। अमित शाह भाजपा कार्यकर्ताओं को गुरुमंत्र देंगे और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से चर्चा कर उसी दिन लौटेंगे। भाजपा सरकार की 9वीं वर्षगांठ के मौके पर पार्टी देशभर में जनसंपर्क अभियान चला रही है। इस कार्यक्रम में ओडिशा में चार सभाएं होंगी।

# खतरनाक होगा बिपरजॉय तूफान

**80 से 120 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं, एक-दो दिन में गुजरात पहुंचेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अरब सागर में आ रहा चक्रवात बिपरजॉय अगले 24 घंटे में और खतरनाक होने का अनुमान है। भारतीय मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि यह अरब सागर में उत्तर-उत्तर पूर्वी तरफ बढ़ रहा है। रविवार या सोमवार तक इसके गुजरात पहुंचने की संभावना है। 10 से 12 जून तक 80 से 120 किमी/घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इसके चलते आइएमडी ने गुजरात, केरल, कर्नाटक और लक्षद्वीप में मछुआरों को समुद्र में जाने से मना किया गया है। गुजरात के वलसाड में तीथल बीच को 14 जून तक के लिए बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**गुजरात के पोरबंदर से 640 किमी दूर है तूफान का केंद्र :** मौसम विभाग ने बताया कि फिलहाल बिपरजॉय तूफान गुजरात के पोरबंदर से 640 किमी दक्षिण-दक्षिणपश्चिम में केंद्रित है। तूफान के रविवार या सोमवार तक दक्षिण गुजरात पहुंचने की संभावना है। इसके चलते मछुआरों को तट पर लौटने को कहा गया था और सभी बंदरगाहों को निर्देश दिये गये थे कि वे डिस्ट्रेस वॉर्निंग सिग्नल भेजें। सूरत के कलेक्टर ने बताया कि हम अलर्ट मोड पर हैं और सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे हेडक्वॉर्टर न छोड़ें। स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स टीमों को स्टैंडबाई मोड पर रखा गया है और तटीय इलाकों पर बसे गावों के लोगों को अलर्ट किया गया है।

## राज्य में अघोषित बिजली कटौती

# मुख्य प्रशासनिक सचिव ने 12 को आपात बैठक बुलायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य में अघोषित बिजली कटौती को लेकर मुख्य सचिव ने आपात बैठक बुलायी। मुख्य सचिव प्रदीप जेना ने सोमवार को बैठक बुलायी है। यह अहम बैठक लोक सेवा भवन में होगी। बताया गया है कि बैठक में राज्य की 4 वितरण कंपनियों के सीइओ को बुलाया गया है। चूंकि प्रदेश में बार-बार बिजली कटौती हो रही है, उन्हें कैसे दूर किया जाये, इस बैठक में समीक्षा की जायेगी। प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती की लगातार शिकायतें मिल रही हैं।

पिछले गुरुवार को भारी बारिश





के बाद राज्य के कई हिस्सों में बिजली गुल हो गयी थी। इसे लेकर मुख्य सचिव ने चिंता जतायी। उन्होंने बिजली विभाग को पूछा कि अगर काल बैशाखी में यही हाल रहा, तो तूफान आने की स्थिति में क्या स्थिति होगी।

# अरब सागर में नौसेना के सबसे बड़े अभ्यास में 35 फाइटर जेट, हेलिकॉप्टर और पनडुब्बियां शामिल

## अरब सागर में पहली बार आइएनएस विक्रमादित्य और विक्रांत एक साथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** हिंद महासागर में चीन के बढ़ते दखल का मुकाबला करने के लिए इंडियन नेवी ने शनिवार को अरब सागर में सबसे बड़ी एक्सरसाइज की। नेवी ने पहली बार अपने दोनों एयरक्राफ्ट कैरियर आइएनएस विक्रमादित्य और आइएनएस विक्रांत को एक साथ समुद्र में उतारा। इन एयरक्राफ्ट से मिग-29के सहित 35 लड़ाकू विमान भी उड़ाये गये। साथ ही समुद्र के अंदर अपनी शक्ति दिखाने के लिए इंडियन नेवी



ने सबमरीन की भी टेस्टिंग की।

**एक्सरसाइज में फाइटर जेट, हेलिकॉप्टर, सबमरीन शामिल :** भारतीय नौसेना की पिछले कुछ सालों में अब तक की यह सबसे बड़ी एक्सरसाइज है। मिग के अलावा भारतीय सेना के हेलिकॉप्टर एमएच60आर, कामोव, सी-किंग, चेतक और एएलएच ने भी उड़ान भरी। इसके अलावा रात में भी एयरक्राफ्ट कैरियर से लड़ाकू विमानों ने टेक ऑफ किया।

**नेवी ने कहा : हमारा मकसद समुद्री सीमा की सुरक्षा :** इंडियन नेवी के स्पोक्सपर्सन कमांडर विवेक मधवाल ने बताया- इंडियन नेवी ने यह एक्सरसाइज अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने, क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने और समुद्री सीमा की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की है।

# प्लेन हादसा के 40 दिनों बाद अमेजन जंगल में 4 बच्चे जिंदा मिले

## इनमें एक साल का बच्चा भी, सेना ने दूध की बोतल और पैरों के निशानों से खोजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोगोटा।** कोलंबिया के अमेजन के जंगलों में प्लेन क्रैश के 40 दिन बाद 4 बच्चों को जिंदा रेस्क्यू किया गया है। ये सभी भाई-बहन हैं। मिलिट्री जवानों को बच्चे कोलंबिया के कैक्वेटा और गुआवियारे प्रांत की सीमा पर शुक्रवार को मिले। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने इस दिन को मैजिकल डे बताया है। इन बच्चों की उम्र 13, 9, 4 और एक साल है। राष्ट्रपति ने मिलिट्री के जवानों के साथ इन बच्चों की तस्वीरें भी शेयर कीं। हादसा 1 मई को हुआ था। इस हादसे में पायलट समेत 3 लोगों की मौत हो गयी थी। इसमें इन बच्चों की मां भी शामिल थी। हादसे के बाद चारों बच्चे लापता हो गये थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोलंबिया सरकार और मिलिट्री ने बच्चों के रेस्क्यू के लिए ऑपरेशन होप शुरू किया था। सेसना 206 प्राइवेट प्लेन था और इसमें बच्चों समेत सात लोग सवार थे।



**जंगल के ऊपर हेलिकॉप्टर से सुनायी थी बच्चों की दादी की आवाज :** हादसे के बाद सरकार और मिलिट्री ने होप ऑपरेशन शुरू किया था। इस दौरान जंगल से बच्चों का सामान बरामद किया गया था। इसमें कैंची, दूध की बोतल, हेयर-टाई और टेम्पररी शेल्टर शामिल था। इसके अलावा कई जगहों पर बच्चों के पैरों के निशान भी नजर आये थे। सर्चिंग के दौरान मिलिट्री हेलिकॉप्टर से बच्चों की दादी की आवाज में एक रिकॉर्डेड मैसेज भी सुनाया गया था, जिससे बच्चे एक जगह रुक जायें या कोई सिग्नल दे सकें। इसके बाद 17 मई को रष्ट्रपति ने ट्वीट कर बच्चों के मिलने की बात कही थी। हालांकि सर्च ऑपरेशन में जुटी सेना ने इसकी पुष्टि नहीं की थी। उन्होंने कहा था कि अगर बच्चे किसी को मिले भी हैं, तो वो उनकी कस्टडी में नहीं हैं। इसके बाद कोलंबिया में राष्ट्रपति को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। वहां के लोगों ने सरकार पर बच्चों के मिलने की झूठी उम्मीद देने का आरोप लगाया था।

**16 दिन बाद मिला था प्लेन का मलबा, बच्चे लापता थे :** अधिकारियों ने बताया कि 1 मई को प्लेन अराराक्वारा से सैन जोस डेल ग्वावियारे जा रहा था। इसी बीच क्रैश हो गया था। हादसे के 16 दिन बाद यानी 16 मई को प्लेन का मलबा मिला था। हमें मलबे में पायलट समेत 3 शव मिले थे। इनमें से एक शव रानोक मुकुटुय नाम की महिला का था। ये ही 4 बच्चों की मां थी।

# गुजरात एटीएस ने पोरबंदर से 5 लोगों को गिरफ्तार किया

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस के एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने पोरबंदर से श्रीनगर के चार युवकों और सूरत की एक महिला को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक विदेशी नागरिक है। चारों के अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन आइएसआइएस (के) से लिंक हैं। महिला के पास से चार मोबाइल और अन्य डिजिटल डिवाइसेज भी बरामद की गयी है। गुजरात एटीएस के आइजी दीपेन भद्रन ने बताया कि गिरफ्तार पांचों शख्स आतंकी संगठन आइएसआइएस खुरासान के मॉड्यूल का हिस्सा हैं।

































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**